हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

अकेले खंडेलवाल ने दाखिल किया नामांकन मुख्यमंत्री डॉ. यादव बने प्रस्तावक

हितानंद का इशारा मिलते ही हेमंत का हाथ पकड़ कर मंच तक ले गए डॉ. यादव

विवके शेजवलकर, धर्मेंद्र प्रधान और सरोज पांडे के सामने दाखिल किया नामांकन





### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पसंद पर केंद्र ने लगाई मुहर

# विधायक हेमंत खंडेलवाल के हाथ प्रदेश भाजपा की 'कमान'

लखीराम अग्रवाल के बाद दूसरी बार वैश्य समाज से अध्यक्ष

20 साल बाद किसी सांसद को नहीं विधायक को बनाया अध्यक्ष

## अब सत्ता और संगठन दोनों जगह ही संघ की पसंद के चेहरे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

लंबे इंतजार के बाद अंततः मंगलवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिए चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हुई और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पसंद विधायक हेमंत खंडेलवाल के हाथ प्रदेश भाजपा की कमान सौंप दी गई। जैसे ही नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने इशारा किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अगली पंक्ति में बैठे हेमंत के पास पहुंचे और उनका हाथ पकड़ कर मंच तक ले गए। चुनाव अधिकारी विवक शेजवलकर, चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और पर्यवेक्षक सरोज पांडे के समक्ष हेमंत ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन फार्म में हेमंत के प्रस्तावक मुख्यमंत्री डॉ. यादव बने। एक ही नामांकन दाखिल होने के कारण हेमंत खंडेलवाल का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है।



सीएम डॉ. यादव ने भाजपा के चुनाव प्रभारी प्रधान को एक पत्र सौंपा, जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिए विधायक हेमंत खंडेलवाल के नाम का प्रस्ताव रखा गया।

### वीडी शर्मा की भूमिका क्या?

उनके योगदान को देखते हुए उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में जगह दी जा सकती है

वे या केंद्रीय मंत्रिमंडल या फिर मोहन मंत्रिमंडल में भी स्थान पा सकते हैं

### वीडी ने तोड़ा है पटवा का 'रिकॉर्ड'

वीडी शर्मा का चुनाव 2020 में हुआ था। उनका कार्यकाल 2023 में पूरा हो गया था लेकिन वे लगातार पद पर बने हुए हैं। पहले विधानसभा चुनाव के कारण उनका कार्यकाल बढ़ाया गया और इसके बाद लोकसभा चुनावों के कारण। इससे पहले सुंदरलाल पटवा सबसे ज्यादा समय तक प्रदेश अध्यक्ष रहे थे लेकिन वीडी ने उनका रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। वे 5 साल 4 महीने तक अध्यक्ष रहे। वीडी के कार्यकाल की उपलब्धियां कम नहीं हैं। 2019 में विधानसभा चुनाव में हार के बाद वीडी प्रदेश अध्यक्ष बने थे। इसके बाद भाजपा ने लगातार जीत दर्ज की। लोकसभा की सभी 29 सीटें जीतने के कारण वीडी का नाम इतिहास में दर्ज हो गया। पहले उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मिल कर विधानसभा चुनाव जीता, इसके बाद डॉ. मोहन यादव के साथ मिल कर लोकसभा का चुनाव। वीडी ने कई सफल राजनीतिक आयोजनों में अपनी प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया है।

### दर्जनों घरों में अचानक दस्तक दे देना और कुशलक्षेम पूछना, ये उनकी दिनचर्या

## संघ के बड़े पदाधिकारी ने कहा था हेमंत, आप भाजपा के असेट् हो

संजय द्विवेदी ▶▶बैतूल

एक सामान्य सी जिंदगी जीने वाले हेमंत खंडेलवाल आज भी अपने पुश्तैनी घर में ही निवास करते हैं, उन्हें सुख सुविधाओं वाले बंगले से कहीं ज्यादा इसी घर में आनंद की अनुभूति होती है। उनका आमजनता से आत्मीय लगाव हमेशा ही रहा है।

यही नहीं उनके धैर्य की चर्चा उस वक्त ज्यादा जोर पकड़ी जब वे राज्य मंत्रिमंडल में शामिल होते-होते रहे गए। इससे वे कदापि विचलित नहीं हुए। पार्टी के लिए वफादारी और उनकी जमीनी मेहनत रंग लाई और धीरे-धीरे उनका नाम प्रदेश अध्यक्ष के लिए उभरा और वे प्रदेश अध्यक्ष बन गए। दर्जनों घरों में अचानक दस्तक दे देना और कुशलक्षेम पूछना, ये उनकी दिनचर्या में शामिल था। यदि कोई सकारात्मक परिवर्तन देखें तो जिनसे दशकों से मतभेद, मनभेद भी रहे हों इसके बाद भी उसके पास जाना और खैरियत पूछना उनका स्वभाव रहा है। दिल खोलकर मदद करना और हर कार्यक्रम में आत्मीयता से शामिल होना उनके दैनिक जीवन का हिस्सा रहा है।

### इन राज्यों को भी मिले भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष

नई दिल्ली। महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। अब तक बीस राज्यों के चुनाव हो चुके हैं। अगले दो दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भी नए प्रदेश अध्यक्ष चुने जाएंगे।

### किसको किस राज्य की कमान



महेंद्र भट्ट, उत्तराखंड



रविंद्र चव्हाण, महाराष्ट्र



डॉ. राजीव बिंदल, हिमाचल



पीवीएन माधव, आंध्र



एन. रामचंद्र राव, तेलंगाना



के. बेचुआ, मिजोरम

### खंडेलवाल के आने से यह होगा?

## निगम-मंडलों में नियुक्तियां व मंत्रिमंडल विस्तार जल्द संभव

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही राजनीतिक नियुक्तियों का काम रुका हुआ है। उम्मीद है कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद यह काम जल्द शुरू होगा। निगम-मंडलों, आयोगों आदि में भाजपा नेताओं को समायोजित किया जाएगा। इसके साथ मंत्रिमंडल विस्तार भी जल्दी हो सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की टीम में 4 पद खाली हैं।

### कई दावेदारों को पीछे छोड़कर आगे निकले हेमंत

लगभग 6 माह पहले जब प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष को लेकर चुनाव की चर्चा शुरू हुई थी, तब से ही पार्टी के अन्य दिग्गजों के साथ हेमंत खंडेलवाल प्रमुख दावेदारों में शुमार थे। पहले हेमंत के साथ पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, अरविंद भदौरिया के नाम प्रमुख थे। इसके बाद आदिवासी वर्ग से फग्गन सिंह कुलस्ते, सुमेर सिंह सोलंकी, गजेंद्र सिंह पटेल और दुर्गादास उइके, महिला वर्ग की ओर से अर्चना चिटनीस, माया नारोलिया, अजा वर्ग से लाल सिंह आर्य और सामान्य वर्ग से गोपाल भार्गव, आलोक शर्मा आदि के नाम दावेदारों में जुड़ते गए। हालांकि, प्रारंभ में ही यह खबर आ गई थी कि केंद्रीय नेतृत्व ने हेमंत खंडेलवाल के नाम को हरी झंडी दे दी है।

चूंकि, मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पसंद के हेमंत प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बन रहे हैं, इसलिए संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल रहने की संभावना है। वीडी शर्मा के साथ भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अच्छा तालमेल रहा है। संगठन और सरकार के बीच तालमेल का यह सिलसिला और मजबूत होने की संभावना है।

संगठन और सरकार में और होगा बेहतर तालमेल

### हेमंत बैतूल से विधायक व जिलाध्यक्ष भी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने जा रहे हेमंत खंडेलवाल इस समय बैतूल से विधायक हैं। वे बैतूल से सांसद और प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष रहे विजय खंडेलवाल के पुत्र हैं। पिता के निधन के बाद 2008-09 में हुए लोकसभा के उप चुनाव में वे पहली बार सांसद बने थे। इसके बाद हेमंत 2013 में पहली बार और 2023 में दूसरी बार बैतूल से विधायक चुने गए। हेमंत प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष भी रहे हैं और बैतूल भाजपा के जिलाध्यक्ष भी। वे इस समय कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं। उनका परिवार प्रारंभ से संघ से जुड़ा रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### आई लव यू कहना, यौन उत्पीड़न नहीं: हाई कोर्ट



**नागपुर।** किसी युवती या महिला से सिर्फ 'आई लव यू' कहना यौन उत्पीड़न नहीं है, जब तक कि इन शब्दों के साथ ऐसा आचरण न हो जो स्पष्ट रूप से उस पुरुष के यौन इरादे को दर्शाता हो। बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने हाल ही में यह फैसला सुनाया है। पीठ ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ के कथित आरोपी को बरी कर दिया।

### अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था आज होगा रवाना



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को कश्मीर स्थित दो आधार शिविरों के लिए झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा दो रास्तों से शुरू होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को होगा।

### भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में होगा कार्यक्रम

# मुख्यमंत्री 4 जुलाई को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को वितरित करेंगे लैपटॉप

इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रुपए की राशि दी जा रही

इस योजना में मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपए की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिए उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 4 जुलाई को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप वितरित करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की इस योजना में मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपए की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिए उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रुपए की राशि दी जा रही है।

यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने मंत्रियों को कई अन्य मुद्दों की भी जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि सभी जिलों में जिला विकास सलाहकार समितियों का गठन किया जाएगा।

एक पेड़ मां के नाम अभियान 1 जुलाई से 15 सितंबर तक चलेगा

राज्य सरकार 7 जुलाई से 6 अगस्त तक करेगी मूंग और उड़द का उपार्जन



### अब तक एक हजार 80 करोड़ रुपए लैपटॉप के लिए दिए गए

अब देहदानियों-अंगदानियों के पार्थिव शरीर को दिया जाएगा गार्ड ऑफ ऑनर

कार्यक्रम में प्रदेश के 500 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे। प्रदेश में पिछले वर्ष 2023-24 में 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपए की राशि अंतरित की गई थी। प्रदेश में यह योजना वर्ष 2009-10 से संचालित हो रही है। पिछले करीब 15 वर्षों में इस योजना में 4 लाख 32 हजार 16 विद्यार्थियों के बैंक खातों में एक हजार 80 करोड़ 4 लाख रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप के लिए अंतरित की जा चुकी है। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में होने वाले कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहेंगे।

### देहदानियों-अंगदानियों के पार्थिव शरीर को सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देहदान या अंगदान करने वालों के परिजन को राज्य सरकार 26 जनवरी एवं 15 अगस्त के कार्यक्रमों में सम्मानित करेगी। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मृत्यु के बाद किसी को जीवन का उपहार देना सिर्फ दान नहीं, बल्कि यह अमरत्व प्रदान करने जैसा है।

### 100 नदियों के उदगम स्थलों पर 10-10 एकड़ भूमि पर पौधरोपण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की लगभग 100 नदियों के उद्गम स्थलों पर 10-10 एकड़ भूमि पर 42 करोड़ रुपए की लागत से पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक जुलाई से 15 सितंबर तक एक पेड़ मां के नाम अभियान आयोजित होगा, जिसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, वन, उद्यानिकी सहित सभी विभाग जनसहभागिता से संचालित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया जाना है। समिति में सांसद, विधायक, पंचायत तथा नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ ही चिकित्सा, विधि, इंजीनियरिंग, समाज सेवा, कृषि, उद्यानिकी डेयरी आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञ और प्रख्यातजन शामिल होंगे।

### शुक्ल बोले-ईएनसी पर उचित कार्रवाई होगी

## मंत्री संपतिया उईके ने कहा कि मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है

▪ पूर्व विधायक ने लगाया था घूस लेने का आरोप

भोपाल। पीएचई मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि मुझे बेवजह प्रताड़ित किया जा रहा है। हमारी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार है। यदि किसी के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो उसकी जांच जरूर होती है। मंत्री उईके ने बताया कि वह इस मुद्दे को कैबिनेट बैठक में भी उठाएंगी और प्रेस वार्ता कर एक-एक सवाल का जवाब देंगी। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पीएचई मंत्री संपतिया उईके पर लगे आरोपों पर कहा कि बहुत सारे ऐसे लोग घूम रहे हैं, जिनके आरोप लगाने के अपने तरीके हैं।






पहाड़ में बादलों की दहाड़

# मंडी में 13 घंटे में 11 बार बादल फटे, 4 की मौत व 18 लापता

*हिमाचल प्रदेश में 11 दिनों में 50 के करीब लोगों की मौत। 277 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन ने बताया कि चंबा में 3, मंडी में 233 और हमीपुर में 51 लोगों को बचाया गया है। फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड में 10 घर, 12 गोशालाएं जमींदोज हो गई हैं। चंबा, हमीरपुर और किन्नौर में लोगों को रेस्क्यू किया गया*

एजेंसी ⏭ मंडी

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से खासा नुकसान हुआ है। आपदा प्रबंधन ने बीते 13 घंटे में हुए नुकसान की रिपोर्ट जारी की है। इसमें 4 लोगों की मौत हुई है, जबकि 18 लोग लापता हैं और 277 लोगों को सुरक्षित बचाया गया ह। राज्य आपदा प्रबंधन ने बताया कि चंबा में 3, मंडी में 233 और हमीपुर में 51 लोगों को बचाया गया है। वहीं, फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड में 10 घर, 12 गोशालाएं जमींदोज हो गई हैं। मंडी जिले के अलावा, चंबा, हमीरपुर और किन्नौर में लोगों को रेस्क्यू किया गया है।



### सुख्खू का दावा-800 करोड़ का प्रारंभिक नुकसान

हमीरपुर दौरे पर गए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि बीती रात मंडी जिले में 8 स्थानों पर बादल फटने की घटनाएं हुई हैं, जिससे प्रदेश को अब तक लगभग 800 करोड़ रुपए का प्रारंभिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी उफान पर है, और नादौन में नदी किनारे एक महिला का शव बरामद हुआ है। राज्य के विभिन्न हिस्सों से लगातार नुकसान की सूचनाएं मिल रही हैं। आपदा प्रबंधन ने अब तक 129 करोड़ रुपये के नुकसान की जानकारी दी है। अब तक प्रदेश में मानसून के 11 दिनों में 50 लोगों की मौत हुई, इसमें सड़क हादसे भी शामिल हैं।



### पावर प्रोजेक्ट्स ठप

उन्होंने बताया कि प्रदेश के अधिकांश राष्ट्रीय राजमार्ग सुचारू रूप से चालू हैं और लोक निर्माण विभाग सड़कों की बहाली में दिन-रात जुटा हुआ है उन्होंने यह भी कहा कि बारिश के कारण सबसे ज्यादा नुकसान पावर प्रोजेक्ट्स को हुआ है।

### मंडी में कई की गई जान

*मंडी जिले में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। गोहर, बगस्याड, धर्मपुर के कुछ इलाकों में बादल फटने की घटनाए सामने आई हैं। 30 घटों में बरसात ने 2023 की आपदा की याद दिला दी है। अब तक 170 लोगों का रेस्क्यू किया गया है।*

### बालासोर में बाढ़ की स्थिति गंभीर, कई गांव डूबे

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में मंगलवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही और जिले के उत्तरी हिस्सों में लगभग 100 गांवों के लोग जलमग्न सड़कों और खेतों के कारण बेहाल हैं। अधिकारियों ने बताया कि हालिया भारी बारिश और झारखंड से पानी छोड़े जाने के कारण स्वर्णरेखा नदी में आई बाढ़ की वजह से भोगराई, बलियापाल, जलेश्वर और बस्ता प्रखंड के गांव प्रभावित हुए हैं।

### देश के कई राज्यों में अलर्ट

*नई दिल्ली। भारतीय मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में अलर्ट जारी किया है। गुजरात में येलो अलर्ट है। यहां पर अहमदाबाद, अमरेली, आनंद, अरावली, बनासकांठा, भरूच, भावनगर, बोतड, छोटा उदयपुर, दाहोद, डांग, देवभूमि द्वारका, गांधीनगर भारी बारिश की आशंका है। यहां के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, कपूरथला, लुधियाना, मानसा, मोगा, श्री मुक्तसर साहिब, पठानकोट, पटियाला, अमृतसर, बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब, फिरोजपुर में पूरे दिन बरसात होने के आसार हैं इसलिए अलर्ट जारी किया गया है।कानपुर, आगरा, हमीरपुर, चित्रकूट, जालौन, जौनपुर, महोबा, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, वाराणसी, गाजीपुर, प्रयागराज, मेरठ, गोरखपुर, संत कबीर नगर,नोएडा, मथुरा में बारिश की आशंका व्यक्त की गई है और चेतावनी जारी की गई है।*

## खबर संक्षेप

### हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध पर एफआईआर दर्ज

**शिमला।** पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण



के अधिकारियों की ओर से ढली थाना में मामला दर्ज करवाया गया है। भट्टाकुफर में 5मंजिला भवन के ढहने के बाद सिंह निरीक्षण करने पर पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री सहित अन्य पर अधिकारियों से मारपीट का आरोप है।

### प्रदूषण कम करने दिल्ली में कृत्रिम बारिश की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत में पहली बार कृत्रिम बारिश कराए जाने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसकी



शुरुआत के लिए दिल्ली को चुना गया है। बताया गया कि दिल्ली सरकार 4 जुलाई से 11 जुलाई के बीच कृत्रिम वर्षा का ट्रायल करने की मंजूरी दे सकती है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा दूषित हवा को साफ करने की संभावनाओं को तलाशा जाएगा।

### दिल्ली में पुराने वाहनों को फ्यूल नहीं, 4 जब्त

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आज से अपनी उम्र पूरी कर चुके वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर



प्रतिबंध लगा दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने एक पेट्रोल पंप से दो एंड-ऑफ-लाइफ वाहन जब्त किए हैं। पेट्रोल पंपों पर एआई कैमरे और यातायात पुलिस को तैनात किया गया है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने कहा कि यहां से 2 बाइक जब्त की गई हैं।

### सीएम सरमा पर हमले की कोशिश, फेंकी बोतल

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा जब गोलाघाट दौरे पर थे, तभी उनके काफिले पर



एक बोतल फेंकी गई। ये घटना राजीव भवन के पास 30 जून को हुई, जहां कांग्रेस के कार्यकर्ता एक प्रोटेस्ट कर रहे थे। उनका विरोध गोमुखी डेयरी प्रोजेक्ट में गड़बड़ियों को लेकर था, जिसमें 90 गिर नस्ल की गायों की बिक्री को लेकर सवाल उठे हैं।

## कर्नाटक में कांग्रेस और भाजपा के बीच फिर जुबानी जंग छिड़ी

# प्रियांक बोले- कांग्रेस आई तो बैन कर देंगे संघ, भाजपा ने कहा-तो फिर माफी मांगेंगे

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक में कांग्रेस और भाजपा के बीच चल रही जुबानी जंग के बीच मंत्री प्रियांक खरगे ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) पर बैन लगाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र में कांग्रेस सरकार बनती है तो आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। खरगे ने एक्स पर कहा कि अगर हमारी सरकार केंद्र में सत्ता में आई तो हम आरएसएस पर प्रतिबंध लगा देंगे। उनके इस बयान ने तीखी बहस छेड़ दी है। उन्होंने कहा कि अन्ना जब भी आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया गया, आप माफी मांगते हुए वापस आए, कानून का पालन करने का वादा किया। सावरकर ने अंग्रेजों से भीख मांगी। आरएसएस ने सरदार पटेल से माफी मांगी और फिर इंदिरा गांधी से भी माफी मांगी। यह शॉर्ट मेमोरी है या एमनेसिया? मेरा विश्वास करो, जिस दिन लोग मुझे पर्याप्त शक्ति मिलेगी। मैं आरएसएस की जहरीली, राष्ट्र-विरोधी मशीनरी को नष्ट करने के लिए हर संवैधानिक टूल का उपयोग करूंगा। आरएसएस में कभी भी लोगों का सीधे सामना करने का साहस नहीं रहा. यह पर्दे के पीछे छिपकर काम करता है, संस्थानों को संक्रमित करता है, युवाओं को कट्टरपंथी बनाता है और नफरत को आउटसोर्स करता है। यह छाया में पनपता है।



### संघ गणतंत्र को खा रहा

उन्होंने कहा कि यह हमेशा एक कायर, राष्ट्र-विरोधी ताकत थी है और हमेशा रहेगी, एक परजीवी जो उसी गणतंत्र को खा रहा है जिसकी सेवा करने का यह दावा करता है। मुझे पता है कि आप परेशान होंगे कि मैंने आरएसएस को राष्ट्र-विरोधी कहा। कृपया खुद ही फैसला करें। बाबासाहेब आंबेडकर ने कहा था कि हिंदू धर्म फासीवादी और/या नाजी विचारधारा के समान ही एक राजनीतिक विचारधारा है और पूरी तरह से लोकतंत्र विरोधी है।

### ये संविधान की भावना को बदलना चाह रहे

आरएसएस पर संविधान की मूल भावना को बदलने का आरोप लगाते हुए प्रियांक ने कहा कि वो संविधान की मूल भावना को बदलना चाहते हैं। वो बार-बार ऐसे नैरेटिव को आगे बढ़ाते हैं जो संविधान के मूल सिद्धांतों के विपरीत हैं। आरएसएस ने संविधान को लेकर हमेशा सहमति नहीं दिखाई। यहां तक कि संविधान सभा की कार्यवाही के दौरान भी उनके विचारों में असहमति दिखी थी। उन्होंने संविधान को जला दिया।

### होसबाले के भाषण का भी किया जिक्र

आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले की टिप्पणी पर कहा कि यह बात



बिल्कुल साफ है कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने अपने आखिरी भाषण में बताया था कि असली राष्ट्र-विरोधी वही होते हैं जो जाति के आधार पर समाज में नफरत और दुश्मनी फैलाते हैं। जो लोग देश की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक तरक्की में रुकावट डालते हैं, वही लोग राष्ट्र के विरोधी हैं। समाज में सांप्रदायिक नफरत फैलाने वाले लोग राष्ट्र-विरोधी होते हैं।

### अशोक का पलटवार

### जवाबदेही की कमी में कुछ भी बोल रहे, किसने बार-बार माफी मांगी?

*प्रियांक खरगे के बयान पर भाजपा नेता आर अशोक ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आरएसएस के खिलाफ आपका तीखा हमला, माफी मांगने और वापस आने की घिसी-पिटी बयानबाजी को दोहराता है, जो आपकी अपनी*



*पार्टी के आश्चर्यजनक पाखंड को उजागर करता है। आप साहस और जवाबदेही की कमी के रूप में जो कुछ भी समझते हैं, उसके खिलाफ बोलते हैं, फिर भी अपने ही नेता राहुल गांधी की लगातार माफी के बारे में गहन और चुनिंदा भूलने की बीमारी से पीड़ित लगते हैं। वास्तव में कौन बार-बार इस देश की सर्वोच्च अदालतों के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए माफी मांगने के लिए मजबूर हुआ है? क्या यह राहुल नहीं हैं जिन्होंने 'चौकीदार चोर है' को गलत तरीके से अदालत के नाम से जोड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट में 'बिना शर्त माफी' प्रस्तुत की? उन्होंने सिर्फ माफी नहीं मांगी, उन्हें उसी संस्था ने चेतावनी दी थी जिसे वे बदनाम करने की कोशिश कर रहे थे।*

### प्रियांक ने नई बहस को दिया जन्म

कांग्रेस के सीनियर लीडर और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आरएसएस और भाजपा पर संविधान को न मानने और देश को बांटने का आरोप कई बार लगा चुके हैं.।वे लगातार आरएसएस की आलोचना करते नजर आए हैं। देश में एक तरफ संविधान बनाम मनुस्मृति की बहस के बीच प्रियंक ने देश में नई बहस शुरू कर दी। प्रियांक ने आरएसएस पर देशभर में प्रतिबंध लगाने की बात कहकर एक नई बहस खड़ी कर दी है।

### आरएसएस और देश के प्रति उनके योगदान पर बहस को तैयार

आरएसएस और देश के प्रति उनके योगदान पर कभी भी, कहीं भी बहस करने के लिए तैयार हैं। चूंकि आप दृढ़ विश्वास की बात कर रहे हैं, तो इसे साबित क्यों नहीं करते? अपने सभी शीर्ष भाजपा नेताओं के बच्चों की शाखाओं में गर्व से आरएसएस की वर्दी पहने हुए तस्वीरें पोस्ट करें। देश को भाजपा नेताओं का आरएसएस के प्रति दृढ़ विश्वास देखने दें।

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़

# ट्रिब्यूनल ने आरसीबी को जिम्मेदार माना, अनुमति भी नहीं ली गई थी



एजेंसी ⏭ चिन्नास्वामी

चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ केस में ट्रिब्यूनल की रिपोर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को ज़िम्मेदार ठहराया गया है। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें एक 14 वर्षीय बच्ची भी शामिल थी। पुलिसकर्मी भी इंसान हैं, उनके पास अलादीन का चिराग थोड़े है।

ट्रिब्यूनल ने कहा कि आरसीबी ने सोशल मीडिया पर बिना पुलिस की अनुमति के विजय जुलूस का आमंत्रण पोस्ट कर दिया, जिससे भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पुलिस के पास सुरक्षा इंतज़ाम के लिए पर्याप्त समय नहीं बचा। आदेश में साफ तौर पर लिखा गया कि आरसीबी ने पुलिस से कोई पूर्व अनुमति नहीं ली। अचानक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया और इसके चलते भीड़ जमा हो गई। ट्रिब्यूनल ने यह भी कहा कि महज 12 घंटे में पुलिस से पूरी व्यवस्था की उम्मीद नहीं की जा सकती।

### पुलिस भगवान या जादूगर तो नहीं

*ट्रिब्यूनल ने यह भी कहा कि पुलिसकर्मी भी इंसान हैं, न तो भगवान और न ही जादूगर। उनके पास 'अलादीन का चिराग' नहीं है, जिससे वे एक झटके में सारी व्यवस्थाएं कर दें। इसी मामले में निलंबित किए गए आईपीएस अधिकारी विकास कुमार विकास को बड़ी राहत मिली है। ट्रिब्यूनल ने उनके निलंबन को रद्द करते हुए कहा कि उनकी निलंबन अवधि को सेवा का हिस्सा माना जाए। विकास कुमार बेंगलुरु के वेस्ट जोन के एडीशनल कमिश्नर और स्टेडियम के प्रभारी थे। ट्रिब्यूनल ने कर्नाटक सरकार को सुझाव भी दिया है कि वह अन्य दो अधिकारियों के निलंबन पर पुनर्विचार करे।*

### निलंबन के लिए पर्याप्त सबूत नहीं

ट्रिब्यूनल ने कहा कि पुलिस अधिकारियों के निलंबन का निर्णय पर्याप्त सबूतों पर आधारित नहीं है। निर्णय के समय ऐसा कोई ठोस या ठोस आधार नहीं था जिससे यह साबित हो कि इन अधिकारियों की लापरवाही से यह हादसा हुआ। हालांकि,उसने यह भी जोड़ा कि यहअंतिम फैसला नहीं है। सरकार चाहे तो इस निर्णय को उच्च न्यायालय में चुनौती दे सकती है।

## केरल उच्च न्यायालय का फैसला

# रैगिंग मामले में राज्य सरकार 7 लाख का मुआवजा दे, हलफनामा पेश करे

एजेंसी ⏭ कोच्चि

केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह कथित रैगिंग के कारण हुई एक विद्यार्थी की मौत के मामले में राज्य मानवाधिकार आयोग द्वारा निर्धारित सात लाख का मुआवजा छात्र के परिवार को देने के लिए अदालत की रजिस्ट्री में जमा करे।

यह निर्देश राज्य सरकार की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया जिसमें पूकोडे पशु चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र सिद्धार्थन जेएस की मौत के मामले में आयोग द्वारा निर्धारित सात लाख



के मुआवजे को चुनौती दी गई थी। अदालत ने आदेश दिया कि यह राशि 10 दिन के भीतर जमा की जाए। आयोग के आदेश के खिलाफ याचिका दायर करने में हुई देरी पर भी सवाल उठाया और सरकार को निर्देश दिया कि वह देरी के कारणों को बताते हुए एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करे। मानवाधिकार आयोग ने मुआवजा देने को कहा था।

## कर्नाटक कांग्रेस सरकार में कड़वाहट खत्म!

# डीके ने कहा- किसी की सिफारिश की जरूरत नहीं, 2028 चुनाव मेरा एजेंडा

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के भीतर अंदरूनी कलह की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि कर्नाटक में पार्टी बड़ा बदलाव संभव है।

इस बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है और हम एकजुट हैं। शिवकुमार ने कहा कि मुझे अपने किसी भी विधायक से कोई सिफारिश नहीं चाहिए। मेरा कर्तव्य पार्टी के अनुशासन को और मजबूती देना है। हमें स्थानीय निकाय चुनाव और 2028 के विधानसभा चुनाव पर ध्यान केंद्रित करना है।



शिवकुमार ने कह कि मैं नहीं चाहता कि कोई विधायक बोले, जो लोग बहुत बोल रहे हैं, उनके खिलाफ पार्टी हाईकमान निश्चित रूप से कार्रवाई करेगा। मैं नहीं चाहता कि कोई मेरा समर्थन करे। हम आपस में चर्चा करेंगे और समस्याओं का समाधान करेंगे।

सीतारमण की पोस्ट पर बोले पीएम मोदी

# लद्दाख को मिली तरक्की की रफ्तार कनेक्टिविटी से विकास हो रहा अपार

## आज बढ़ती सुविधा से आवागमन सुगम बना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि लद्दाख को बेहतर कनेक्टिविटी और अधिक संसाधन उपलब्ध कराए जाने से केंद्र शासित प्रदेश को लाभ हो रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पीएम मोदी का यह बयान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की उस एक्स पोस्ट के जवाब में आया है, जो उन्होंने सुदूर हिमालयी क्षेत्र में विकास योजनाओं को लागू करने के लिए केंद्र की पहल के तहत लद्दाख की आधिकारिक यात्रा से लौटने के बाद लिखी थी। लोगों ने कहा कि पहले गांव पहुंचने में 6 घंटे लगते थे, लेकिन बेहतर कनेक्टिविटी के कारण अब यह समय घटकर 2 घंटे हो गया है।

### यह क्षेत्र प्रचुर संसाधनों से हो रहा लाभान्वित

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्री सीतारमण लिखती हैं कि कैसे बेहतर कनेक्टिविटी और लद्दाख



को उपलब्ध कराए जा रहे प्रचुर संसाधन केंद्र शासित प्रदेश को लाभ पहुंचा रहे हैं।वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि चुशूल शहर के पास एक दूरदराज के गांव से ताल्लुक रखने वाले हेमिस मठ के तुलकु (प्रशासनिक प्रमुख) ने मुझे बताया कि बेहतर कनेक्टिविटी के कारण उनके गांव तक की यात्रा का समय कुछ साल पहले के 6 घंटे से घटकर अब 2 घंटे रह गया है। यह हर जगह स्पष्ट है कि लद्दाख का केंद्र शासित प्रदेश उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे प्रचुर संसाधनों से लाभान्वित हो रहा है।

कोलकाता गैंगरेप मामले में छात्रा का आरोप

# मनोजीत ने की छेड़खानी, खौफ में थीं लड़कियां,15 छात्राएं शिकार

## विरोध करने पर दी परिवार को जान से मारने की धमकी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

गैंगरेप केस के मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा पर एक और छात्रा ने सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। पीड़िताने दावा किया कि कॉलेज ट्रिप के दौरान मनोजीत मिश्रा ने उसके साथ छेड़खानी की थी। छात्रा ने बताया कि वह 2 साल पहले कॉलेज ट्रिप पर गई थी। मनोजीत ने उसके साथ छेड़छाड़ की। मैंने जब उसकी हरकतों का विरोध किया, तो उसने उसके मारपीट करते हुए धमकाया कि वो उसके माता-पिता और बहन को जान से मार देगा। उसने चुप रहने की चेतावनी दी। पीड़िता ने बताया कि उसके साथ कम से कम 15 और छात्राएं हैं, जो मनोजीत की गंदी हरकतों का शिकार हो चुकी हैं।

### घटना के विरोध में छात्रों ने किया प्रदर्शन




*छात्रा के साथ पिछले महीने हुई सामूहिक बलात्कार की घटना के खिलाफ मंगलवार को कॉलेज के छात्रों ने प्रदर्शन किया और परिसर में सुरक्षा की मांग की। प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के सामने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और न्याय की मांग करते हुए कॉलेज के संचालन निकाय में व्यापक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। कॉलेज प्रशासन ने सामूहिक बलात्कार की घटना में शामिल दो छात्रों को कॉलेज से निष्कासित कर दिया है, जबकि मुख्य आरोपी और संविदा कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी गई हैं।*

## 60 पूर्व नौकरशाहों के एक समूह ने सीजेआई को लिखा पत्र

# वन संरक्षण संशोधन कानून मुद्दे पर टकराव संभव

## चिट्ठी में पूर्व सचिवों, राजदूतों, पुलिस अधिकारियों, वन अधिकारियों के हस्ताक्षर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

60 पूर्व नौकरशाहों के एक समूह ने देश के मुख्य न्यायाधीश को एक चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में पूर्व नौकरशाहों ने दावा किया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्ति सीईसी (सेंट्रल एंपावर्ड कमेटी) में वन संरक्षण संशोधन कानून, 2023 को चुनौती देने वाले मामले में हितों का टकराव हो सकता है। 30 जून को लिखी गई चिट्ठी में पूर्व सचिवों, राजदूतों, पुलिस अधिकारियों, वन अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

### हितों के टकराव की आशंका



चिट्ठी में कहा गया है कि सीईसी के चार सदस्यों में से तीन पूर्व वन सेवा के अधिकारी हैं और एक सेवानिवृत्त वैज्ञानिक हैं। ये चारों पूर्व में कई वर्षों तक पर्यावरण मंत्रालय में काम कर चुके हैं। सीईसी को दो सदस्य तो हाल ही में पर्यावरण मंत्रालय से डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट और विशेष सचिव के पद से रिटायर हुए हैं। चिट्ठी लिखने वाले अधिकारियों का कहना है कि सीईसी के सदस्य कुछ समय पहले तक पर्यावरण मंत्रालय में ही उच्च पदों पर काम कर रहे थे और नीतियां बनाने में शामिल रहे थे। ऐसे में अब उनसे निष्पक्ष रिपोर्ट की उम्मीद नहीं की जा सकती।

### कानून के खिलाफ याचिका पर हो रही सुनवाई

रिटायर्ड अधिकारियों ने कहा कि साल 2002 में सीईसी का गठन किया गया था और 2023 तक यह संतुलित और निष्पक्ष था क्योंकि सीईसी में स्वतंत्र विशेषज्ञ थे। साल 2023 में वन संरक्षण संशोधन कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी और दावा किया कि इस संशोधन से वनों की कटाई में तेजी आएगी। इस मामले पर फिलहाल सुनवाई चल रही है। चिट्ठी में कहा गया है कि सीईसी में मौजूदा सदस्य वहीं हैं, जो वन संरक्षण संशोधन कानून बनाने वाली टीम में शामिल थे। ऐसे में उनके द्वारा दी जाने वाली रिपोर्ट की निष्पक्षता सवालों के घेरे में रहेगी। सीईसी सुप्रीम कोर्ट को पर्यावरण और वनों के मामले पर सलाह देती है।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




श्योपुर में निचले इलाकों में जलभराव

## आज 16 जिलों में अत्यधिक भारी, अति भारी और भारी बारिश, कुछ जिलों में अचानक बाढ़ का अलर्ट

# श्योपुर में खतरे के पार पहुंची क्वारी नदी ऊंचे स्थानों पर चले जाने का 'अल्टीमेटम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्योपुर जिले के विजयपुर क्षेत्र में बहने वाली क्वारी नदी मंगलवार को खतरे के निशान के पार पहुंच गई। जिसके चलते विजयपुर की निचली बस्तियों में पानी घुस गया। प्रशासन ने अलर्ट मोड में आकर निचली बस्तियों में मुनादी कराकर लोगों को अपने घरों को खाली कर ऊंचाई वाले स्थान पर पहुंचने का अल्टीमेटम जारी कर दिया। प्रशासन ने विजयपुर मुख्यालय पर मोटर बोट सहित आपात स्थिति से निपटने में काम आने वाले सुरक्षा के सभी सामान मंगवा लिए गए।



जटाशंकर का झरना

छतरपुर का जटाशंकर धाम डूबा, मऊगंज के बहुती जलप्रपात में तेज बहाव

### मुरैना में 200 मिमी से अधिक बारिश

**मौसम केंद्र भोपाल का यह अलर्ट पहली बार... इन स्थानों पर अचानक बाढ़ का खतरा**

मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार तक पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ जलग्रहण क्षेत्रों और इससे लगे इलाकों में संभावित निम्न से उच्च स्तर का (फ्लैश फ्लड) अचानक बाढ़ का खतरा है। इनमें प्रमुख रूप से श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, शाजापुर, उज्जैन, आगर-मालवा, देवास, सीहोर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, झाबुआ और होशंगाबाद जिले शामिल हैं। वहीं पूर्वी मध्य प्रदेश के सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, कटनी, नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, डिंडोरी, अनुपपुर, उमरिया, शहडोल, और सीधी जिलों के लिए भी यह अलर्ट जारी किया गया है।

### आज यहां अत्यधिक भारी बारिश

बुधवार तक भिंड, मुरैना, निवाड़ी में कहीं-कहीं अत्यधिक भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट है। यहां 204 मिमी अथवा इससे अधिक बारिश हो सकती है। विदिशा, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, श्योपुरकलां, कटनी, जबलपुर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ में अति भारी बारिश होगी। यहां 115 से 204 मिमी तक बारिश हो सकती है। भोपाल सहित दो दर्जन से ज्यादा जिलों में मध्यम से हल्की बारिश की उम्मीद है।



मऊगंज का बहुती जलप्रपात

## खबर संक्षेप

### उज्जैन में रविवार को स्कूल, सोमवार को छुट्टी

**उज्जैन।** रविवार को स्कूलों में छुट्टियां रहती है और सोमवार को स्कूल खुलते हैं, लेकिन धार्मिक



नगरी उज्जैन में श्रावण-भादो मास के दौरान कुछ अनोखा होने वाला है। यहां जिला प्रशासन बच्चों की सोमवार को छुट्टी रखकर उन्हें पढ़ाई के लिए रविवार को बुलाने वाला है। बाबा महाकाल श्रावण भादो मास में नगर भ्रमण पर निकलने वाले हैं।

### पालतू कुत्ते ने तेंदुए से बचाई मालिक की जान

**रायसेन।** एक पालतू कुत्ते ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अपने मालिक को आदमखोर तेंदुआ से जा भिड़ा। जिसके बाद तेंदुआ व्यक्ति को छोड़कर जंगल में भाग गया। ग्राम पग्नेश्वर के करारिया टोला निवासी 40 वर्षीय अर्जुन सिंह लोधी मंगलवार सुबह शौच के लिए जा रहे थे। उसी समय तेंदुए ने हमला कर दिया, जिससे उन्हें गर्दन, पीठ, हाथ पर गहरे घाव आए हैं।



### विदिशा में पिकअप पलटी, 16 घायल

**विदिशा।** जिले के पारसी टुंडा और हंसुआ गांव के बीच मंगलवार सुबह एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन में सवार धान रोपाई के लिए कटनी से आए मजदूर थे। हादसे में 16 मजदूर घायल हुए हैं, जिनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पारसी टुंडा के एक किसान ने धान की रोपाई के लिए कटनी जिले से मजदूरों को बुलाया था।



### पूर्व रेसलर और विधायक विनेश फोगाट बनीं मां

**चंडीगढ़।** पूर्व अंतराष्ट्रीय रेसलर और हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के घर नया मेहमान आया है। विनेश और सोमवीर के घर नए बच्चे ने जन्म लिया है। विनेश ने बेटे को जन्म दिया है। उन्हें दिल्ली के एक निजी अस्पताल में सोमवार को डिलीवरी के लिए भर्ती करवाया गया था। विनेश के परिजनों की तरफ से बताया गया है कि ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी हुई है।



### एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इनसेंटिव (ईएलआई) स्कीम को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

# अगले 2 साल में साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा लोगों को मिलेगी 'नौकरी'

*इस योजना का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र पर फोकस करते हुए पहली बार काम करने वालों के लिए प्रोत्साहन देना है। साथ ही देश में बेरोजगारी को कम करना है।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एम्प्लायमेंट लिंक्ड इनसेंटिव (ईएलआई) योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत सभी क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने, रोजगार क्षमता बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी है। सरकार का प्लान इस योजना के तहत 2 साल में 3.5 करोड़ से ज्यादा लोगों को नौकरी देना है। वहीं, पहली बार काम करने वालों पर नियोक्ताओं को सरकार 2 किस्तों में एक महीने के वेतन के बराबर सब्सिडी 15000 रुपए तक देगी। इस योजना का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र पर फोकस करते हुए पहली बार काम करने वालों के लिए प्रोत्साहन देना है। साथ ही देश में बेरोजगारी को कम करना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस स्कीम को लेकर विस्तार से जानकारी शेयर की। उन्होंने बताया कि एक लाख करोड़ रुपए के खर्च के साथ दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के रोजगार सृजन का समर्थन करने के लिए इस योजना को बनाया गया है।

**पहली बार नौकरी करने वालों पर नियोक्ताओं को मिलेगी सब्सिडी**



फाइल फोटो

**इस स्कीम पर एक लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे**

***इस स्कीम का फोकस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर होगा***

***इस स्कीम का ऐलान बजट के दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने किया था***

### दो किस्त में दी जाएगी सब्सिडी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसका फोकस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर होगा। इसके दो पार्ट फर्स्ट टाइमर और सस्टेन एम्प्लॉयमेंट के लिए बनाए गए हैं। फर्स्ट टाइमर को जॉब ढूंढ़ने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए फर्स्ट टाइमर पर सब्सिडी की मंजूरी दी गई है, जिसमें अधिकतम 15000 रुपए तक दिया जाएगा। यह दो किस्त में दिया जाएगा। एक छह महीने और दूसरा 12 महीने- इस सब्सिडी का लाभ कंपनियों को दिया जाएगा।

### शोध और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़

मोदी कैबिनेट में कुछ और बड़े फैसले हुए हैं। इसमें रणनीतिक और उभरते सेक्टर्स में रिसर्च, डेवलपमेंट और नवाचार को बढ़ाने के लिए अनुसंधान विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना के लिए 1 लाख करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। इसका उद्देश्य निजी क्षेत्र को उभरते क्षेत्रों और आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य और आत्मनिर्भरता के लिए प्रासंगिक अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा, कैबिनेट ने तमिलनाडु में 4-लेन परमकुडी - रामनाथपुरम खंड (46.7 किमी) के निर्माण को भी मंजूरी दी है।

### अमेरिका, इजराइल, सिंगापुर और जर्मनी जैसे देशों के मॉडल की स्टडी

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन वाली योजना को तैयार करने से पहले अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन (एएनआरएफ) ने दुनिया के कई देशों के सफल शोध मॉडलों का अध्ययन किया। इनमें अमेरिका, इजराइल, सिंगापुर और जर्मनी जैसे देशों के मॉडल शामिल हैं। इन देशों में शोध से लेकर प्रोडक्ट बनाने तक की जो मजबूत व्यवस्था है, उसी से सीख लेते हुए भारत में यह नई योजना तैयार की गई है। सरकार का मानना है कि इससे देश में न केवल शोध को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इनोवेशन के जरिए नए उद्योगों को भी मजबूती मिलेगी।

### इंदौर में तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार

## बाइपास पर डिवाइडर से टकराई कार, दो की मौत तीन छात्र गंभीर घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बाइपास स्थित ब्रिज के पास सोमवार देर रात करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो इंजीनियरिंग छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी छात्र महेश्वर के पास ढापला गांव के रहने वाले थे और इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान धीरज पाटीदार (20) पुत्र किशोर पाटीदार निवासी ग्राम ढापला, थाना मंडलेश्वर और धुव्र पाटीदार पुत्र डालूराम पाटीदार, निवासी धरगांव, मंडलेश्वर के रूप में हुई है।

> सोमवार देर रात करीब 2 बजे भीषण सड़क हादसा

### सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच

कार की तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ है। रफ्तार ज्यादा होने के कारण गाड़ी का बैलेंस बिगड़ गया और डिवाइडर से टकराने के बाद कार पलट गई। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। छात्रों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। फिलहाल, इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से भी हादसे की जांच की जा रही है।

### एक शिफ्ट में 60 से ज्यादा मजदूर

## केमिकल फैक्ट्री ब्लास्ट में अब तक 35 लोगों की मौत

**मौतों का बढ़ सकता है आंकड़ा 30 लोग घायल**



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले की एक केमिकल फैक्ट्री हुए धमाके में मौत का आंकड़ा 35 से ज्यादा हो गया है। हादसे के बाद 31 लोगों के शव निकाले गए थे जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मरने वाले लोगों के चलते मृतकों की संख्या बढ़ गई है। 30 लोग घायल हैं जिनका अभी भी अस्पताल में इलाज जारी है। हादसे के चश्मदीदों ने बताया है कि कैसे धमाके की तीव्रता के चलते मजदूर 100 मीटर दूर जाकर घायल अवस्था में गिर गए थे।

### शिवाकाशी की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 8 मरे

**चेन्नई।** तमिलनाडु के शिवकाशी में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। बताया जा रहा है कि कुछ लोग और फंसे हो सकते हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

### गजब : आईआईटी बॉम्बे में 'घुसपैठिया'

## 21 ईमेल आईडी, 20 दिन तक अटैंड करता रहा लेक्चर, टीचर भी पढ़ाते रहे

**बिलाल अहमद अब खा रहा जेल की हवा**



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई आईआईटी में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जिसमें बिलाल अहमद तेली नामक एक व्यक्ति बिना दाखिले के 20 दिनों तक क्लास अटैंड करता रहा। इस घटना ने प्रतिष्ठित संस्थान की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। 22 साल के बिलाल को मुंबई क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि वह आईआईटी बॉम्बे में क्या करने घुसा था और उसके इरादे क्या थे। बिलाल पर फर्जीवाड़ा, फोर्जरी, इंपरसोनेशन और ट्रेसपासिंग जैसी गंभीर धाराओं के तहत केस भी दायर किए गए हैं। बिलाल ने कई फर्जी दस्तावेज बना रखे हैं। जांच एजेंसियां ये पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि बिलाल कहीं किसी देश विरोधी साजिश का हिस्सा तो नहीं था।

### पहले भी महीने भर कैंपस में रह चुका है बिलाल

पूछताछ के दौरान पता चला कि बिलाल इससे पहले भी आईआईटी बॉम्बे में घुस चुका है। बिलाल ने इससे पहले अपने मोबाइल फोन का डेटा भी डिलीट किया है। हालांकि, जांच एजेंसियां इस डेटा को वापस पाने की कोशिश कर रही हैं। पिछली 26 जून को बिलाल को कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने उसे 14 दिनों की रिमांड पर भेजा है।वह इससे पहले यानी पिछले साल भी आईआईटी बॉम्बे कैंपस में करीब एक महीने तक रह चुका है। उस दौरान वह किसी की पकड़ में नहीं आया था।

### कैसे पकड़ा गया बिलाल अहमद तेली?

बिलाल अहमद आईआईटी बॉम्बे कैंपस में दिन में लेक्चर अटैंड करता था। इसके बाद रात के दौरान वह ग्राउंड फ्लोर पर ही किसी सोफे पर सो जाया करता था। 21 जून को एक आईआईटी कर्मचारी ने बिलाल को सोफे पर सोते हुए देखा। इस दौरान उसने बिलाल से कुछ सवाल किए।

### सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक कदम

## पहली बार स्टाफ के लिए आरक्षण नीति लागू की गई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 75 साल के इतिहास में पहली बार स्टाफ के लिए आरक्षण नीति लागू की है। इसके तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को सुप्रीम कोर्ट के गैर न्यायिक पदों पर नियुक्तियों और प्रमोशन में आरक्षण का लाभ मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण नीति 23 जून 2025 को लागू हुई। यह भारत के सर्वोच्च न्यायालय में प्रशासनिक कामकाज में बड़े बदलाव का संकेत है।



■ 75 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ

### राजा जी हवेली में घुसी बेकाबू कार

## चार को रौंदा, एक की मौत सीसीटीवी में हादसा कैद

**कार चालक घटना के बाद फरार**



**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में नेशनल हाईवे से अचानक एक कार बेकाबू होकर होटल में घुस गई। कार ने चार लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि प्रेमिका समेत तीन लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे की डिजिटल क्षमताओं की तारीफ की

# रेलवे ने लॉन्च किया 'रेलवन' एप, यात्रियों को अब एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी सभी सुविधाएं

**यह एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल यात्रियों को डिजिटल सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को 'रेलवन' मोबाइल एप लॉन्च किया। यह लॉन्च कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में संपन्न हुआ, जो रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) की 40वीं स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था। 'रेलवन' एप को यात्रियों की सभी आवश्यकताओं के लिए एक पूर्ण समाधान के रूप में तैयार किया गया है। यह एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस एप के माध्यम से यात्री अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट (3% की छूट के साथ), लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, शिकायत निवारण, ई-कैटरिंग, कुली बुकिंग और अंतिम मील टैक्सी सेवा जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।




चिंतन

# डिजिटल इंडिया की प्रगति अच्छी, अभी चुनौतियां कई

डिजिटल इंडिया मिशन ने दस वर्ष पूरे किए हैं। वर्ष 2015 से अब तक एक दशक में भारत ने डिजिटल समावेशन में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस दौरान न केवल डिजिटल विभाजन कम हुआ है, बल्कि डिजि इन्फ्रा समेत डिजिटल पहुंच का दायरा भी बढ़ा है। 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर करीब 97 करोड़ हो गई है। देश में 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछ चुका है, जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि, 'डिजिटल इंडिया' पहल ने अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है। डिजिटल इंडिया मिशन का लक्ष्य भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलना है। ब्रॉडबैंड हाईवे, मोबाइल कनेक्टिविटी, पब्लिक इंटरनेट एक्सेस, ई-गवर्नेंस, ई-क्रांति, सभी के लिए सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, नौकरियों के लिए आईटी, अर्ली हार्वेस्ट कार्यक्रम जैसे डिजिटल इंडिया मिशन के नौ स्तंभ हैं। दस वर्ष में डिजिटल साक्षरता के साथ सरकारी सेवाओं तक ऑनलाइन पहुंच बढ़ी है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान में भारत को सिरमौर बना दिया है। आधार, कोविन, डिजिलॉकर और फास्टैग से लेकर पीएम-वाणी, भारतनेट, ई-गवर्नेंस और 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' तक ने डिजिटल मिशन को गति दी है। वर्ष 2023 में वैश्विक रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स में भारत की 49 फीसदी हिस्सेदारी थी। यूपीआई अब 7 से अधिक देशों में लागू है। देश में एआई और सेमीकंडक्टर मिशन चल रहे हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग, आईओटी, रोबोटिक्स और ब्लॉक चेन में भी काम हो रहे हैं। लेकिन डिजिटल इंडिया कई चुनौतियों का भी सामना कर रहा है, जिनमें डिजिटल डिवाइड (ग्रामीण इंटरनेट पहुंच और डिजिटल साक्षरता करीब 37 फीसदी है), साइबर सुरक्षा (करीब 15 लाख फ्रॉड केस), डेटा गोपनीयता, बुनियादी ढांचे की कमी, ई कचरा निपटान और नियामकीय चैलेंज शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच, स्पीड और डिजिटल साक्षरता अभी भी कम है। भारत में करीब आठ लाख साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी है। डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के बावजूद, डेटा दुरुपयोग और गोपनीयता उल्लंघनों की चिंता बनी हुई है। 61 फीसदी कंपनियां डेटा गोपनीयता का दुरुपयोग कर रही हैं। 5जी का अनियमित रोलआउट, और फाइबर-ऑप्टिक कवरेज की कमी, डिजिटल पहुंच को सीमित करती है। मोबाइल इंटरनेट स्पीड (2024) में भारत 25वें स्थान पर था। नीतिगत बदलाव, क्षेत्राधिकारों का ओवरलैप, और स्पेक्ट्रम नीलामी में देरी 5जी रोलआउट और व्यवसायों पर बोझ डालती है। भारतीय अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद द्वारा जारी भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था रिपोर्ट, 2025 के अनुसार भारत तीसरी बड़ी वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था है, लेकिन डिजिटल उपयोगकर्त्ता व्यय में हमारा स्थान 28वां है, जो प्रति व्यक्ति डिजिटेक उपयोग में अंतराल को दर्शाता है। भारत एआई (कृत्रिम मेधा) अनुसंधान में 11वें और एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर में 16वें स्थान पर है। डिजिटल मिशन की सफलता के लिए सरकार को डिजिटल डिवाइड को कम करने, साइबर सुरक्षा को मजबूत करने, डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने, बुनियादी ढांचे में सुधार करने, नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाने, ई कचरा का निपटान करने और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के साथ डिजिटल सेक्टर में निवेश बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा।



नीति आयोग
डॉ. अश्वनी महाजन

# जीएम कृषि उत्पाद की पैरवी ठीक नहीं

> नीति आयोग के एक वर्किंग पेपर में भारत सरकार को सिफारिश की गई है कि वर्तमान में प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में जैव परिवर्द्धित (जीएम) कृषि उत्पादों के आयात को अनुमति दे दी जाए। इसमें नीति आयोग ने मक्का, सोयाबीन जैसी फसलों का उदाहरण भी दिया है, जिनके आयात को खोल दिया जाना चाहिए। इस वर्किंग पेपर की सिफारिशों के बाद भारतीय किसान संघ सहित किसान संगठनों की कड़ी प्रतिक्रिया आई है। भारत में खाद उत्पादों में जीएम बीजों का उपयोग और आयात वर्जित है, लेकिन कुछ समय से खाद्य तेलों की कमी के चलते खाद्य तेलों का आयात बढ़ रहा है, जिनमें से कुछ मात्रा में जीएम खाद्य तेलों का भी आयात अनजाने में हो रहा है।

कुछ दिन पहले नीति आयोग के एक वर्किंग पेपर में भारत सरकार को सिफारिश की गई है कि वर्तमान में प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में जैव परिवर्द्धित (जीएम) कृषि उत्पादों के आयात को अनुमति दे दी जाए। इसमें नीति आयोग ने मक्का, सोयाबीन जैसी फसलों का उदाहरण भी दिया है, जिनके आयात को खोल दिया जाना चाहिए। यह भी राय दी गई है कि सरकार इस समझौते में उन कृषि उत्पादों के आयात को भी खोलने का प्रस्ताव करे जिन्हें भारत में या तो पैदा नहीं किया जाता है या उनका उत्पादन इतना कम है कि उनके आयात से किसानों पर खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। इनमें चावल, काली मिर्च, सोयाबीन तेल, झींगा, चाय, कॉफी, डेयरी उत्पादन, पोल्ट्री, सेब, बादाम, पिस्ता आदि का उदाहरण दिया गया है, जिनके आयात को नीति आयोग ने खोलने की सिफारिश की है।

इस वर्किंग पेपर की सिफारिशों के बाद भारतीय किसान संघ सहित किसान संगठनों की कड़ी प्रतिक्रिया आई है और इस संबंध में नीति आयोग की पुरजोर निंदा भी की गई है। यह कहा गया है कि ये सुझाव किसानों के हितों के प्रतिकूल हैं। भारतीय किसान संघ ने कहा है कि ये सुझाव देश और किसान हितों के खिलाफ हैं। नीति आयोग का अमेरिका के सामने घुटने टेकना अच्छा संकेत नहीं है। दूसरी ओर यह भी खबर है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताओं में अवरोध आ गया है क्योंकि सरकार अमेरिका की इस मांग की कि भारत, अमेरिका के जीएम कृषि उत्पादों और अन्य कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोले, को मानने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में नीति आयोग का यह वर्किंग पेपर सरकार की स्थिति को समझ नहीं पा रहा है। इसका यह भी मतलब हो सकता है कि नीति आयोग सरकार की जीएम विरोधी स्थिति को बदलने हेतु प्रयास कर रहा है। यह दोनों ही स्थितियां देश के लिए शुभ नहीं हैं। यह पहला अवसर नहीं है कि जब नीति आयोग ने जीएम फसलों की पैरवी की है। इससे पहले प्रो. अरविंद पनगरिया की अध्यक्षता में भी नीति आयोग ने जीएम फसलों के पक्ष में रिपोर्ट जारी की थी। उस समय भी इसका पुरजोर विरोध हुआ था । देश में लंबे समय से जीएम फसलों का विरोध चल रहा है। जीएम के पक्षधरों द्वारा लगातार जीएम के पक्ष में प्रयास किए जाते रहे हैं। लेकिन जीएम के पुरजोर विरोध और ठोस तर्कों के चलते, जीएम समर्थकों को सफलता हाथ नहीं लगी। इनके विरोध के कई कारण हैं- पहला कारण तो यह है कि अधिकांश जीएम फसलें शाकनाशक रोधी यानी हर्बिसाइड टोलरेंट हैं। यानी जब यह फसलें उगाई जाती हैं, तो उसके आसपास के जितने भी शाक हैं ,वे सभी शाकनाशकों द्वारा नष्ट किये जा सकते हैं और जीएम फसलों पर असर नहीं पड़ता। ऐसे वैज्ञानिक तथ्य मौजूद हैं जो यह साबित करते हैं कि यह शाकनाशक, कैंसरकारी यानी 'कोर्सोनेजेनिक' है। गौरतलब है कि जब इन शाकनाशकों का उपयोग जीएम फसलों के उत्पादन के दौरान किया जाता है तो उसके कुछ अवशेष अवश्य उन कृषि उत्पादों में रह जाते हैं, जो कैंसर का कारण बन सकते हैं। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका में प्रति लाख जनसंख्या पर 350 कैंसर के मरीज हैं जबकि भारत में यह आंकड़ा 100 प्रति लाख का है। इसका एक कारण जीएम फसलों में इस्तेमाल किए जाने वाले शाकनाशकों का अधिक उपयोग भी है।




हालांकि भारत में खाद उत्पादों में जीएम बीजों का उपयोग और आयात वर्जित है, लेकिन कुछ समय से खाद्य तेलों की कमी के चलते अमेरिका और अन्य देशों से खाद्य तेलों का आयात बढ़ रहा है, जिनमें से कुछ मात्रा में जीएम खाद्य तेलों का भी आयात अनजाने में हो रहा है। यह बात भारत सरकार ने पहले भी स्वीकार की है। इसके कारण भारत में कैंसर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। 2000 में जहां मात्र 8 लाख कैंसर मरीज थे, वर्ष 2024 तक उनकी संख्या 15 लाख तक पहुंच चुकी है। जीएम खाद्य तेलों का सेवन भी एक कारण हो सकता है। जीएम फसलों के आयात के विरोध का दूसरा कारण यह है कि वर्तमान में भारत के नियमों के अनुसार देश में जीएम फसलों के उत्पादन और आयात की अनुमति नहीं है। डब्ल्यूटीओ नियमों के अधीन हर देश को यह अधिकार है कि वह अपने देशवासियों के स्वास्थ्य के मद्देनजर अन्य देशों से आने वाले सामान पर रोक लगा सके। ऐसा संभव है कि अमेरिका से आने वाले जीएम उत्पादों को देश में आने से रोका जा सके। चूंकि भारत के किसान पहले से ही अपनी उपज के सही मूल्य न पाने के कारण आर्थिक रूप से नुकसान उठा रहे हैं, यदि अमेरिका से सस्ते जीएम उत्पादों को आने की अनुमति दे दी जाती है तो हमारे किसानों को और अधिक नुकसान होगा। ऐसे में किसान यदि कृषि से बाहर होते हैं तो देश की खाद्य सुरक्षा ही खतरे में पड़ सकती है। तीसरे, भारत के फूड सिक्योरिटी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) द्वारा बनाए गए खाद्य सुरक्षा नियमों के तहत जीएम उत्पादों की बिक्री संभव नहीं है। ऐसे में देश में जीएम उत्पादों के आयात के बाद वे भारत की खाद्य श्रृंखला में शामिल हो जाएंगे, जिससे देश के नियमों का तो उल्लंघन होगा ही, देशवासियों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडराने लगेगा। एक चौथा कारण, जो देश में जीएम उत्पादों के आयात के विरोध में जाता है, वो यह है कि जिन जीएम उत्पादों के आयात को खोलने हेतु नीति आयोग ने सिफारिश की है, वो अमेरिका में वास्तव में मनुष्य द्वारा उपभोग नहीं किए जाते। अमेरिका में मक्का और सोया का उपयोग अधिकांशतः जानवरों के चारे के रूप में किया जाता है या एथनॉल बनाने में। ऐसे जीएम उत्पादों का भारत की खाद्य श्रृंखला में शामिल होना देशवासियों के स्वास्थ्य के लिए ही हानिकारक नहीं है बल्कि यह देशवासियों का अपमान भी है। वैसे तो नीति आयोग में बैठे लोगों द्वारा जीएम उत्पादों की लगातार वकालत की ही जाती है, लेकिन देश में किसानों और प्रबुद्ध वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे विरोध के कारण और न्यायालयों द्वारा इस बाबत अनुमति न मिलने के कारण वे सफल नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में नीति आयोग द्वारा इस प्रकार की सिफारिशें उनकी किसानों के प्रति प्रतिबद्धता, देश के लोगों के स्वास्थ्य और देश की खाद्य सुरक्षा के प्रति उदासीनता की परिचायक हैं।

इसके अलावा, हमें यह भी समझना होगा कि भारत लगभग 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के कृषि खाद्य उत्पादों का निर्यात करता है और भारतीय खाद्य पदार्थों का मुख्य आकर्षण यह है कि वे गैर-जीएम टैग वाले होते हैं। जैसे ही जीएम हमारी खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करता है, हम अपने निर्यात बाजारों का एक बड़ा हिस्सा खो सकते हैं, क्योंकि मध्य पूर्व के देश और यूरोपीय और कई अन्य देश जीएम खाद्य उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं देते हैं। शायद, नीति आयोग द्वारा भारत में जीएम आयात और उत्पादन से जुड़े इस महत्वपूर्ण जोखिम को नहीं रखा गया है। भारत सरकार को नीति आयोग की इन सिफारिशों को दरकिनार करते हुए, अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में इसे एक तर्क के नाते, देश के किसानों, डेयरी, खाद्य सुरक्षा और जनस्वास्थ्य की रक्षा करते हुए, व्यापार युद्ध में एक ढाल की तरह इस्तेमाल करना चाहिए।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

यूनेस्को रिपोर्ट
मनोज कुमार अग्रवाल




# दुनिया में शिक्षा से वंचित 27 करोड़ बच्चे, सरकारें दें ध्यान

संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था यूनेस्को की वैश्विक धरातल पर ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि लगभग 27 करोड़ 20 लाख से अधिक बच्चे दुनियाभर में शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाते हैं। यह रिपोर्ट न केवल मनोवैज्ञानिक धरातल पर चौंकाती है, अपितु विश्व के अति ग़रीब और विकासशील देशों में आज भी करोड़ों बच्चों को समुचित शिक्षा न मिल पाने संबंधी चिन्ताजनक हालात को बयान करती है। एक ओर दुनिया के तमाम देश हथियारों की अंधी दौड़ में शामिल हैं और अपने कुल बजट का बड़ा हिस्सा हथियारों पर खर्च कर देते हैं। बता दें कि वैश्विक स्तर पर, 2023 और 2024 के बीच शिक्षा सहायता में 12% की गिरावट और 2027 तक 14% की और कटौती होने के कारण कुल शिक्षा सहायता में 2027 तक एक-चौथाई की गिरावट आने की आशंका है। यह निम्न आय वाले देशों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां सहायता सार्वजनिक शिक्षा व्यय का 17% है और जहां कटौती से कुछ शिक्षा बजट आधे हो सकते हैं। 2030 तक अपने शिक्षा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देशों को प्रति वर्ष लगभग 100 बिलियन डॉलर का वित्तीय घाटा उठाना होगा। वैश्विक स्तर पर सरकारों, परिवारों और दानदाताओं द्वारा कुल शिक्षा व्यय में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन इससे प्रति बच्चे के आवंटन में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार चिन्ता यह भी उपजती है कि विश्व धरातल पर अधिकतर देश शिक्षा संबंधी अपने निर्धारित लक्ष्यों से पिछड़ते जा रहे हैं। इस कारण यह आशंका भी उभरती है कि वर्ष 2025 के अन्त तक शिक्षा से वंचित रहने वाले विश्व भर के बच्चों की संख्या ताज़ा रिपोर्ट के आंकड़ों से कहीं अधिक हो सकती है। इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के शिक्षा से वंचित रहने के वैसे तो अनेक कारण बताये जा सकते हैं किन्तु वर्तमान में दो बड़े कारण उभर कर सामने आते हैं। इनमें से एक तो यह है कि विश्व देशों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत विकासशील और ग़रीब देशों में स्कूलों में नये प्रवेशार्थियों की संख्या में 80 लाख से अधिक की वृद्धि हुई है जोकि कुल वृद्धि का 38 प्रतिशत बनती है। मौजूदा व्यवस्था इतनी बड़ी संख्या को सम्भाल पाने में समर्थ नहीं है। शिक्षा के अधिकार से वंचित कुल 27 करोड़ 20 लाख बच्चों में से 11 प्रतिशत अर्थात 7.80 करोड़ प्राइमरी स्कूलों से हैं। सैकेंडरी स्कूल तक के वंचित बच्चों की संख्या 6.40 करोड़ अर्थात कुल संख्या का 15 प्रतिशत और सर्वाधिक संख्या 13 करोड़ यानि 31 प्रतिशत सैकेंडरी से ऊपरी शिक्षा वाले बच्चों की है। स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने हेतु न जा पाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि का एक और बड़ा कारण अफगानिस्तान और इसके जैसे कुछ अन्य अफ्रीकी कट्टरपंथी देशों में लड़कियों की शिक्षा प्राप्ति के अधिकार पर लगाया गया प्रतिबन्ध है। ऐसे देशों में लड़कियों की शिक्षा पर भांति-भांति के प्रतिबन्ध लगाये जाने से संयुक्त राष्ट्र संघ संस्था की इस संबंधी रिपोर्ट के आंकड़ों में भारी इज़ाफा हुआ है। वैश्विक धरातल पर बढ़ती जन-आबादी भी स्थितियों की इस भयावहता के लिए ज़िम्मेदार हो सकती है। बढ़ी आबादी में 6 से 17 वर्ष तक के बच्चों की संख्या कुल आबादी वृद्धि का 3.1 प्रतिशत अर्थात 4.90 करोड़ है। प्रायः इस आयु को स्कूल जाने वाले बच्चों का आधार रूप माना जाता है। स्कूल शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या में वृद्धि निरन्तर होते जाने का एक और बड़ा कारण विश्व-देशों में हो रहे युद्धों और छिट-पुट लड़ाइयों को भी माना जाता है। इनसे एक ओर जहां देशों में निष्क्रमण और प्रवासन बढ़ता है, वहीं आर्थिक स्थितियों का अवसान भी होता है। ये दोनों स्थितियां स्कूली उम्र के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से बुरी तरह से प्रभावित करती हैं। यह संकेत भी प्राप्त होता है कि ये आंकड़े कम दर्ज किए गए हैं, क्योंकि विश्व के अनेक भागों में, भिन्न-भिन्न देशों में बाहरी, आपसी और भीतरी सशस्त्र टकराव चल रहे हैं जिनके कारण भीतर तक जा पाना संयुक्त राष्ट्र संघ जांच दलों के सदस्यों के लिए सम्भव नहीं था। यूनेस्को की रिपोर्ट हर साल शिक्षा की स्थिति पर एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जिसमें शिक्षा में असमानता, शिक्षा तक पहुंच, गुणवत्ता और समावेशिता जैसे मुद्दे शामिल हैं। 2024 की रिपोर्ट में, लगभग दस वर्षों में वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाली आबादी में केवल 1% की कमी आई है और शिक्षा में लगातार कम निवेश, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में, इसका एक मुख्य कारण है। यूनेस्को के अनुसार 2025 तक, 75 मिलियन बच्चों के और स्कूल जाने से वंचित होने की आशंका है। भारत की स्थिति भी शिक्षा के मामले में विशेष बेहतर नहीं है। बढ़ती जनसंख्या और संसाधनों का भारी अभाव लगातार हमारी शिक्षा तंत्र को ढलान पर ला रहे हैं। विश्वभर में शिक्षा के क्षेत्र में अभी बहुत काम करने की जरूरत है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भजन ही शरीर का प्राण है



संकलित
दर्शन

काकभुशुंडि जी कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं। काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया। महत्व इसका नहीं है कि हम किस शरीर, किस देश, किस जाति और धर्म के हैं। काकभुशुंडि जी कहते हैं कि महत्वपूर्ण यह है कि हम भगवान की भक्ति और भजन कर रहे हैं या नहीं? भजन ही शरीर का प्राण है। गोस्वामी जी ने इस बात पर जोर दिया है कि जिसने इस धरा पर जन्म लेकर भगवान का भजन कर लिया, बस वही धन्य है। उसी की विजय होती है, वही संसार में सबके प्रति विनयी होता है, वही गुणों की खान होता है और सारे विश्व में उसी का यश त्रैलोक्य में उजागर होता है, जिसने जन्म लेकर भगवान के दिए हुए इस शरीर का सदुपयोग कर लिया। यह मनुष्य शरीर बड़े भाग्य से मिला है।

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टीयां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहाँ मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## सटाका




## आज की पाती

### क्यों प्यासी है भारत की धरती

भारत दुनिया की 18 फीसदी आबादी और मात्र 4 फीसदी ताजे जल संसाधनों के साथ गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। भूजल का अत्यधिक दोहन, प्रदूषण, असंतुलित खेती और जलवायु परिवर्तन इसके प्रमुख कारण हैं। सरकारी योजनाओं और नीतियों के बावजूद कार्यान्वयन और जनभागीदारी की कमी से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देना, जल की कीमत तय करना और पुनर्चक्रण को अनिवार्य बनाना समय की मांग है। जब तक नीति, व्यवहार और चेतना एक साथ नहीं बदलते, तब तक जल संकट भारत के भविष्य को चुनौती देता रहेगा। जल का संकट ऐसी विडंबना बन चुका है, जो हमारी योजनाओं, घोषणाओं और नीतियों पर सवाल उठाता है।

*– शरद सक्सेना, धमतरी*

## ट्रेंड

### सहकारी संघवाद



जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### क्वांटम प्रौद्योगिकी



1995 में, मैंने युवाओं को सशक्त बनाने और राज्य के विकास के लिए निवेश आकर्षित करने के लिए नौकरियों का सृजन करने के लिए आंध्र प्रदेश में आईटी क्रांति का नेतृत्व किया था। आज, 2025 में, मैं क्वांटम प्रौद्योगिकी के लिए भी यही प्रतिबद्धता दिखा रहा हूँ।

-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### जीएसटी में सुधार नहीं



आठ साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है। इसे गरीबों को दंडित करने, एमएसएमई को कुचलने, राज्यों को कमजोर करने और प्रधानमंत्री के कुछ अरबपति दोस्तों को लाभ पहुंचाने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### हिंदी का विरोध




मैं तो समझता था हिंदी का विरोध सिर्फ साउथ में होता है। मुझे नहीं पता था कि महाराष्ट्र में भी इसका विरोध हो सकता है। कोई बताएगा इन्हें कि हम एक राष्ट्र में जी रहे हैं। एक राज्य में नहीं।

-मुकेश खन्ना, अभिनेता

## करंट अफेयर

### ब्रिटेन की 156 साल पुरानी 'रॉयल ट्रेन' सेवा होगी समाप्त



बकिंघम पैलेस ने कहा कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने स्वीकार किया है कि महारानी विक्टोरिया के समय से चल रही इस ट्रेन को बंद करने का समय आ गया है क्योंकि इसके परिचालन की लागत बहुत अधिक है तथा अधिक उन्नत रेल प्रणालियों के लिए इसमें महत्वपूर्ण बदलाव की आवश्यकता होगी। यह रॉयल ट्रेन नौ बोगियों का एक सुइट है और इसे किसी भी व्यावसायिक इंजन से जोड़ा जा सकता है। 2027 में इसके रखरखाव संबंधी मौजूदा अनुबंध खत्म होने से पहले इसकी सेवा को बंद कर दिया जाएगा। इस ट्रेन को महारानी विक्टोरिया ने 1869 में अपनी यात्राओं के लिए शुरू किया था। शाही महल के वित्तीय मामलों के प्रभारी जेम्स चाल्मर्स ने कहा, 'भविष्य की ओर बढ़ते हुए हमें अतीत से बंधे नहीं रहना चाहिए। जिस तरह शाही परिवार के अन्य कामकाज आधुनिक हुए हैं, उसी तरह अब समय आ गया है कि हम इस परंपरा को सम्मानपूर्वक विदाई दें।' इस निर्णय की घोषणा शाही खर्चों पर पैलेस के वार्षिक सम्मेलन के दौरान की गयी। शाही परिवार को लगातार चौथे वर्ष 11.8 करोड़ डॉलर का सार्वजनिक वित्त पोषण प्राप्त होगा, जिसमें मार्च 2026 तक 12 महीनों में बकिंघम पैलेस की मरम्मत के लिए 4.38 करोड़ डॉलर शामिल हैं।

## ऑफ बीट

### एचआईवी का इलाज उपलब्ध फिर भी उपचार की खोज?




एचआईवी के इलाज और रोकथाम के लिए बीते तीन दशक में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और आधुनिक दवाओं की मदद से एचआईवी अब एक ऐसा संक्रमण बन चुका है जिसका इलाज हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि कोई एचआईवी संक्रमित व्यक्ति समय पर और नियमित रूप से एंटीरेट्रोवायरल दवाएं लेता है, तो उसकी जीवन प्रत्याशा लगभग सामान्य होती है। साथ ही ये दवाएं संक्रमण को दूसरे व्यक्तियों तक फैलने से भी रोकती हैं। हालांकि, एचआईवी का कोई प्रभावी टीका अब तक विकसित नहीं हुआ है। लेकिन उच्च जोखिम वाले लोगों के लिए संक्रमण से बचाव के लिए प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (पीआरईपी) नामक प्रभावी दवाएं उपलब्ध हैं, जो रोजाना या जरूरत के अनुसार ली जा सकती हैं। हाल ही में अमेरिका में छह महीने तक सुरक्षा देने वाला इंजेक्शन भी स्वीकृत हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि एचआईवी की दवाएं और पीआरईपी तभी कारगर हैं जब उनकी सतत आपूर्ति बनी रहे। लेकिन विश्व के कई हिस्सों में स्वास्थ्य सेवाओं की सीमाएं, दवाओं की महंगी कीमत और राजनीतिक अस्थिरता इन उपायों को फलीभूत होने की बात तो दूर, उन्हें कमजोर बना देती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# एक नारियल 30 से 35 रुपए का हुआ

# सावन से पहले नारियल की कमी आने से भाव में आई तूफानी तेजी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दस दिन बाद सावन का महीना शुरू हो रहा है। इसके पूर्व धार्मिक अनुष्ठानों और पूजा-पाठ में सर्वाधिक उपयोग होने वाला नारियल के भाव में तूफानी तेजी आ गई है। बाजार में जो नारियल फुटकर में 20 रुपए का मिल रहा था बढ़कर अब 30 से 35 रुपए हो गया है। स्थानीय थोक नारियल कारोबारी और जुमेराती बाजार स्थित सन ट्रेडर्स के संजय जैन के अनुसार नारियल के भाव ताबड़तोड़ बढ़े हैं। राजधानी के थोक बाजार जुमेराती में नारियल 120 भरती 3600 रुपए, 160 भरती 4500 रुपए और 200 भरती नारियल 5000 रुपए के भाव पर विक्रय हो रहा है। भाव में आई तूफानी तेजी की वजह के बारे में नारियल व्यापारी संजय जैन बताते हैं कि उत्पादक क्षेत्र तमिलनाडु, आंध्रा में उत्पादकता में कमी होना है। इसके चलते मार्केट में डिमांड के अनुरूप सप्लाई कम हो रही है।

गौरतलब है कि सावन माह शुरू होने के साथ ही नारियल की डिमांड में इजाफा हो जाता है। जिसके चलते व्यापारी माल का स्टॉक करने की तैयारी में भी है। बताया जा रहा है कि स्थानीय बाजार में नारियल की रोजाना आवक 1 से 2 गाड़ी की है। भोपाल सहित आसपास के अंचलों में इन दिनों नारियल की अच्छी खपत हो रही है। नारियल की मांग वैसे तो 12 माह रहती है। अभी बाजार में नारियल तमिलनाडू व केरल से आ रहा है। इनकी फसल तो 12 माह रहती है, लेकिन नई फसल मई के आखिरी सप्ताह से शुरुआत होकर बाजार में सितंबर तक रहती है। वैसे तो शहर के हर किराना दुकानों में नारियल की बिक्री हो रही है। लेकिन थोक व्यापारी आधे दर्जन ही है। नारियल में ग्रेडिंग के हिसाब से काम चलता है।



## नारियल तेल के दामों में रिकॉर्ड उछाल

कच्चे माल की इस कमी के चलते नारियल तेल के खुदरा दाम बढ़कर चार सौ रुपए प्रति लीटर तक पहुंचने की संभावना है। इसी तरह, कोपरा की कीमत तमिलनाडु में एक सौ अठासी रुपए और केरल में एक सौ छियासी रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। केरल राज्य में छोटे और मझौले नारियल तेल उत्पादन इकाइयों में करीब पच्चीस हजार श्रमिक कार्यरत हैं, जिनके सामने अब कामकाज की चुनौती खड़ी हो गई है।

## मौसम परिवर्तन भी बड़ा कारण

*बाजार में नारियल की कमी को स्वीकार करते हुए कहा कि यह संकट केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी उत्पादक देशों में इसका असर देखा गया है। उत्पादन में आई कमी का एक बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। इसके अलावा नारियल से बनने वाले मूल्यवर्धित उत्पादों की बढ़ती मांग और उपभोक्ताओं में जागरूकता के कारण भी कमी देखने को मिल रही है। गर्मी में ताजा नारियल (नारियल पानी) की मांग में हुई वृद्धि ने भी इस संकट को और गहरा किया है।*

## नारियल और कोपरा की भारी कमी से जूझ रहे तेल उत्पादक

*नारियल और कोपरा की उपलब्धता में आई तेज गिरावट के कारण नारियल तेल उत्पादकों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस संकट से उबरने के लिए उत्पादक सरकार से नारियल और कोपरा के आयात पर लगी पाबंदियों को हटाने की मांग करने की योजना बना रहे हैं। उद्योग को कच्चे माल की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल उपलब्धता में तीस से पैंतीस प्रतिशत की कमी है और यह लगातार गंभीर होती जा रही है।*

### कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल मुंबई

# आधुनिक रेडिएशन टेक्नोलॉजी के साथ कैंसर उपचार में सटीकता को बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई




कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल मुंबई ने आधुनिक रेडिक्सएक्ट ट्रीटमेंट डिलीवरी सिस्टम के साथ अपनी रेडिएशन थेरपी को अपग्रेड करते हुए अपनी कैंसर उपचार क्षमताओं में लक्षणीय उन्नति हासिल की है। यह आधुनिक टेक्नोलॉजी ऑन्कोलॉजी में हॉस्पिटल की लीडरशिप को मजबूत करती है, कैसर उपचार में उन्नत सटीकता, सुरक्षा और अनुकूलनशीलता लाते हुए मरीज़ों को मिलने वाले परिणामों में सुधार लाया है।

रेडिक्सएक्ट ने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में उपलब्ध व्यापक कैंसर देखभाल सुविधाओं को मज़बूत किया है। अगली पीढ़ी की बुनियादी सुविधाओं, अंगों के अनुरूप सब-स्पेशलिटी निपुणताओं और वैश्विक स्तर पर बेंचमार्क माने जाने वाले प्रोटोकॉल इन सभी का शक्तिशाली मिलाप इस सिस्टम में है। रेडिक्सएक्ट सिस्टम रेडिएशन थेरपी में एक लक्षणीय उन्नति है। स्वस्थ टिश्यू को कम से कम नुकसान पहुंचाते हुए सटीक उपचार देने की क्षमता इसमें है। बिल्ट-इन स्कैनर से लैस, यह सिस्टम पूरे उपचार के दौरान ट्यूमर सही स्थिति में है यह सुनिश्चित करने के लिए रियल-टाइम इमेजिंग देता है। यह सिस्ट्म बहुउपयोगी है, शरीर के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग प्रकार के कैंसर पर उपचार की क्षमता इसमें है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में रेडिक्सएक्ट के लिए पूरक, भारत की एक सबसे बड़ी, प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी टेक्नोलॉजी की असेम्बली है। 300 से ज़्यादा उच्च अनुभवी और दुनिया भर में नामचीन मल्टीडिसिप्लिनरी कैसर स्पेशलिस्ट्स की टीम इसमें तैनात की गयी है। यह हॉस्पिटल जीनोमिक ऑन्कोलॉजी में भी अग्रणी है। यहां आधुनिक मॉलिक्युलर और जीनोमिक्स लैबोरेटरी है, जिसमें 500-जीन सोमैटिक कैंसर पैनल है। यहां हर मरीज़ की खास ज़रूरतों के अनुरूप उपचार प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है। जानकारी के आधार पर आगे बढ़ने का दृष्टिकोण उन्नत डायग्नोसिस, टार्गेटेड थेरपी और सुधारित क्लिनिकल परिणामों में मदद करता है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इनस्टिट्यूट के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ, डॉ.संतोष शेट्टी ने कहाकि कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में मरीज़ों को सबसे उन्नत और सक्षम उपचार दे पाने के लिए हम मेडिकल नवाचार की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाते रहते हैं। दुनिया भर में सराहे जाने वाले, रेडिक्सएक्ट सिस्टम को लाकर विश्व स्तर की कैंसर देखभाल प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में हमने बहुत बड़ा कदम उठाया है।

# ऑर्थोग्रिट से संभव है गठिया का उपचार: आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार



पतंजलि के वैज्ञानिकों ने जोड़ों के दर्द यानि गठिया या जिसे आर्थराइटिस भी कहा जाता है, के उपचार में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। आयुर्वेद आधारित औषधि ऑर्थोग्रिट पर किया गया पतंजलि का यह नवीन शोध एल्सेवियर प्रकाशन के अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल फार्माकोलॉजिकल रिसर्च रिपोर्टस में प्रकाशित हुआ है। यह अध्ययन दर्शाता है कि ऑर्थोग्रिट गठिया के कारण होने वाली सूजन को कम करने, कार्टिलेज के घिसाव को रोकने तथा जोड़ों की कार्यक्षमता को बनाए रखने में प्रभावशाली है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आज के समय में शायद ही कोई ऐसा वृद्ध व्यक्ति हो जो घुटनों के दर्द से पीड़ित न हो। वर्तमान चिकित्सा पद्धतियाँ केवल लक्षणों पर कार्य करती हैं, जड़ पर नहीं। आयुर्वेद प्रत्येक रोग के मूल कारण को पहचानकर उसका समाधान प्रस्तुत करता है। ऑर्थोग्रिट इसी आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान का संगम है, जो गठिया जैसी असाध्य मानी जाने वाली बीमारी को भी मूल रूप से समाप्त करने की क्षमता रखता है। उन्होंने बताया कि ऑर्थोग्रिट वचा, मोथा, दारूहल्दी, पिप्पलमूल, अश्वगंधा, निर्गुडी, पुनर्नवा आदि प्राकर्तिक जड़ी - बूटियों से निर्मित है जोकि सनातन संस्कृति में प्राचीनकाल से ही जोड़ो के दर्द, सूजन आदि में लाभकारी पाएं गए है। पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर कहा गठिया एक ऐसी पुरानी बीमारी है जो विश्वभर में करोड़ों लोगों को प्रभावित करती है। हमने इस शोध में मानव कार्टिलेज कोशिकाओं की 3 डी स्फेरायड्स और सी एलिगेंस पर अध्ययन किया है। यह शोध स्पष्ट करता है कि ऑर्थोग्रिट न केवल गठिया के लक्षणों को कम करता है, बल्कि बीमारी की प्रगति को रोकने में भी कारगर है।

## बीसीएसएसएल को मिला कोस्टल सर्विलांस प्रोजेक्ट

**हैदराबाद।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। कंपनी को अमेरिका में अपने क्लाइंट के माध्यम से 9.36 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एक बड़ा कोस्टल सर्विलांस प्रोजेक्ट मिला है। यह परियोजना 18 महीनों में पूरी की जाएगी और इसका उद्देश्य दक्षिण अमेरिका के तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा को मजबूत बनाना है। इस प्रोजेक्ट के तहत अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली विकसित की जाएगी, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , इंटरनेट ऑफ थिंग्स और क्लाउड टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।चेयरपर्सन जानकी ने कहाकि हम 9.36 मिलियनअमेरिकी डॉलर के इस प्रोजेक्ट को हासिल करके बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं।

पदाधिकारी और सदस्यों का निर्णय

# फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा-ट्रांसपोर्ट नगर की तर्ज बसाया जाए टेंट नगर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



राज्य सरकार ने जिस तरह ट्रांसपोर्ट नगर बसाया है उसी तर्ज पर टेंट व्यापारियों के लिए टेंट नगर बसाया जाए। शासन द्वारा रियायती दरों पर गोदाम के लिए जगह उपलब्ध कराई जाए, ताकि वह अपना कीमती सामान सुरक्षित रख सके। यह निर्णय फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा और चेयरमैन अजय सरागवी की अध्यक्षता में प्रदेश के नवनियुक्त पदाधिकारियों का मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी और मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से लिया। इस मौके पर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा, महासचिव (प्रशासनिक) गुड्डा अग्रवाल एवं महासचिव ( संगठन) राजेश हार्डिया, योगेश श्रीवास्तव,भोपाल टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वदेश सोनी मौजूद थे।

टेंट व्यापारी गोदामों का - बीमा एवं अग्नि सुरक्षा वाले उपकरणों को अवश्य अपनाएं : रामबाबू शर्मा

कोर कमेटी अध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने बताया कि अग्नि दुर्घटना होने के कारण टेंट व्यापारी को काफी नुकसान होता है इसलिए सभी टेंट व्यापारी गोदामों का बीमा एवं अग्नि सुरक्षा वाले उपकरणों को अवश्य अपनाएं। कोषाध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि सरकार कहती है बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ और दूसरी तरफ बेटियों की शादी पर 18 फीसदी जीएसटी केंद्र सरकार द्वारा लगाया गया है जो न्याय संगत नहीं है । टेंट व्यापारियों पर लगे 18 फीसदी जीएसटी को कम किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में फेडरेशन द्वारा प्रदेश से आए पदाधिकारी को सदस्यता प्रमाण पत्र परिचय पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## एक्सारो ने की सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना

**अहमदाबाद।** विट्रीफाइड और ग्लेज़्ड टाइल्स निर्माता कंपनी एक्सारो टाइल्स लिमिटेड ने गुजरात केगोरल, ईडर में 5 मेगावाट डीसी सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना की घोषणा की है। यह परियोजना कंपनी की स्थिरता, परिचालन कुशलता और उत्तरदायी निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। यह सौर परियोजना 25 वर्ष और 4 महीने की लीज पर ली गई भूमि पर स्थापितकी गई है और कंपनी कीतालोद, गुजरात स्थित निर्माण इकाईके लिए कैप्टिव उपयोग के लिए समर्पित है।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## होटल-रेस्टोरेंट वालों को मिलेगी राहत 97 रुपए सस्ता हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



**भोपाल।** तेल कंपनियों ने होटल, रेस्टोरेंट वालों को बड़ी राहत दी है। जुलाई की शुरुआत के साथ ही कमर्शियल गैस सिलेंडर उपयोग करने वालों को बड़ी राहत मिली। तेल कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में कमी की हैं। हर महीने की पहली तारीख को कंपनियां सिलेंडर के दाम अपडेट करती हैं। जिसके चलते राजधानी भोपाल इसके दाम में 97 रुपए की कमी आई है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडर जो पहले 1767 रुपए का वह घटकर अब 1670 रुपए का हो गया है।

# कोल इंडिया और हिंदुस्तान कॉपर में समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलकाता



कोल इंडिया लिमिटेड ने तांबा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में अवसरों की संयुक्त रूप से खोज और विकास के लिए हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।इस समझौता ज्ञापन पर कोल इंडिया के महाप्रबंधक (बीडी) सी.एस. सिंह और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के महाप्रबंधक (खान) बिनोद कुमार गुप्ता ने कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद, निदेशक (विपणन और व्यवसाय विकास) मुकेश चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यह सहयोग आत्मनिर्भरता की दिशा में एक रणनीतिक कदम है और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के तहत भारत के खनिज भविष्य को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## कोर्बिन ने रचा इतिहास, विदेशी सरजमीं में जड़ा शतक, झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोर्बिन बॉश ने साउथ अफ्रीका के लिए मंगलवार को इतिहास रचने का काम किया। जो काम साउथ अफ्रीका के लिए अब तक टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में कोई नहीं कर पाया था, वो काम कोर्बिन बॉश ने कर दिया। उन्होंने पहले तो मैच में सेंचुरी ठोकी और इसके बाद पांच विकेट भी अपने नाम लिए।

साल 2002 के बाद से अब तक कोई भी साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी ये काम नहीं कर पाया था, लेकिन अब कोर्बिन बॉश ने लंबे इंतजार को खत्म कर दिया है। इस बीच इन सभी प्लेयर्स ने शतक लगाने और पांच विकेट लेने का कारनामा अपने घर पर किया था, लेकिन कोर्बिन बॉश ने विदेशी सरजमीं पर ये काम कर दिया। यानी घर के बाहर ये कारनामा करने वाले कोर्बिन बॉश साउथ अफ्रीका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैच की दूसरी पारी में कोर्बिन बॉश नंबर आठ पर बल्लेबाजी के लिए आए थे। उन्होंने 124 बॉल का सामना कर 100 रनों की पारी खेली और आखिर तक आउट भी नहीं हुए।

## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## सैमसंग ने बीस्पोक एआई एप्लायंसेज को किया लांच

**नई दिल्ली।** सैमसंग ने अपनी 2025 बीस्पोक एआई एप्लायंसेज रेंज को लांच किया है। इसरेंज में चार मुख्य लाभ मिलते हैं। इसे इस्तेमाल करना व देखभाल करना बेहदआसान है, ये बचत करने के साथ ही पूरी तरह सुरक्षित हैं। ये उपकरण सैमसंग के नए एआई होम स्क्रीन, बिक्सबी वॉयस असिस्टेंट के साथ बातचीत, सैमसंग नॉक्स सुरक्षा, और स्मार्टथिंग्स कनेक्टिविटी से चलते हैं। ये आधुनिक भारतीय घरों के लिए व्यक्तिगत, बिजली की बचत करने वाले, और सुरक्षित स्मार्ट होम समाधान देते हैं। बीस्पोक एआई लाइन-अप चार मुख्य मूल्यों पर आधारित है जो उपभोक्ताओं को सीधे लाभ पहुंचाते हैं।

## टेरा ईवी के साथ मुख्य डीलर ने की साझेदारी

**जबलपुर।** जापानी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेरा मोटर्स ने एल5 ईवी ब्रांड के पूर्व सब-डीलर ने अब टेरा मोटर्स के साथ बतौर अधिकृत मुख्य डीलर साझेदारी की है। राकेश शर्मा, मालिक, ज्योति एंटरप्राइजेज (नव नियुक्त डीलर), ने इस अवसर पर कहा टेरा मोटर्स का ब्रांड, उनकी पारदर्शी नीति और जापानी गुणवत्ता से जुड़ाव ने मुझे प्रभावित किया।

## मणिपाल में दिया ऑर्बिटल एथरेक्टॉमी को अंजाम


**कोलकाता।** मणिपाल हॉस्पिटल सॉल्टलेक ने पहली बार ऑर्बिटल एथरेक्टॉमी नामक एक अत्याधुनिक प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह तकनीक हृदय की धमनियों में जमा सख्त कैल्शियम ब्लॉकेज को हटाने के लिए की जाती है। यह जीवनरक्षक प्रक्रिया डॉ. पार्थ सारथी बनर्जी, सीनियर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी और डॉ.अरिंदम पांडे, सीनियर कंसल्टेंट, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, मणिपाल हॉस्पिटल सॉल्टलेक की देखरेख में 65 वर्षीय एक पुरुष मरीज जो अनियंत्रित डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित थे । पर की गई।

## एसरी इंडिया ने जियो एआई पर बड़ा दांव लगाया

**नई दिल्ली।** एसरी इंडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने नोएडा में एक नई इकाई में जीआईएस एवं एआई कंपिटेंसी सेंटर खोलने की घोषणा की। एसरी इंडिया अगले 5 साल में 150 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5915



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

### शब्द पहेली -5914 का हल



## सूडोकु नवताल - 5925

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5924 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |



# सख्त पुलिस अफसर का निभाएंगे किरदार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बनर्जी सिल्वर स्क्रीन पर पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। फिल्म स्टोलेन में अपने शानदार अभिनय के लिए सराहे गए अभिषेक बनर्जी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह पुलिस की यूनिफॉर्म में नज़र आ रहे हैं और पूरे जोश में मुस्कुरा रहे हैं। इस तस्वीर ने तुरंत उनके फैंस का ध्यान खींचा और सब सोच में पड़ गए, क्या हमारा फेवरेट 'जना' अब एक सख्त पुलिस वाले का रोल निभाने जा रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया कि हां, अभिषेक जल्द ही ऑन-स्क्रीन एक पुलिस अफसर के रूप में नज़र आएंगे।

लाइफStyle

# सान्विका

## 'पंचायत 4' की रिंकी का असली नाम कुछ और है

अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक 'पंचायत' का चौथा सीजन रिलीज हो चुका है, जिसके हर एक एपिसोड पर दर्शक दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। इस सीरीज में जितेंद्र कुमार, रघुबीर यादव, नीना गुप्ता, फैसल मलिक और चंदन रॉय जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। इसमें सान्विका भी अहम भूमिका निभा रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सान्विका सीरीज में प्रधान जी (रघुबीर) की बेटी रिंकी का किरदार निभाया है। आइए जानें आखिर सान्विका हैं कौन। सान्विका हिंदी सिनेमा की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। उनका जन्म मध्य प्रदेश के जबलपुर में हुआ था। अभिनेत्री का असली नाम पूजा सिंह है, लेकिन प्रशंसकों के बीच वह सान्विका के नाम से मशहूर हैं। शुरुआती पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की और बेंगलुरु की एक कंपनी में नौकरी करने लगीं, लेकिन इसमें उनका मन नहीं लगा। सान्विका को बचपन से ही अभिनय में रुचि थी, जिसके चलते उन्होंने नौकरी छोड़कर मुंबई का रुख किया।

सान्विका ने अपने करियर की शुरुआत में कई चुनौतियों का सामना किया था। वह 'लखन लीला भार्गव' और 'हजामत' जैसी वेब सीरीज में नजर आ चुकी हैं। हालांकि, उन्हें लोगों के बीच पहचान वेब सीरीज 'पंचायत' से मिली और घर-घर मशहूर हो गईं। बता दें कि सान्विका सोशल मीडिया पर भी खूब सक्रिय रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 4 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। हालांकि, इंस्टाग्राम पर सान्विका के केवल 10 ही पोस्ट हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# बॉलीवुड में करना चाहते है काम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' को भारत में अच्छा रिस्पांस मिला। एक इवेंट में टॉम क्रूज ने इंडियन फैंस को खास तोहफा देते हुए खुलासा किया कि उन्हें हिंदी सिनेमा से गहरा लगाव है और वह एक हिंदी फिल्म में काम करना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भारत एक अद्भुत देश है, यहां के लोग और संस्कृति शानदार हैं। मुझे भारत से बहुत प्यार है। मेरा भारत का अनुभव मेरी यादों में बस गया है। जब मैं वहां पहुंचा, ताजमहल देखने गया और मुंबई में भी समय बिताया।



# पिता विलेन, बेटा बन गया हॉलीवुड का हीरो

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड में हर दौर में खलनायकों का बोलबाला रहा है। ऐसे ही एक अभिनेता कबीर बेदी भी हैं। कबीर बेदी ने बड़े पर्दे पर हीरो के रोल के अलावा विलेन के किरदार भी अदा किए। वो विलेन के रोल में भी काफी पसंद किए गए। क्या आपको पता है कि कबीर के बेटे एडम बेदी हॉलीवुड में हीरो के रूप में दुनियाभर में नाम कमा रहे हैं। लुक्स के मामले में तो एडम बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन को भी तगड़ी टक्कर देते हैं। एडम, कबीर की दूसरी पत्नी रहीं ब्रिटिश मूल की फेमस फैशन डिजाइनर सुजैन हम्प्रेज की संतान है। शादी के दस साल बाद कबीर और सुजैन का तलाक हो गया था। एडम का जन्म सितंबर 1981 में अमेरिका में हुआ था। उनकी परवरिश भी वहीं हुई। 43 वर्षीय अभिनेता अपनी फैमिली के साथ अमेरिका में ही रहते हैं।



# सोनम ने लंदन में लूट ली महफिल

**लंदन।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने ऑस्कर विजेता केट ब्लैंचेट के साथ सरपेंटाइन समर पार्टी में महफ़िल लूट ली। बॉलीवुड की स्टाइल दिवा और अंतरराष्ट्रीय फैशन आइकन सोनम कपूर ने लंदन में आयोजित प्रतिष्ठित सरपेंटाइन समर पार्टी में अपने ग्लैमर से सभी का ध्यान खींचा। सोनम को इस कार्यक्रम की होस्ट कमेटी का सदस्य भी बनाया गया था। इससे पहले उन्होंने भारतीय समकालीन कलाकार अर्पिता सिंह की प्रदर्शनी रिमेम्बरिंग में भी भाग लिया। यह पार्टी ऑस्कर पुरस्कार विजेता अभिनेत्री केट ब्लैंचेट के सह-आयोजन में आयोजित की गई थी। इस पार्टी में ईशा अंबानी, ऐज़ा गोंज़ालेज़, एलिसिया विकेंडर, रिबेल विल्सन, जॉर्जिया मे जैगर, लेडी अमेलिया स्पेंसर, लेडी एलिजा स्पेंसर, लिली एलन और कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियां भी मौजूद थीं।



# 'हेरा फेरी 3' में नजर आएंगे बाबू भैया

**मुंबई।** पिछले काफी समय से फिल्म 'हेरा फेरी 3' चर्चा में थी। 'बाबू राव' का किरदार निभा चुके परेश रावल के इस फ्रेंचाइजी से बाहर हाने की खबर ने हलचल मचा दी थी। परेश के इस फैसले ने पूरी इंडस्ट्री को चौंका दिया। 'हेरा फेरी 3' से किनारा करके परेश ने अपने प्रशंसकों को मायूस कर दिया था, लेकिन अब जो खबर आ रही है, उससे प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, हेरा फेरी 3 में परेश लौट आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, परेश ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में खुलासा किया है कि उन्होंने अक्षय कुमार और प्रोडक्शन हाउस के साथ सभी मुद्दों को सुलझा लिया है। इस मामले पर खुलकर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अब सब कुछ ठीक है। 'हेरा फेरी 3' में अक्षय (राजू), सुनील शेट्टी (श्याम) और परेश (बाबू राव) साथ नजर आएंगे।

## टीवी मसाला

# 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' में चतुर चालाक खलनायक की होगी एंट्री



**मुंबई।** अभिनेता रजत दहिया सोनी सब के शो 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। सोनी सब का शो 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' अपनी अप्रत्याशित कहानियों और गहराई लिए हुए किरदारों के साथ दर्शकों को लगातार रोमांचित कर रहा है। दर्शक युग (शब्बीर आहलूवालिया) और कैरी (आशी सिंह) के बीच बनते रिश्ते का आनंद लेने लगे हैं और अब कहानी में एक बड़ा मोड़ आने वाला है, रजत दहिया की एंट्री के साथ, जो निभा रहे हैं विक्रम (विक्की) मल्होत्रा की भूमिका। एक ऐसा वकील जो बाहर से तो आकर्षक और सलीकेदार लगता है, लेकिन अंदर से बेहद चालाक और चतुर है और युग का पुराना दुश्मन भी है। विक्रम कोई आम किरदार नहीं है। वह युग का पुराना प्रतिद्वंद्वी है, जिसके साथ उसकी बीती जिंदगी में विश्वासघात और अधूरी दुश्मनियां जुड़ी हैं। विक्रम की वापसी के साथ पुरानी रंजिशें फिर से सिर उठाएंगी, जो न सिर्फ युग की ज़िंदगी को उथल-पुथल कर देंगी, बल्कि उसके और कैरी के बीच बन रहे नाजुक रिश्ते को भी खतरे में डाल देंगी। विक्रम बाहर से भले ही शांत और आकर्षक लगे, लेकिन उसके भीतर कई वर्षों का दबा हुआ गुस्सा है। वह अपनी चालाकी से सच्चाई को झूठ और झूठ को सच्चाई की तरह पेश करना जानता है और यही उसे बेहद खतरनाक बनाता है। टेलीविजन पर अपने प्रभावशाली अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले रजत दहिया ने अपने किरदार के बारे में कहा, जो बात मुझे विक्रम की भूमिका की ओर खींच लाई।

## संस्कार कितने जरूरी, बिग बी ने बताई अहमियत

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने जीवन में संस्कार का महत्व बताया है। अमिताभ ने अपने ब्लॉग में संस्कार के बारे में बात की। उन्होंने लिखा कि हिंदू परंपरा में संस्कार का मतलब होता है,



वो खास रीति-रिवाज और विधियां, जो इनसान के जीवन में अलग-अलग मौकों पर की जाती हैं। इनका मकसद इनसान के शरीर, मन और सोच को शुद्ध करना और उनके अच्छे चरित्र और व्यक्तित्व को बनाना होता है। अमिताभ ने कहा कि संस्कार किसी इंसान के स्वभाव, सोच और व्यवहार को बनाने में बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। यह संस्कार उन्हें अच्छे रास्ते पर चलने, सही और गलत में फर्क समझने, और ईमानदारी से जीने की सीख देते हैं। संस्कार एक तरीका है, जिससे हमारे सांस्कृतिक मूल्य, परंपराएं और विश्वास एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचते हैं।

# ऑस्कर की रेस से क्यों बाहर हुई 'लापता लेडीज'?

**रवि किशन बोले- पक्षपात और गुटबाजी हुई**



**मुंबई।** आमिर खान और किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' को भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में ऑस्कर तक भेजा गया था। हालांकि, कई लोगों ने इस पर आपत्ति जताई। उधर निर्देशक हंसल मेहता और संगीतकार रिकी केज ने ऑस्कर से इसके बाहर हो जाने के बाद कहा था कि ये फिल्म इतने प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में भेजने के लायक थी ही नहीं। बहरहाल, फिल्म के कलाकार रवि किशन ने बताया कि फिल्म ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट क्यों नहीं हुई। रवि ने कहा, लापता लेडीज' के ऑस्कर तक पहुंचने के बाद मेरे प्रति लोगों का नजरिया बदला है। अब लोगों को लगता है कि मैं अच्छा कलाकार हूं। अब मेरे पास अच्छी स्क्रिप्ट और अच्छे प्रस्ताव आते हैं। रवि इस फिल्म को अपने करियर के लिए मील का पत्थर मानते हैं।

### ऑस्कर पर अभिनेता का बड़ा बयान

रवि किशन ने ऑस्कर पर पक्षपात करने का आरोप लगाया। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा,"ऑस्कर में पक्षपात होता है। हम गुटबाजी का शिकार हो जाते हैं। हमारे साथ भी यही हुआ। 'लापता लेडीज' भी गुटबाजी का ही शिकार हुई। अब भले ही अभिनेता ने ऑस्कर को लेकर ये दावा किया है, लेकिन जब 'लापता लेडीज' शॉर्टलिस्ट नहीं हुई थी तो लोगों ने ऑस्कर के लिए एक गलत फिल्म चुनने पर फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया को खूब लताड़ा था। अपने करियर के लिए 'लापता लेडीज' को अहम फिल्म बताते हुए रवि बोले, मेरे लिए ये बहुत खास है, क्योंकि मुझ पर एक ठप्पा लगा दिया गया था कि मैं भोजपुरी स्टार हूं। मैं अभिनेता के तौर पर खुद को 34 साल से सींच रहा था। मेरा एक अलग स्टाइल है। लोग उसे पसंद करते हैं, लेकिन मुझे भोजपुरी की वजह से पीछे धकेल दिया जाता था। फिर मुझ पर महादेव की कृपा हुई। ये हुआ 'लापता लेडीज' के बाद।

# इन फिल्मों ने सबसे जल्दी कमाए 100 करोड़, एक को लगे महज 3 दिन

**मुंबई।** आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन कर रही है। 9वें दिन फिल्म की कमाई में अच्छा उछाल आया और इसने भारत में 100 करोड़ रुपये के जादुई आंकड़े को पार कर लिया। ये फिल्म अब तक कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी है और कई रिकॉर्ड बनाने की ओर बढ़ रही है। आइए जानते हैं इस साल आईं उन हिंदी फिल्मों के बारे में, जो तेजी से 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हुई हैं।

**'छावा':** इस साल रिलीज हुईं सभी फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'छावा' है। इस साल सबसे तेज 100 करोड़ हासिल करने का रिकॉर्ड फिलहाल



विक्की कौशल की इसी फिल्म के पास है। 'छावा' ने महज 3 दिनों में ही 100 करोड़ का आंकड़ा छू लिया था। फिल्म में नकारात्मक भूमिका में दिखे अक्षय खन्ना ने भी खूब तारीफें लूटी थीं। इस फिल्म ने भारत में कुल 600 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई की थी। यह नेटफ्लिक्स पर है।

**'हाउसफुल 5' :** इस फेहरिस्त में दूसरा नाम अक्षय कुमार और रितेश देशमुख जैसे कलाकारों से सजी फिल्म 'हाउसफुल 5' का है। इस फिल्म को भारत में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में महज 4 दिन लगे थे। भले ही फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसने बड़ी तेजी से कमाई की। फिल्म अब भी सिनेमाघरों में लगी हुई है और भारत में लगभग 181 करोड़ रुपये कमा चुकी है।

**'स्काई फोर्स' और 'सिकंदर' :** भारत में इस साल सबसे तेज 100 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली फिल्मों में अक्षय कुमार की 'स्काई फोर्स' तीसरे स्थान पर है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक इस फिल्म ने ये आंकड़ा अपनी रिलीज के 8वें दिन में पार किया था। अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म देखी जा सकती है।

**'रेड 2' और 'सितारे जमीन पर'** अजय देवगन और रितेश देशमुख की फिल्म 'रेड 2' ने 9 दिनों में इस आंकड़े को छुआ था। हालांकि, निर्माताओं को उम्मीद थी कि ये फिल्म 100 करोड़ के आंकड़े को थोड़ा पहले पार करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। यह फिल्म 26 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। आमिर की फिल्म 'सितारे जमीन पर' ने रिलीज के 9वें दिन 13.63 करोड़ रुपये कमाए और भारत में इसकी कुल कमाई 109.55 करोड़ रुपये हो गई है।



## ऑस्कर विजेता गुनीत मोंगा का मिला साथ

# 'द लंच बॉक्स' वाले रितेश बत्रा फिर मचाएंगे धमाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अपनी पहली ही फिल्म से 25 देसी-विदेशी फिल्म पुरस्कार जीत लेने वाले रितेश बत्रा अमेरिका में रहकर भारतीय संवेदनाओं पर फिल्में बनाते हैं। अब वह एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं और इसके लिए एक बार फिर उन्होंने निर्माता गुनीत मोंगा से हाथ मिलाया है। पिछली बार रितेश अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा के साथ फिल्म 'फोटोग्राफ' लेकर आए थे और इसके 6 साल बाद वह फिर निर्देशन में लौट रहे हैं और एक नई रोमांटिक फिल्म के लिए तैयार हैं।

### हो गया फिल्म के कलाकारों का चुनाव

रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म में काम करने वाले कलाकारों का नाम तय हो चुका है। रितेश ने एक बार फिर इस फिल्म के जरिए ऑस्कर पुरस्कार विजेता निर्माता गुनीत मोंगा से हाथ मिलाया है, जो दुनियाभर में वाहवाही लूट चुकी उनकी फिल्म 'द लंच बॉक्स' की सह-निर्माताओं में से की थीं। गुनीत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोडक्शन की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। गुनीत और रितेश फिर सालों बाद साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।



### अभिनय का तड़का लगाएंगे देसी-विदेशी कलाकार

मिड डे के मुताबिक, रितेश अब एक नई लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं, जिसकी शूटिंग सितंबर में शुरू होने वाली है। इस खास रोमांटिक फिल्म पर रितेश पिछले काफी समय से काम कर रहे हैं। फिल्म में दो अलग-अलग ऐसे लोगों की प्रेम कहानी देखने को मिलेगी, जो अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आते हैं। भारत के साथ विदेशी कलाकारों के अभिनय से सजी इस फिल्म की कहानी एक भारतीय पुरुष और एक विदेशी महिला के बीच इर्द-गिर्द घूमती दिखेगी।

### 'द लंच बॉक्स' ने दुनियाभर में गाड़े थे सफलता के झंडे

रितेश अपने निर्देशन की 2013 में आई पहली फिल्म 'द लंच बॉक्स' के जरिए मुंबई के डब्बावालों का जायका दुनियाभर में ले गए। उनके मुताबिक, वह अपनी फिल्मों को भारत एवं इसकी संस्कृति का झरोखा बनाकर भारतीय कहानियों को दुनिया तक जाने के मिशन पर हैं। 'द लंच बॉक्स' को बीएएफटीए अवॉर्ड्स में नामांकन भी मिला था। इस फिल्म ने न सिर्फ रितेश, बल्कि इरफान खान और नवाजुद्दीन के करियर को भी सफलता के शिखर पर पहुंचा दिया था।

### 6 साल पहले रितेश लेकर आए थे 'फोटोग्राफ'

सेल्फी और इंस्टाग्राम के चट क्लिक, पट अपडेट के इस दौर में कभी दराज में पड़ी एक पुरानी फोटो हाथ लग जाए तो आंखों में चमक और चेहरे पर मुस्कान आए बिना रह ही नहीं सकती। रितेश ने साल 2019 में 'फोटोग्राफ' से दर्शकों की आंखों में वही चमक और चेहरे पर वही मुस्कान लाने की कोशिश की थी। हालांकि, सान्या मल्होत्रा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और जिम सर्भ जैसे कलाकारों से सजी उनकी इस फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था।

# अमेरिका के 10 शहरों में दिखाई जाएगी 'द बंगाल फाइल्स'

मुंबई। 'द कश्मीर फाइल्स' और 'द वैक्सीन वॉर' जैसी फिल्में बनाने वाले फिल्म निर्माता और निर्देशक विवेक अग्निहोत्री अब फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' लेकर आ



रहे हैं। उनकी यह फिल्म 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी किया था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब 'द बंगाल फाइल्स' का प्रीमियर संयुक्त राज्य अमेरिका में किया जा रहा है। यह फिल्म अमेरिका के 10 शहरों में दिखाई जाएगी।

### जानिए कब और कहां होगा प्रीमियर

अग्निहोत्री अपनी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' का भव्य प्रीमियर अमेरिका में करने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म 19 जुलाई को न्यू जर्सी में, 20 जुलाई को वाशिंगटन डीसी में, 25 जुलाई को रैले में, 26 जुलाई को अटलांटा में, 27 जुलाई को टैम्पा में, 1 अगस्त को फीनिक्स में, 2 अगस्त को लॉस एंजिल्स में, 3 अगस्त को **SF** बे एरिया में, 9 अगस्त को शिकागो और 10 अगस्त को ह्यूस्टन में दिखाई जाएगी। अग्निहोत्री ने लिखा, 'अमेरिका, क्या आप 'द बंगाल फाइल्स' के लिए तैयार हैं। अमेरिका में भव्य प्रीमियर। 10 शहर और 1 सत्य। अगर 'द कश्मीर फाइल्स' ने आपको दुख पहुंचाया है तो 'द बंगाल फाइल्स' आपको परेशान करेगी।'

## खबर संक्षेप



### नीरज क्लासिक से एंडरसन पीटर्स ने लिया नाम वापस

**बेंगलुरु ।** विश्व चैम्पियनशिप के दो बार के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी एंडरसन पीटर्स टखने की चोट के कारण मंगलवार को नीरज चोपड़ा क्लासिक से हट गए, जिससे पांच जुलाई को होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को एक और झटका लगा। ग्रेनेडा के इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में नीरज के बाद तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता था। शनिवार को होने वाले नीरज चोपड़ा क्लासिक में उनकी जगह पोलैंड के साइप्रियन मिर्जिग्लोड को शामिल किया गया है। मिर्जिग्लोड 2019 के यूरोपीय अंडर-23 चैंपियन हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.97 मीटर है जो उन्होंने इसी पर प्रतियोगिता के दौरान हासिल किया था। आयोजकों ने एक बयान में कहा,'एंडरसन पीटर्स अपनी आखिरी प्रतियोगिता के दौरान लगी टखने की चोट के कारण नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 से हट गए हैं। पोलैंड के साइप्रियन मिर्जिग्लोड को उनकी जगह प्रतियोगिता में शामिल किया गया है।

### विंबलडन के पहले दौर में हारीं जेसिका

**लंदन।** तीसरी वरीयता प्राप्त



जेसिका पेगुला मंगलवार को विंबलडन के पहले दौर में 116वीं रैंकिंग पर काबिज एलिसाबेटा कोकियारेटो ने 6-2, 6-3 से हार कर उलटफेर का शिकार हो गईं। अमेरिका की इस खिलाड़ी के लिए पिछले पांच साल में यह किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट से सबसे जल्दी बाहर होना है। वह इससे पहले 2020 में फ्रेंच ओपन के पहले दौर से बाहर हुई थी। पेगुला इस टूर्नामेंट से पहले बैड होम्बर्ग ओपन का चैंपियन बन कर पहुंची थी। उन्होंने जर्मनी में घसियाले कोर्ट के इस टूर्नामेंट के फाइनल में इगा स्विएतेक को सीधे सेटों में हराया था। इटली की 24 साल की कोकियारेटो ने कहा, 'मैंने खुद से कहा था कि हार और जीत के बारे में सोचे बिना आक्रामक रुख अपनाएं रखो।' दो साल पहले विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पेगुला ने इस मुकाबले में केवल पांच विनर्स लगाए और 24 असहज गलतियां कीं। वह इससे पहले ऑल इंग्लैंड क्लब में सिर्फ एक 2019 में अपने पदार्पण वर्ष में बार शुरुआती दौर से बाहर हुई है। पेगुला इस साल पांच एकल फाइनल खेल चुकी है और वह इस मामले शीर्ष रैंकिंग वाली आर्यना सबलेंका से पीछे है। सबालेंका ने सात फाइनल मैच खेले हैं।

### शतरंज टूर्नामेंटः प्रज्ञानानंदा और गुकेश पर रहेगी नजर

**ज़ाग्रेब (क्रोएशिया)।** भारत के



नंबर एक खिलाड़ी आर. प्रज्ञानानंदा अपनी शानदार फॉर्म के कारण बुधवार से शुरू हो रहे ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट की तीसरी प्रतियोगिता में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे। प्रज्ञानानंदा ने हाल में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है और अगर वह अपने इस प्रदर्शन को जारी रखते हैं तो उन्हें रोकना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होगा। क्रोएशियाई चरण में विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के साथ-साथ मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश भी भाग लेंगे। प्रज्ञानानंदा को कार्लसन और गुकेश के अलावा अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव की कड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा।

# लियोन की हुंकार...भारत में सीरीज जीते बिना संन्यास नहीं लेने वाला

एजेंसी ▸▸ सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)



आस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं । सैतीस वर्ष के ऑफ स्पिनर लियोन ने आस्ट्रेलिया के लिए 138 टेस्ट में 556 विकेट लिए हैं । भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारत में कभी भी श्रृंखला नहीं जीत सके। आस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने कहा, ' मैं भारत में श्रृंखला जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी श्रृंखला जीतना चाहता हूं।' उन्होंने कहा, ' हमारे पास यह मौका होगा लेकिन हमें टेस्ट दर टेस्ट रणनीति बनानी होगी। हमें पहले यहां वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन करना है । इसके बाद एशेज खेलनी है। मेरी नजरें एक और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल पर भी है।'लियोन ने आस्ट्रेलियाई टीम में 'सांग मास्टर' का अपना काम विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को सौंप दिया है जिन्होंने वेस्टइंडीज पर पहले टेस्ट में 159 रन से जीत के बाद यह जिम्मेदारी निभाई। आस्ट्रेलिया की हर जीत के बाद यह गीत 'अंडरनीथ द सदर्न क्रॉस' गाया जाता है, जो सांग मास्टर शुरू करता है। रॉड मार्श ने यह परंपरा शुरू की और पूर्व बल्लेबाज माइकल हस्सी ने लियोन को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। लियोन ने कहा, ' मैंने 12 साल तक यह जिम्मेदारी निभाई। यह मेरे कैरियर की बड़ी उपलब्धि रही लेकिन इसे छोड़ने का मतलब यह कतई नहीं है कि मैं संन्यास ले रहा हूं ।

### सॉन्ग मास्टर का जिम्मा एलेक्स को सौंपा



*नाथन लायन ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में 'सॉन्ग मास्टर' का अपना काम विकेटकीपर एलेक्स कैरी को सौंप दिया है, जिन्होंने वेस्टइंडीज पर पहले टेस्ट में 159 रन से जीत के बाद यह जिम्मेदारी निभाई। ऑस्ट्रेलिया की हर जीत के बाद यह गीत 'अंडरनीथ द सदर्न क्रॉस' गाया जाता है जो सांग मास्टर शुरू करता है। रॉड मार्श ने यह परंपरा शुरू की और पूर्व बैटर माइकल हसी ने लायन को यह जिम्मेदारी सौंपी थी।*

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से**

# 58 साल का सूखा खत्म करने एजबेस्टन में उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▸▸ बर्मिंघम



भारत और इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम के एजबेस्टन में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बुधवार से खेला जाएगा। इस मैदान पर अब तक भारतीय टीम जीत दर्ज नहीं कर पाई है। टीम इंडिया ने इस मैदान पर सबसे पहला मैच 1967 में खेला था। 58 साल में यहां किसी भारतीय कप्तान ने जीत हासिल नहीं कर पाई है। हालांकि, शुभमन गिल के पास अपना नाम इतिहास की किताबों में दर्ज कराने का मौका होगा। अगर वह 58 वर्षों का सूखा खत्म करने में कामयाब होते हैं तो बर्मिंघम के एजबेस्टन में जीत हासिल करने वाले पहले भारतीय कप्तान बनेंगे।

### एजबेस्टन में भारत का इतिहास

भारत ने 1967 में जब पहली बार एजबेस्ट में टेस्ट मैच खेला था तो मंसूर अली खान पटौदी कप्तान रहे थे। तब इंग्लैंड ने टीम इंडिया को 132 रन से हराया था। इसके बाद 1974 में भारत ने इस मैदान पर दूसरी बार इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट खेला, तब अजीत वाडेकर कप्तान रहे थे। भारत को उस मुकाबले में भी पारी और 78 रन से हार का सामना करना पड़ा था। फिर 1979 में भारत ने एस. वेंकटराघवन की कप्तानी में तीसरा मुकाबला खेला। उस टेस्ट में इंग्लिश टीम ने भारतीय टीम को पारी और 83 रन से शिकस्त दी थी। 1986 में टीम इंडिया ने एजबेस्टन में कपिल देव की कप्तानी में टेस्ट खेला। यह मैच ड्रॉ रहा था और रिकॉर्ड के हिसाब से कपिल एजबेस्टन में टेस्ट ड्रॉ कराने वाले पहले भारतीय कप्तान हैं। आंकड़ों के हिसाब से वह एजबेस्टन में सबसे सफल भारतीय कप्तान भी हैं। इसके बाद टीम इंडिया 10 साल तक एजबेस्टन के मैदान से दूर रही। फिर 1996 में मोहम्मद अजहरुद्दीन की कप्तानी में टीम इंडिया इस मैदान पर टेस्ट मैच खेलने उतरी। उस मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को आठ विकेट से हराया था। 2011 में जब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने एजबेस्टन में टेस्ट खेला तो इंग्लैंड ने पारी और 242 रन से जीत दर्ज की। 2018 में विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने एजबेस्टन में टेस्ट खेला और 31 रन से भारतीय टीम को हार मिली। 2021-22 में भारत के इंग्लैंड दौरे पर चार टेस्ट भारतीय टीम ने विराट कोहली की कप्तानी में खेले, लेकिन पांचवां टेस्ट कोरोना की वजह से स्थगित हो गया था। इसे 2022 में अगस्त में खेला गया था। तब तक कोहली कप्तानी से हट चुके थे। ऐसे में जसप्रीत बुमराह ने टीम इंडिया की कप्तानी की और भारत यह टेस्ट सात विकेट से हार गया। इस मुकाबले से पहले तक भारत 2-1 से सीरीज में आगे थे। अगर मैच तभी हुआ होता तो कोहली के पास भी इतिहास रचने का मौका था। हालांकि, ऐसा नहीं हो सका।

### इंग्लैंड के खिलाफ वापसी के लिए भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

बर्मिंघम। भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा, जो पूरे 20 विकेट ले सकें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है, जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें। डोइशे ने कहा, ' रणनीति की बात करें तो हम हर गेंदबाज को व्यक्तिगत तौर पर देख रहे हैं कि वे विकेट ले सकते हैं या नहीं। हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे।' उन्होंने कहा, ' टीम को पूरे 20 विकेट की जरूरत है। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। हम इस पर लगातार बात कर रहे हैं और हल निकालने की कोशिश में हैं।' बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच पर ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है । इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला ड्रॉ कराई थी। पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं । इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा। पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले।



**एशियाई कप क्वालीफायर**

# भारतीय महिला टीम आज इराक को देगी चुनौती



एजेंसी ▸▸ चियांग माइ (थाईलैंड)

भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सामने बुधवार को यहां 2026 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप बी मैच में अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी इराक की चुनौती होगी।

अपने शुरुआती दोनों मैचों को एकतरफा अंदाज में जीतने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी खिलाड़ियों के साथ प्रयोग करना जारी रखना चाहेगी। तिमोर-लेस्ते के खिलाफ मैच के दौरान नाक की हड्डी में फ्रैक्चर के कारण सौम्या गुगुलोथ इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं। भारत मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत के बाद छह अंकों और प्लस 17 के गोल अंतर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। थाईलैंड भी छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है उनका गोल अंतर प्लस 11 है। इराक पहले ही तीन मैच खेल चुका है और उसके चार अंक हैं। उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत होगी। ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए भारत और थाईलैंड के बीच होड़ रहने की संभावना है और दोनों टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में पांच जुलाई को एक-दूसरे का सामना करेंगी।

### सकारात्मक सोच के साथ मैदान उतरेगी टीम : छेत्री

भारतीय कोच क्रिस्पिन छेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि टीम का पूरा ध्यान इराक के खिलाफ होने वाले मैच से तीन अंक हासिल करने पर है। छेत्री ने कहा, 'थाईलैंड के खिलाफ हमारा आखिरी मैच है, लेकिन अभी हमारा पूरा ध्यान इराक पर है। हमें इस बात की चिंता नहीं करनी चाहिए कि थाईलैंड या हमने कितने गोल किए हैं या कितने गोल करेंगे। हमारी प्राथमिकता इराक के मैच में सकारात्मक सोच के साथ उतरने और जीत के लिए खेलने की है।' विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज इराक ने तिमोर लेस्ते के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद मंगोलिया को 5-2 से हराकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली जीत दर्ज की थी। टीम को हालांकि मेजबान थाईलैंड से 0-7 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में भारत से 103 स्थान नीचे काबिज इराक के बारे में पूछे जाने पर छेत्री ने कहा, 'मैं इराक की टीम को उतना कमजोर नहीं मानता हूं, जितना लोग सोचते होंगे।

**विंबलडन**

# अल्काराज ने मैराथन मुकाबले में फोगनिनी को दी शिकस्त



एएजेंसी ▸▸ लंदन

गत दो बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज को विंबलडन के पहले दौर के मुकाबले में 38 बरस के फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और यह मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा ।

स्पेन के 22 वर्ष के अल्काराज ने आखिर में साढे चार घंटे तक चला मुकाबला 7-5, 6-7 (5), 7-5, 2-6, 6-1 से जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा, ' मुझे समझ में नहीं आ रहा कि यह उनका आखिरी विंबलडन क्यों है, जिस तरह से वह खेल रहे थे, मुझे लगा कि वह तीन चार साल और खेल सकते हैं।' फोगनिनी इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कहने जा रहे हैं । उन्होंने कहा, ' मुझे लगा नहीं था कि उसके खिलाफ मैच पांच सेट में जाएगा । मेरे पास भी मौके थे।' फोगनिनी विंबलडन में 15 बार खेले हैं लेकिन कभी तीसरे दौर से आगे नहीं जा सके । इस साल वह ग्रैंडस्लैम में छह मुकाबले खेले और सभी में पराजय मिली ।

### विंबलडन में इलेक्ट्रॉनिक मशीन ने संभाला लाइन जज का काम

**लंदन।** दुनिया के कई प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंटों की तरह अब विंबलडन में भी इलेक्ट्रॉनिक मशीन ने लाइन जज का काम संभाल लिया है। दुनिया का सबसे पुराना ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट सोमवार को जब शुरू हुआ तो सबसे बड़ा बदलाव यही देखने को मिला कि लाइन जज की छुट्टी कर दी गई है और उनकी जगह इलेक्ट्रॉनिक मशीन लाइन से बाहर पड़ने वाली गेंद के लिए पहले से रिकॉर्ड की गई आवाज में 'आउट' कह रही है। विंबलडन में तीन बार के विजेता और अब कॉमेंटेटर की भूमिका निभा रहे जॉन मैकेनरो ने भी इस बदलाव का स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों और प्रशंसकों को लाइन जज की आवाज की कमी खलेगी लेकिन अगर मशीन सटीक फैसला देती है तो यह अच्छा बदलाव है। कम से कम अब आपके दिमाग में फैसले को लेकर कोई संदेह तो नहीं रहेगा।' मैकेनरो ने मजाक में कहा, 'अगर पहले ऐसा होता तो मेरे बाल इतने सफेद नहीं होते, जितने अब हैं।' दुनिया की प्रमुख टेनिस प्रतियोगिताओं में पहले ही लाइन जज की जगह इलेक्ट्रॉनिक मशीन ने ले ली है।

**आईसीसी टी20 रैंकिंग**

# स्मृति की टॉप-3 में एंट्री इंग्लैंड के खिलाफ शतक जड़ने का हुआ फायदा



**दुबई।** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई । वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी । मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाए थे, जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है, जो उनके कैरियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है।

# यूरोप दौरे के लिए हॉकी टीम की घोषणा, 8 से शुरू होगी स्पर्धा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 8 से 20 जुलाई तक आठ मैचों के यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए पुरुष टीम का ऐलान किया। हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिए आयोजित किया गया है। भारत ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलना है। हॉकी इंडिया ने कहा ,'इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा। वे सीनियर टीम के लिए भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे।'भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम. रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे। गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे। भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे, जो 8 जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

NITNo/PWD/08/PRONo 295 — **द्वितीय निविदा सूचना** — Dated:- 01/07/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_433629_1 Date- 02/07/25 | सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन वार्ड अंतर्गत फकीरचंद अखाड़ा के पीछे से शारदा नगर मार्ग की ओर सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। | 04 माह / 7.20 लाख | 2000/- / 7209/- | 15/07/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म) नगर निगम जबलपुर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा द्वारा निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**निविदा क्र.:** NIT/25/JUN/95255818/ NGP/2025/01 दिनांक: 25.06.2025
**आइटम का विवरण:** पेट्रोल चालित रेल ड्रिलिंग मशीन आदि। **मात्रा**: 34 नग.
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 54,23,000/-
**ईएमडी:** ₹ 1,08,460/-
**देय तिथि:** दिनांक **18.07.2025**,
**देय समय:** सुबह **10:30** बजे।
**नोट:** उपर्युक्त ई-निविदा है और सभी निविदा-कर्ताओं अपनी बोलियाँ IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदा है एवं अधिक जानकारी के लिए, IREPS वेबसाइट पर जाएँ।
वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
PC/12-57
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**आम सूचना**

मैं राम किशन शर्मा पिता स्व. श्री दया राम शर्मा निवासी वॉर्ड नं. 03, मेन रोड, पुलिस थाने के सामने, शहपुरा जिला डिण्डौरी (म.प्र) उम्र 65 वर्ष का निवासी हूँ । सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र व पुत्रवधू सचिन शर्मा व मोनिका शर्मा निवासी वॉर्ड नं. 03, मेन रोड, पुलिस थाने के सामने, शहपुरा जिला डिण्डौरी (म.प्र) के निवासी है। मेरे पुत्र व पुत्रवधू द्वारा मुझे व मेरे परिवार को शारिरीक व मानसिक रूप से प्रताणित किया जा रहा है एवं मेरे पुत्र व पुत्र वधू का लेन देन भी ठीक ठाक नहीं है। इसलिये मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। तथा अपने घर से भी बेदखल कर रहा हूँ । पुत्र व पुत्रवधू द्वारा भविष्य में कोई भी लेन देन किसी भी प्रकार से किया जाता है तो उसके जिम्मेवार मैं नहीं रहूँगा न ही मेरा कोई दायित्व रहेगा ।

यह कि समस्त सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र व पुत्रवधू को मैं समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ और भविष्य में भी मेरी सम्पत्ति में हकदार नहीं रहेंगे।
दिनांक :- 23.06.2025
जबलपुर — हस्ताक्षर वसीयतकर्ता (राम किशन शर्मा)
Deepak Ku. Vishwakarma
AdvocateHigh Court of Madhya Pradesh
Res.Joff. H.No. 517, Marahatal Near Gurudwara, Jabalpur (M.P.)
E-Mail. : deepakvishwa88@gmail.com
Mob. No.: 7772887288

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर**
दूरभाष क्र / फैक्स क्र. 0761-2678279 ई मेल- eepwdbrijbp@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक 07 / कार्य यंत्री (सेतु संभाग ) / 2025-26 — जबलपुर दिनांक 27.06.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं :-

| स. क्र. | पोर्टल टैंडर क्र. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | इ.एम. डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबधित दस्तावेज जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_433815_1 | सिवनी | वार्षिक मरम्मत का कार्य | सिवनी जिले के अंतर्गत वार्षिक मरम्मत, पी.जी के विरूद्ध कार्य और विविध कार्य जैसे भूमिगत और अन्य सर्वेक्षण कार्य | द्वितीय | 19.52 | केवल ऑन लाईन |

उपरोक्त बेबसाईड ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंटें) बेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 14/07/2025 शाम 17.30 बजे निर्धारित है । विस्तुत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेबसाईड में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेबसाईड पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

G-15037/25 — "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" — कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग जबलपुर




### कहा- विश्वसनीय नहीं था अंतिम बार देखे जाने का साक्ष्य

# हाईकोर्ट ने दिलाया वकील, बेगुनाह को दूसरे दिन ही मिल गया न्याय

**हत्या के आरोप में मंडला जिला अदालत द्वारा सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा हाईकोर्ट ने की निरस्त**

हरिभूमि जबलपुर।

दो वर्षों से हत्या के आरोप में उम्रकैद से दंडित एक आरोपी की मप्र हाईकोर्ट में अपील की सुनवाई इसलिए आगे नही बढ़ पा रही थी, क्योंकि उसके लिए कोई वकील कोर्ट में उपस्थित नही हो रहा था। ना ही उसकी ओर से किसी ने जमानत की अर्जी दायर की थी। हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच के समक्ष जब 19 जून को मामला सुनवाई के लिए लगा, तो फिर कोई वकील अपीलकर्ता की ओर से खड़ा नही हुआ। इस पर कोर्ट ने अपीलकर्ता का पक्ष रखने कोर्ट मित्र नियुक्त कर दिया। कोर्ट मित्र वकील ने दूसरे ही दिन मामले पर अंतिम बहस की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उनकी दलीलों से सहमत होकर आरोपी को बरी कर दिया।

#### यह है मामला

प्रकरण के अनुसार,मंडला जिले के बम्हनी थानांतर्गत भारत टोला, ककैया निवासी रामस्वरूप भांवरे 16 सितंबर 2020 की शाम 6 बजे अपने घर से निकला। घर मे वह बताकर गया कि मुर्गा पार्टी में जा रहा है। लेकिन वापस नही आया, तो उसके पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 19 सितंबर 2020 को रामस्वरूप का शव एक पानी के टैंक में मिला। तफ्तीश के दौरान मृतक के बेटे राजा ने पुलिस को बताया कि उसने 16 सितंबर 2020 की शाम 6.30 बजे अपने पिता को लखन भांवरे के साथ देखा था। इसे आधार बनाते हुए पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में चालान पेश कर दिया। 22 सितंबर 2022 को एडीजे मंडला की अदालत ने आरोपी को लास्ट सीन व परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आजीवन कारावास की सजा सुना दी। इसी फैसले के खिलाफ लखन भांवरे की ओर से हाईकोर्ट में अपील दायर की गई थी।



#### हाजिर नही हो रहे थे वकील

आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते आरोपी को हाईकोर्ट में अपील दायर करने के लिए विधिक सहायता लेने में समय लगा। इसलिए अपील तय समय से 41 दिन विलम्ब से 13 फरवरी 2023 को दायर हुई। इसके बाद कई बार मामला हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए लगा, लेकिन आरोपी लखन की ओर से कोई वकील खड़ा नही हुआ। इस पर गत 19 जून को हाईकोर्ट ने अधिवक्ता गौरव माहेश्वरी को कोर्ट मित्र नियुक्त कर आरोपी का पक्ष रखने के निर्देश दिए। 20 जून को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट मित्र ने अंतिम बार मृतक को आरोपी के साथ देखने वाले गवाह की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़ा किया। उन्होंने कहा कि यह बात परिवार को मालूम होने के बावजूद मृतक के पिता ने एफआईआर में क्यों नही दर्ज कराई। उन्होंने डीएनए प्रोफ़ाइल मैच न होने का भी हवाला दिया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मृतक अंतिम बार देखे जाने के साक्षी को अविश्वसनीय ठहराते हुए आरोपी को शंका का लाभ दे दिया। कोर्ट ने जिला अदालत मंडला काआदेश रद्द कर लखन भांवरे को दोषमुक्त करते हुए रिहा करने के निर्देश दिए।

### ट्रायल कोर्ट की सजा निरस्त

## एक साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में 19 वर्ष लड़ी लड़ाई, तब मिला न्याय

**जबलपुर।** 54 लीटर देशी शराब अवैध रूप से पाए जाने के आरोप में पाटन निवासी निवासी लोक सिंह को 2006 में एक वर्ष की सजा सुनाई गई थी। वह बेकसूर था, इसलिए सजा के खिलाफ उसने 19 साल तक कानूनी लड़ाई लड़ी। अंततः मप्र हाईकोर्ट से उसे न्याय मिला।जस्टिस देवनारायण मिश्रा की सिंगल बेंच ने लोक सिंह को दोषमुक्त करार दे दिया। उसके विरुद्ध ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित आदेश अनुचित पाकर निरस्त कर दिया गया।

ग्राम पोंडी, पाटन, जबलपुर निवासी लोक सिंह को ट्रायल कोर्ट ने एक वर्ष के कारावास और 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई थी। जुर्माना राशि जमा न करने पर छह माह के अतिरिक्त कारावास की व्यवस्था दी गई थी। इस सजा के विरुद्ध पहले सेशल कोर्ट में अपील की गई। जहां उसे जमानत मिल गई, लेकिन ट्रायल कोर्ट का आदेश यथावत रखा गया। इसीलिए हाई कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट में लोक सिंह का पक्ष अधिवक्ता प्रमेंद्र सेन व प्रवीण सेन ने रखा। उन्होंने दलील दी कि 16 फरवरी, 2004 को बेलखेड़ा पुलिस ने 54 लीटर देशी शराब जब्त करने का अपराध पंजीबद्ध कर लिया था। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम अंतर्गत मामला बनाया गया था। 28 अगस्त, 2006 को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, पाटन की कोर्ट ने सजा सुना दी। जिसके विरुद्ध 2007 में हाई कोर्ट की शरण ले ली गई थी। दरअसल, यह मामला दुर्भावनावश फंसाए जाने से संबंधित था। अवैध शराब से लोक सिंह का कोई सरोकार नहीं था। इसीलिए वह अपनी बेगुनाही साबित करने जमानत हासिल करने के बाद से लंबे समय तक इंसाफ की लड़ाई लड़ता रहा।

### विदाई समारोह में बोले हाई कोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी

# माता-पिता के जीवन-मूल्य व मार्गदर्शन ही रहे प्रगति के मूल आधार

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट से सेवानिवृत्त हुए जस्टिस संजय द्विवेदी ने कहा कि माता-पिता द्वारा सिखाए गए जीवन-मूल्य और मार्गदर्शन के कारण ही जीवन में प्रगति कर पाया हूं। जस्टिस दीपक वर्मा ने मेरे मेंटर की भूमिका निभाई। उनके अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता एनएस काले और जस्टिस जेके माहेश्वरी का समय-समय पर अमूल्य दिशा-दर्शन मिला। वे अपने सम्मान में हाई कोर्ट प्रशासन द्वारा आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट जज के रूप में अपना सर्वोत्तम देने का हर संभव प्रयास किया। बिना किसी पूर्वाग्रह के भेदभाव रहित न्यायदान प्रक्रिया को गति दी। मैंने बार को जितना दिया, उससे अधिक प्रतिध्वनित होकर मुझे वापस मिला। जस्टिस द्विवेदी के रिटायरमेंट के बाद मप्र हाईकोर्ट में 33 जज बचे हैं। जबकि स्वीकृत पद 53 हैं।

#### 32 हजार से अधिक आदेश पारित किए : एसीजे सचदेवा

हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी ने 2018 से लेकर 2025 तक के अपने समग्र कार्यकाल में 32 हजार से अधिक आदेश पारित किए। न्यायदान के समानांतर हाई कोर्ट की प्रशासनिक व्यवस्था के सुचारू संचालन में भी उनकी महनीय भूमिका सराहनीय रूप में परिलक्षित हुई। इस तरह साफ है कि हाई कोर्ट से एक अच्छे न्यायमूर्ति की विदाई हो रही है।

#### इन्होंने रेखांकित किए भाव

विदाई समारोह में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल की अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मेनन ने न्यायमूर्ति द्विवेदी का व्यक्तित्व-कृतित्व रेखांकित किया।

### हाईकोर्ट ने सिंगरौली की महान एनर्जन कम्पनी की याचिकाएं खारिज कर कहा

# पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति के तहत मुआवजा राशि और लाभ देना कंपनी की जिम्मेदारी

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने सिंगरौली कलेक्टर के उस आदेश को सही ठहराया, जिसके द्वारा याचिकाकर्ताओं को मासिक विस्थापन भत्ता देने को कहा गया था। हाईकोर्ट ने कहा कि पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति के तहत मुआवजा राशि और लाभ देना कंपनी की जिम्मेदारी है। इस मत के साथ जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने अडानी पॉवर की कंपनी महान एनर्जन की दो याचिकाएं खारिज कर दीं। सिंगरौली स्थित कंपनी महान एनर्जन ने कलेक्टर के आदेश को चुनौती दी थी। अनावेदक कृषक मोहन साकेत व पुतलु बाई की ओर से अधिवक्ता महेश कुमार शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि एनर्जन के पहले एस्सार कंपनी ने भू-अर्जन नीति के तहत अनावेदकों से एग्रीमेंट किया था। कंपनी ने अनावेदकों की जमीन अधिग्रहीत की थी। बाद में कंपनी का नाम बदल कर एनर्जन कर दिया गया। पॉलिसी के तहत जब तक अनावेदक 58 वर्ष का नहीं हो जाता, तब तक उसे मासिक विस्थापन भत्ता देना होगा। इस संबंध में कलेक्टर ने मोहन साकेत के शैक्षणिक दस्तावेज के आधार पर उसे मासिक भत्ता जारी रखने का आदेश दिया था। इसी तरह एग्रीमेंट के दौरान पुतलु बाई वहीं निवास करती थी, इसलिए वह भी विस्थापन भत्ता पाने की अधिकारी है। कलेक्टर के इन आदेशों को कंपनी ने 2019 में हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

## गिरफ्तारी का भय दिखाकर 60 लाख की ठगी का आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**जबलपुर।** लार्डगंज थानान्तर्गत पांच माह पूर्व यादव कालोनी में रहने वाली एक वृद्धा को मनी लॉडिंग में गिरफ्तारी का भय दिखाकर उसके खाते से अपने खाते में 60 लाख रूपये ट्रांसफर कराने वाले साइबर ठग को राजस्थान के नागौर जिला से अभिरक्षा में लिया है, आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन एक चैक बुक व एक एटीएम कार्ड जब्त किया गया है। क्राईम ब्रांच थाना पुलिस के मुताबिक पटेल मोहल्ला यादव कालोनी निवासी श्रीमति राशि शर्मा के पति व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर से आसिस्टेंट वर्क्स मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त है शर्मा दंपत्ति का खाता एसबीआई कमला नेहरू नगर शाखा में हैं गत 10 जनवरी को सुबह 10.45 बजे वृद्धा राशि शर्मा के मोबाईल पर कोई गुमनाम काल गया काल करने वाले अज्ञात व्यापारी ने उनसे कता कि आपके सिम का कोई नरेश गोयल दुरूपयोग कर मनी लॉडिंग कर रहा हैं। जिसके कारण उक्त सिम दो घंटे में बंद हो जाएगा और आप गिरफ्तार हो जाएंगे। उक्त व्यक्ति ने वृद्धा से तत्काल दो लाख रूपए वेरिफकेशन के लिए आरजीटीएस के माध्यम से जमा करने के लिए कहा। अज्ञात व्यक्ति ने वृद्धा शशि शर्मा से कहा कि वेरिफिकेशन के बाद यह पैसा वापस कर दिया जायेगा इस तरह अज्ञात जालसाज ने अलग-अलग तारीखों में 59 लाख 65 हजार रूपये अपने खातों में ट्रांसफर कर लिये। जबलपुर क्राईम ब्रांच पुलिस ने राजस्थान के जयपुर दबिश देकर देवरीकला नागौर निवासी मुकेश चौधरी को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### 75 हजार हेक्टेयर में हुई थी बोनी, फिर संकट में किसान

# जिले में मूंग-उड़द की 30 फीसद फसल बारिश से प्रभावित

**जबलपुर।** समर्थन मूल्य पर मूंग-उड़द की खरीदी के हालहीं में संघर्षरत रहे किसान संकट से उबर भी नहीं पाए थे कि जिले भर के किसानों के सिर पर फिर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। भारत कृषक समाज के सिहोरा तहसील अध्यक्ष एडवोकेट रामगोपाल पटेल ने बताया कि इस वर्ष जबलपुर जिले में लगभग 75 हजार हेक्टेयर में मूंग एवं उड़द की बोनी हुई थी, जल्दी मानसून से हुई बरसात के कारण जिले मे लगभग 25 से 30 प्रतिशत उड़द मूंग जो कटाई के लिए खेत मे तैयार थी या जो कट कर गल्ले मे थ्रैशिंग के लिए रखी थी को नुकसान हुआ है। श्री पटेल ने बताया कि सर्वाधिक नुकसान सिहोरा और मझौली तहसील में हुआ हैं। श्री पटेल ने बताया कि 15 प्रतिशत की कटाई होना हैं। 20 प्रतिशत सब खराब हो रहा हैं। उन्होंने बताया कि किसान प्रयास में लगे हैं कि जल्द से जल्द थ्रैसिंग हो जाए लेकिन लगातार बारिश के चलते उनके प्रयास सफल नहीं हो पा रहे हैं।

### एक पखवाड़ा भी चैन से नहीं बैठ पाए किसान

हाल हीं में इसी माह समर्थन मूल्य पर उड़द-मूंग की खरीदी को लेकर जिले के किसानों को विरोध-प्रदर्शन, चक्काजाम करने विवश होना पड़ा था। कभी जहरीला और कभी अन्य वजहों से किसानों को उनकी फसल का सही मूल्यांकन नहीं हो पा रहा था। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत तहसील इकाई पाटन द्वारा सिविल कोर्ट चौराहे पर चक्काजाम कर किसानों के हितार्थ एक दिवसीय हड़ताल कर चारों तरफ से रोड बंद कर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानवेंद्र सिंह राजपूत को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया था कि ग्रीष्मकालीन फसल उड़द मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए। किसानों ने आरोप लगाया था कि कृषि उपज मंडी में उड़द मूंग में एक हजार से 2 हजार तक प्रति क्विंटल का नुकसान हो रहा है। शासन द्वारा धान उत्पादक किसानों को 4 हजार रूपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों को प्रोत्साहन राशि तत्काल दिलाई जावे जो अब तक नहीं मिल पाई। किसानों ने कृषि पंपों में बिजली विभाग द्वारा हॉर्स पावर बढ़ाए गए है उनको कम किए जाने की भी मांग की थी। मक्का एवं तुअर की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जावे। खाद्य वितरण केंद्रों में एवं समितियों में डीएपी एवं 12 3216 खाद्य की अतिशीघ्र उपलब्धता करवाई जाए, वही किसानों के शेष भुगतान धान खरीदी एवं गेहूं का भुगतान अतिशीघ्र करवाया जावे।

#### नहीं हुई नहरों की मरम्मत

किसानों ने मांग की थी कि आगामी खरीफ सीजन के लिए नहरों की मरम्मत करवाई जाए एवं नहरों में पानी समय पर 25 जून तक छोड़ा जाए। प्रदर्शन के दौरान दौरान चपोध, गुरुपिपरिया, जुगिया, बजरंग गढ़, कुंवरपुर, कटरा बेलखेड़ा, डूडी, धमनी, सुरैया, ग्वारी, बासन, गाड़ाघाट, सिमरिया, रोसरा, नुनसर बिनैकी, सकरा, जमुनिया के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। पहले किसान समर्थन मूल्य पर अनाज की उचित कीमत के लिए परेशान रहे और वर्तमान में फसल बचाने को लेकर परेशान हैं। भारत किसान संघ ने मांग की हैं कि जिन किसानों की फसलें बारिश की वजह से प्रभावित होती हैं कम से कम शासन प्रशासन समय पर जांच कर उन्हें उचित मुआवजा दिलाए ताकि वर्तमान में किसानों को बारिश से मिल रहे जख्मों से कुछ राहत तो मिले।




### 24 घंटे में भारी वर्षा की चेतावनी

# बादल झूमकर बरसने को आतुर



**जबलपुर।** जुलाई के महीनें में मानसून झूमकर बरसने को आतुर है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 5 दिनों में जिलें के अंदर मध्यम से भारी वर्षा की संभावना है। 2 जुलाई और 5 जुलाई को भारी वर्षा संभावित है। लिहाजा बारिश को ध्यान में रखते हुए किसान और प्रशासन उचित प्रबंध करें। मौसम विभाग के मुताबिक जिले में मानसून सक्रिय है। मंगलवार को सुबह से ही रिमझिम बारिश होती रही। जिसके बाद तापमान में गिरावट आई।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार उड़ीसा से आए मानसूनी बादल अभी पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर छाए हुए है। पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। लिहाजा अगले 24 घंटे के दौरान भारी वर्षा की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 26.08 डिग्री सेल्सियस जो सामान्य से 6 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 23.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 95 प्रतिशत और सायंकाल 90 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.29 पर और सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। इस वर्ष एक जून से अब तक कुल वर्षा 224.6 मिमी (9 इंच) हुई है। जबकि गत वर्ष आज के दिन तक कुल वर्षा 201.2 मिमी दर्ज की गई थी। दक्षिण पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

### ऐन वक्त पर यात्रियों में मच जाती है अफरातफरी

# रेलवे कोच गाइडेंस सिस्टम लड़खड़ाया



**जबलपुर।** रेलवे का कोच गाइडेंस सिस्टम लड़खड़ा गया है जिससे यात्रियों को बेहद परेशानी हो रही हैं। दरअसल मुख्य स्टेशन और मदनमहल स्टेशन में लगे डिस्प्ले बोर्ड में जिस जगह पर, जिस नंबर का कोच और जिस नंबर का प्लेटफार्म पर डिस्प्ले किया जाता है वहां पर ट्रेन के कोच नहीं रुकते। इसी तरह ट्रेन भी दूसरे प्लेटफार्म आ जाती हैं लिहाजा यात्रियों के बीच अफरातफरी मच जाती हैं। यात्रियों ने शिकायत में बताया कि स्टेशन में लगे डिस्प्ले बोर्ड में कुछ ओर शो होता है और कुछ ओर एलाउंसमेंट किया जाता है। गत दिवस नागपुर अमरावती ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 1 पर 5.30 बजे तक खड़ी रही और प्लेटफार्म नंबर 2 से 5 बजकर 10 मिनिट पर रवाना होने का एलाउंसमेंट चलता रहा। इसी तरह कल रात अमरकंटक एक्सप्रेस के एसी कोच जिस जगह पर रुकने का डिस्प्ले किया जा रहा था पता चला कि वहां गाड़ी का इंजन लगा था। इससे यात्रियों में एकदम से अफरातफरी मच गई थी। जिम्मेदारों से व्यवस्था में सुधार की मांग की गई हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

अच्छी खबर

## जबलपुर शहर होगा भिखारी से मुक्त

# 6 माह के भीतर सभी भिखारियों को लाया जायेगा मुख्य पटल पर : महापौर

हरिभूमि, जबलपुर।

महापौर जगत बहादुर अनु की पहल से जबलपुर शहर अभ्यकारियों से मुक्त होने जा रहा है। इसके लिए बाकायदा जिला प्रशासन के साथ बैठक भी की है। कहा जाता है कि अगले 6 माह के अंदर शहर को भिखारी से मुक्त किया जाएगा।

उल्लेखनीय की जबलपुर पर्यटन के साथ धार्मिक नगरी भी है, यही कारण है कि यहां पर भिखारी की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग महिला एवं पुरुष भी भीख मांगते हुए सड़कों पर नजर आ रहे हैं, पवित्र नदी नर्मदा का क्षेत्र होने के कारण नर्मदा घाटों पर अधिकारियों की संख्या बहुत बहुत आयात में है। शहर के बड़े मंदिरों के सामने भी विकारी लाइन लगाए बैठे रहते हैं यही नहीं सिगनलों पर भी बच्चे एवं युवा बुजुर्ग भीख मांगते नजर आ रहे हैं।

### प्रदेश सरकार का बना है विभाग

हालांकि हर शहर को भिखारीयों से मुक्त करने के लिए प्रदेश सरकार का एक अलग विभाग बना हुआ है जिसे घुमक्कड़ एवं विमुक्त जाति विभाग क्या कहा जाता है, शान द्वारा इस विभाग के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है परंतु इसका किया बंद सही नहीं होने के कारण पूरे प्रदेश में बकरियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।


फ़ाइल फोटो

### महापौर ने उठाया बीड़ा

जबलपुर शहर को भिखारियों से मुक्त करने के लिए महापौर जगत बहादुर अनु ने बीड़ा उठा लिया है, शहर के विभिन्न स्थानों पर भीख मांगने वाले भिखारी नजर आ रहे हैं उनके लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। महापौर ने बताया कि शहर को भिखारियों से मुक्त कराने के लिए कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है, इसके लिए सबसे पहले भिखारियों कि संख्या को चिन्हित किया जायेगा, जिसमे जो जिस लायक होगा उस हिसाब से उन्हें रखा जायेगा।

### भिखारियों के नहीं रहने से सुधरेगा वातावरण

कहां जा रहा है कि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की पहल पर शहर से भिखारियों को अलग कर उन्हें उनके हिसाब से काम देने का मन एक सार्थक प्रयास है, इस प्रयास को अगर सही दिशा मिल जाती है तों निसंदेह शहर के वातावरण में सुधार हो जायेगा। भिखारियों के लिए भी रहने खाने की बेहतर व्यवस्था हो जाएगी।

### फेक्ट फ़ाइल

- जबलपुर में अनुमानित भिखारियों की संख्या एक हजार बताई जा रही है
- भिखारियों में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं,
- सबसे ज्यादा भिखारी ग्वारीघाट नर्मदा क्षेत्र में नजर आते हैं
- इन सभी को वहां से हटाकर इनके लिए बेहतर व्यवस्था की जाएगी

### इनका कहना है -



इसमें कोई शक नहीं है कि जबलपुर में भिखारियों की संख्या जो है वह लगातार बढ़ती जा रही है और यही देखते हुए हमारे द्वारा उनको व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया गया है और आगामी 6 माह के अंदर इनको व्यवस्थित कर दिया जाएगा।

**जगत बहादुर सिंह अन्नू**
**महापौर, जबलपुर**



# शहर की सड़कों पर पालतू पशुओं का तांडव

जबलपुर।

शहर में पालतू पशुओं की धमाचौकड़ी से जनजीवन खतरे में है। शहर के मुख्य मार्गों पर दिन और रात में भी आवारा पशुओं के झुंड अपना डेरा डाले रहते है। इससे आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। लोग हताहत हो रहे है लेकिन पालतू पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में जाने व पशु पालकों पर चालानी कार्यवाही करने में नगर निगम द्वारा कोताही बरती जा रही है। शहर में पालतू गाय भैस के अलावा आवारा श्वानों और शूकर बहुत तांडव मचाये है।

सब्जी मंडी लटकारी का पड़ाव, निवाड़गंज, बड़ा फुहारा, बल्देवबाग, चेरीताल, गढ़ाफाटक, शंकर घी भंडार, मालवीय चौक, दीक्षितपुरा, गोरखपुर, लटकारी का पड़ाव, गढ़ाफाटक से जगदीश मंदिर जाने वाला मार्ग, शंकर घी भंडार से आगा चौक, घमापुर, बेलबाग, कांचघर तिलकभूमि तलैया, नरघैया, तक मुख्य मार्ग पर दिन दहाड़े आवारा पशुओं का तांडव देखा जा सकता है। वहीं रात में भी इन मार्गो पर आवारा पशु डेरा जमाये रहते है। सूकर और श्वान के बीच होने वाले युद्ध से स्थिति दुरूह हो जाती है। आवारा श्वान जब सूकरों और गाय, भैस को भौंककर खदेड़तें है इसी बीच आने वाले राहगीर इन आवारा पशुओं का शिकार हो जाते है। सब्जी मंडी में तो आवारा पशु कई बार भगदड़ मचवा देते है।

**हांका गैंग की उदासीनता का खामियाजा भुगत रही जनता**

मंडी में नीचे लगी दुकानों पर गाय बैल के मुंह मारने पर व्यापारी उन्हें डंडा लेकर खदेड़ते है तब भगदड़ सी स्थिति बन जाती है। मोहरर्म पर्व प्रारंभ हो जाने के कारण अब रात भर सड़कों पर चहल पहल रहेगी, इस दौरान अवारा पशुओं की धमाचौकड़ी परेशानी का सबब बन सकती है। शहर के अंदर पशुपालकों पर लगाम नहीं कसने के कारण रात में पशु खुले में छोड़ दिए जाते है जो बीच सड़कों में बैठकर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे है। काले रंग के पशु अंधेरे में दिखाई नहीं पड़ते, जिससे कई बार साइकिल व वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते है। शहर में प्रतिबंध के बावजूद शहर में डेरियां चल रही है। डेरी मालिक रात में इन पशुओं को आवारा छोड़ देते है। इसी प्रकार पालतू गाय और सूकर भी रात में छोड़ दिये जाते है। पहले नगर निगम की हांका गैंग इन आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में बंद कर देती थी, लेकिन अब पशु अत्याचार अधिनियम प्रभावी हो जाने के बाद नगर निगम द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही शिथिल कर दी गई। जबकि व्यवस्था यह है कि पशुओं को ले जाकर गौ-शाला में छोड़ दिया जाये और पशु पालकों से चालान बसूला जाये। लेकिन अब स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम उदासीन नजर आती है। लिहाजा शहर की सड़कों पर पशुओं का तांडव बना हुआ है।




# एमएलसी रिपोर्ट अब 24 घंटे में होगी ऑनलाइन उपलब्ध

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में अपराध जांच की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व त्वरित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन और एएसपी आनंद कलादगी की उपस्थिति में मंगलवार शाम को पुलिस कंट्रोल रूम में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा, मेडिकल कॉलेज, विक्टोरिया, एल्गिन, रांझी व सिहोरा अस्पतालों के करीब 40 चिकित्सक शामिल हुए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य मेडिको लीगल केस (एमएलसी) की रिपोर्ट को अब ऑनलाइन माध्यम से 24 घंटे के भीतर पुलिस थानों तक पहुंचाना है। क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम से जुड़ी पांच एजेंसियों पुलिस, अभियोजन, न्यायालय, जेल और अस्पताल को अब एकीकृत पोर्टल के जरिये जोड़ा गया है। इससे जांच प्रक्रिया में आने वाली बाधाएं दूर होंगी और केस डायरी में त्वरित कार्रवाई हो सकेगी।

**जबलपुर में क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को मिला टेक्नोलॉजी का साथ**

### तेजी से होगी कार्रवाई

नए सॉफ्टवेयर के माध्यम से अब सभी शासकीय अस्पतालों को एमएलसी रिपोर्ट ऑनलाइन भरनी होगी। इससे थानों में रिपोर्ट सीधे और समयबद्ध तरीके से पहुंचेगी, जिससे मामलों में तेजी से कार्रवाई संभव हो सकेगी।

### न्याय दिलाने की दिशा में कारगर पहल

बैठक में डॉक्टरों ने ऑनलाइन प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की और तकनीकी सहयोग के जरिए समाधान निकालने पर सहमति बनी। इस कदम से पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। यह पहल न सिर्फ प्रशासनिक दक्षता बढ़ाएगी, बल्कि पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी।

## हाई कोर्ट में जानकारी पेश
## होमसाइंस कालेज का मामला

# छह वर्ष जूनियर को प्रभारी प्राचार्य पद से हटाया

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में राज्य शासन की ओर से जानकारी पेश की गई। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच को अवगत कराया गया कि होमसाइंस कालेज, जबलपुर के प्रभारी प्राचार्य के पद से प्रो। समीर कुमार शुक्ला को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर अपेक्षाकृत वरिष्ठ प्रो। आभा तिवारी को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त कर दिया गया है।



याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डॉ. गिरीश वर्मा की ओर से अधिवक्ता अंकित अग्रवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रो. समीर शुक्ल जैसे अपेक्षाकृत छह वर्ष कनिष्ठ को प्रभारी प्राचार्य कैसे बना दिया गया। लिहाजा, गलती दूर करते हुए वरिष्ठ को यह जिम्मेदारी सौंपी जाए। हाई कोर्ट ने अंतरिम रोक लगाते हुए, जवाब-तलब कर लिया था। जिसके बाद राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने अवगत कराया कि प्रो। समीर शुक्ला को होमसाइंस कालेज के प्रभारी प्राचार्य पद से हटाकर शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय भेज दिया गया है। जबकि यहां नए प्रभारी प्राचार्य बतौर प्रो. आभा तिवारी ने कार्यभार संभाल दिया है।

# युवक को निर्वस्त्र कर की गई मारपीट का आयोग ने लिया संज्ञान

जबलपुर।

**एसपी कार्यवाही कर प्रतिवेदन दें**

शहर के गोहलपुर थानान्र्तगत चंडाल भाटा क्षेत्र में गत दिनों बदमाशों द्वारा एक युवक को निर्वस्त्र कर उसके साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। बताया जाता हैं कि क्षेत्र के बदमाश अपना रसूख जमाने और और जनता के बीच अपना डर बैठाने को लेकर ऐसे घिनोने कृत्य को अंजाम दिया। मप्र मानव अधिकार आयोग की क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, जनहित में मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, सदस्य राजीव कुमार टण्डन की एकलपीठ ने प्रथम दृष्टया मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला मानकर, जबलपुर के पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

# गैंग बनाकर करते थे लूट

## तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार, मोबाइल और सात चोरी की मोटरसाइकिलों समेत 4 लाख का माल बरामद

हरिभूमि, जबलपुर।

रांझी पुलिस ने लूट और वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई एक मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, नकदी 470 तथा चोरी की गई 7 अन्य मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। बरामद माल की कुल कीमत लगभग 4 लाख आंकी गई है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में एएसपी सिटी आनंद कलादगी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अमित सिंह गौंड उर्फ चना (21), अभिषेक विश्वकर्मा उर्फ बाबू (22) और विजय यादव उर्फ छोटू पहाड़ी (27) शामिल हैं, जो सभी इंद्रानगर, रांझी क्षेत्र के निवासी हैं। सभी आरोपी शौक पूरा करने के लिए वारदात को अंजाम देते थे।



### मारपीट कर लूट ली थी बाइक

24 जून की रात पीड़ित सुजीत दाहिया अपनी स्प्लेंडर बाइक (MP20 NG 4420) से रेलवे स्टेशन से लौट रहे थे, तभी सतपुला के पास तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें रोककर मारपीट करते हुए मोबाइल, पर्स और बाइक लूट ली। थाना रांझी में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### सीसीटीवी फुटेज बने अहम

पुलिस ने मौके के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों की मदद से तीनों आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने लूट की वारदात कबूलते हुए रांझी, अधारताल और ग्वारीघाट थाना क्षेत्रों से सात बाइक चोरी करने की बात भी स्वीकार की। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में बीएनएस की धारा 303(2), 309(4) और 112 (संगठित अपराध) के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

यह कार्रवाई पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश, एएसपी आनंद कलादगी व सीएसपी सतीश साहू के मार्गदर्शन और टीआई उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में की गई। एसआई मयंक यादव, एएसआई गनपत मसराम, मनीष जाटव, प्रधान आरक्षक पुरुषोत्तम, आरक्षक मनीष पटेल व अभिषेक मिश्रा की अहम भूमिका रही।

## धान के प्रासंगिक व्यय में गोलमाल का मामला

# जिस खाते में राशि गई थी उसी में हुई राशि वापिस

हरिभूमि जबलपुर।

मझौली स्थित बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कापा का मामला दिनों दिन संदिग्ध होता जा रहा है. इस मामले में नया पहलू यह आया है कि दूसरे के खाते से गोल हुई राशि को नेफ्ट और नगद के माध्यम से जमा करवाने की बात सामने आई हैं, अब सवाल यह उठता है की आखिर कैसे एक ड्राइवर द्वारा 23 लाख रूपये की राशि कैसे एकत्रित कर वापस कर दी गई, वहीं अनाज घोटाले में बार-बार मझौली ही क्यों सम्मानित हो रहा है?

**जिला सहकारी बैंक दर्ज कराएगी एफआईआर**



### ये है मामला

मझौली स्थित बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कापा में समिति का प्रासंगिक व्यय गोलमाल करके किसी बाहरी व्यक्ति के खाते में गलत तरीके से ट्रांसफर कर दिया गया है। 23 लाख रुपए का गोलमाल किया गया था। समिति को दी जाने वाली प्रासंगिक व्यव की राशि का चेक समिति के कुछ कर्मचारियों व व्यापारियों की कारगुजारी के चलते समिति के नाम से बने हुआ चेक के आरटीजीएस में अकाउंट नंबर बदलकर दूसरे खाते में कैश करवा लिया गया। इसका खुलासा उसे समय हुआ जब समिति द्वारा प्रासंगिक व्यय की मांग की गई. अब मामला रफा दफा करने का प्रयास किया जा रहा है जिसके एवज में संबधित द्वारा 15 लाख रूपये की राशि एनईएफटी के माध्यम से व 8 लाख रूपये नगद वापिस किए गए हैं.

### बैंक अधिकारियों और विवरण संघ की भूमिका संदिग्ध

इस पूरे मसले में एक बात सामने आई है की 23 लख रुपए की राशि का गोलमाल करने में बैंक अधिकारी और विपणन संघ के अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध देखी जा रही है, क्योंकि गलती से किसी और की राशि किसी और के खाते में ट्रांसफर हो जाने के बावजूद राशि को 24 घंटे के अंदर रिकवर कर लिया जाता है परंतु बैंक द्वारा ऐसा नहीं किया गया वही विपणन संघ के अधिकारियों द्वारा जब आरटीजीएस किया गया तो उसमें यह खाता नंबर कहां से आ गया.

### एफआइआर होगी दर्ज

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्रशेखर पटले ने कहा की इस पूरे मामले में जांच समिति जांच कर रही है जैसे ही उनकी रिपोर्ट आएगी जो भी लोग दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई कर फिर दर्ज कराई जाएगी, श्री पटले ने कहा की मुझे इस संदर्भ में अभी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है की कोई राशि वापस हुई है हालांकि इस मामले में किसी को भी नहीं बक्शा जायेगा।

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी

**जबलपुर**। निगमायुक्त प्रीति यादव के आदेशानुसार शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। शहर में जहां-जहां भी अतिक्रमण हुए हैं और यातायात बाधित हो रहा है इस बात को दृष्टिगत रखते हुए लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है, इसके साथ-साथ वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए जर्जर भवनों को भी हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अतिक्रमण शाखा के अधिकारियों एवं सभी दल प्रभारियों तथा यातायात पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आज भी की गयी।

**दुकान स्ट्रक्चर, जर्जर भवन, ठेले, टपरे हटाये गए, सामग्रियां भी की जप्त**



इस संबंध में अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि मंगलवार को गढ़ा बाजार में 5 दुकानों का स्ट्रक्चर हटाया गया और कछपुरा फ्लाई ओवर के आसपास 3 ठेले जब्त किए गए, 1 जर्जर भवन को ढहाया गया, कल्चुरी होटल के पास अवैध अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए, दशमेश द्वार पर ठेले टपरों की कारवाही की गई तथा मुनादी भी कराई गई कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया जाता है तो दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेगें। कार्यवाही के समय अतिक्रमण अधिकारी अखिलेश सिंह भदोरिया, दल प्रभारी बृजकिशोर तिवारी, अंकित पारस, जय प्रवीण, पी रामा राव, नदीम खान, दुर्गा राव, अभिषेक समुद्रे आदि उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट ने जताई उम्मीद, जनहित याचिका में जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग

# 30 जुलाई तक राज्य सरकार एयरलाइन्स कंपनियों के अधिकारियों के साथ कर लेगी संयुक्त बैठक

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट को राज्य सरकार की ओर से मंगलवार को बताया गया कि राज्य के संबंधित अधिकारियों की एयरलाइन्स कंपनियों के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित संयुक्त बैठक नही हो सकी है। राज्य सरकार के अनुरोध पर एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि 30 जुलाई को अगली सुनवाई होगी। कोर्ट ने कहा, उम्मीद है कि तब तक सम्बंधित एयरलाइंस के आला अधिकारियों के साथ राज्य के अफसरों की संयुक्त बैठक कर जबलपुर से अन्य बड़े शहरों के लिए एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने पर सार्थक चर्चा कर ली जाएगी।

मामले पर विगत 14 मई को हुईसुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि सरकार ने फरवरी 2025 में एक योजना बनाई है। इसमें एयरलाइन्स कंपनियों को रियायती दरों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। कोर्ट ने उक्त नीति के लिए सरकार की पहल की सराहना करते हुए उस पर अमल करने के निर्देश दिए थे।





नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की ओर से 2024 में जनहित याचिका दायर कर जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग की गई है। नोटिस जारी होने के बाद विमानन कंपनियों ने अपने जवाब में कहा था कि अधिक टैक्स लिए जाने के कारण वे फ्लाइट संचालन में असमर्थ हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने दलील दी कि जबलपुर में अन्य शहरों की तुलना में कम फ्लाइट हैं।हाल ही में भोपाल के लिए फ्लाइट भी बन्द कर दी गई है। पूर्व में जबलपुर से मुम्बई, पुणे, कोलकाता, बेंगलुरू आदि शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती थी। जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर तथा भोपाल के सामान थी। फ्लाईट के लगातार बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में जबलपुर से औसतन 15 फ्लाइट संचालित होती थीं। वर्तमान में इनकी संख्या कम हो गई है। वहीं, एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से पेश जवाब में कहा गया कि उनके द्वारा देश के 45 हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन होता है। भारत के जिन 73 एयरपोर्ट्स से उनकी कंपनी द्वारा उड़ाने नहीं भरती, उसमें जबलपुर भी शामिल है। विभिन्न एयरपोर्ट्स से फ्लाईट्स का संचालन लाभ-हानि की दृष्टि से तय होता है।

- नगर निगम स्कूल के 17 बच्चे इस नए सत्र में करेंगे हवाई यात्रा
- पिछले वर्ष भी 10 छात्र कर चुके हैं हवाई यात्रा

# महापौर गुरूकुल से ननि स्कूल के 2000 से अधिक बच्चे होते हैं लाभान्वित : महापौर

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा जब 2 वर्ष पूर्व नगर निगम की 5 शालाओं में पढ़ने वाले बच्चों को गोद लिया गया था तब कि स्थिति और थी अब 2 वर्ष पूर्ण हो गये हैं अब कि स्थिति एकदम से अलग है। नगर निगम की शालओं में पढ़ने वाले बच्चों में अब स्मार्टनेश ही नहीं बल्की उनमें बौधिक विकास की झलक भी दिखाई देती है। स्कूली बच्चों में स्मार्टनेस एवं बौधिक विकास में जो बेहतर प्रदर्शन एवं निखार आया है उसमें बहुत बड़ा योगदान श्री अन्नू के साथ-साथ मेकलसुता इंस्टीट्यूट के अध्यापकों का भी योगदान है। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने कहा कि 2 वर्ष पूर्व से महापौर गुरूकुल के माध्यम से नगर निगम शालाओं मे पढ़ने वाले 2000 से अधिक बच्चे निःशुल्क रूप से कोचिंग प्राप्त कर परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। महापौर ने बताया कि इस वर्ष दसवीं, बारहवी के 17 बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपना कौशल दिखाया है जिसके कारण इन सभी 17 बच्चों को महापौर गुरूकुल द्वारा संचालित नया




सत्र में हवाई यात्रा कराई जाएगी।महापौर ने बताया कि महापौर गुरूकुल के द्वारा निगम के 5 स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को निःशुल्क कोचिंग के साथ-साथ, समर केम्प की सुविधा जिसमें सांस्कृतिक गतिविधियों क्रमशः डांस, संगीत और अन्य विधाओं में पारांगत किया जाता है इसके अलावा सभी बच्चों को योग शिक्षा भी निःशुल्क रूप से प्रदान की जाती है। पत्रकारवार्ता के मौके पर नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. डॉं. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, पूर्व खेल अधिकारी शिक्षा अधिकारी डॉं. राकेश तिवारी, प्राचार्य डॉं. शैलेन्द्र पाण्डेय,विजय श्रीवास्तव, राकेश जैन, श्रीमती दीप्ति शर्मा, श्रीमती रागनी गर्ग, श्रीमती कृति परोहा, के साथ-साथ मेकलसुता इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर जयदीप मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### आज भक्ति भाव के साथ मनाया जायेगा संत प्रकाश वन अवधूतजी का अवतरण दिवस



**सिहोरा।** निकटवर्ती शैलेश्वर धाम सैलवारा के ब्रम्हलीन संत श्रीं 1008 स्वामी प्रकाश वन अवधूत महाराज का अवतरण दिवस आज बुधवार को शिष्यों द्वारा पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव के साथ मनाया जायेगा। नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के शिष्यों द्वारा सुबह 8 बजे अपने गुरु का पूजन अर्चन आरती की जायेगी तत्पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन होगा।विदित हो सैलवारा में गुरुदेव का आशीर्वाद लेने दूर दूर से भक्त यहां पहुंचते हैं। मंदिर के संत कैलाशानंद जी महाराज ने समस्त शिष्यों भक्तों से आयोजन में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### यात्रियों की सुविधा के लिए रेल मंडल में लगाए गए एटीव्हीएम मशीन

**जबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व पर जबलपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा मंडल के जबलपुर, मदन महल, कटनी, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, सतना, मैहर, रीवा, दमोह, सागर सहित प्रमुख स्टेशनों पर रेलवे द्वारा यात्री सुविधा के तहत एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट बेंडिंग मशीन) लगाई गई है जिससे यात्री अपनी टिकट का भुगतान स्वयं डिजिटल माध्यम से कर सकतें हैं। डिजिटल पेमेंट करने से यात्रियों को चिल्लर की एवं शीघ्र भुगतान कर अनारक्षित खिडकियों की लाइन में लगने की समस्या से भी बच सकेंगे।

### लेन देन के विवाद पर रॉड से हमला, 3 घायल

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत गड़र पिपरिया चौराहा रोड़ सहजपुर में पुराने काम के पैसों के लेनदेन एवं ठेकेदारी के काम को लेकर दो बदमाशों ने तीन युवक पर लोहे की रॉड और डंडे से हमला कर घायल कर दिया। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम राखी निवासी 28 वर्षीय अनिल यादव गत शाम लगभग 7.30 बजे साथ में काम करने वाले बाबू एवं ठेकेदार राजेश चौधरी, प्रकाश चौधरी चारों बाईक से ग्राम सहजपुर गये थे जहां बाबू को छोड़कर वापस आते समय गड़र पिपरिया चौराहा रोड़ सहजपुर पर लल्ला चौधरी एवं राजेन्द्र चौधरी मिले और पुराने काम के पैसों के लेनदेन एवं ठेकेदारी के काम को लेकर तीनों को गालियां देने लगा, गालियां देने से मना करने पर राजेन्द चौधरी ने लोहे की राड से तथा लल्ला चौधरी ने डंडा से तीनों के हाथ, पैर व सिर पर हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## ग्रामीणों ने लगाई गुहार, जल्द खोला जाए आधार सेंटर

# आधार सेंटर का अभाव बना ग्रामीणों की बड़ी चुनौती

हरिभूमि मझौली।

जिले के मझौली ब्लॉक में आज तक कोई स्थायी आधार कार्ड सेवा केंद्र नहीं खोला गया है। इस कारण यहां के ग्रामीण और शहरी निवासी आधार कार्ड बनवाने और उसमें संशोधन करवाने के लिए कटंगी, सिहोरा या जबलपुर जैसे दूरदराज के क्षेत्रों का रुख करने को मजबूर हैं। वहां भी स्थिति यह है कि लोगों को घंटों लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है, और कई बार तो नंबर आने से पहले ही कंप्यूटर बंद कर दिए जाते हैं।

#### ग्रामीणों की दिक्कतें

- बुजुर्गों और महिलाओं को खासतौर पर सफर और भीड़ में परेशानी का सामना करना पड़ता है।
- कई स्कूलों में बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र में हिंदी और अंग्रेजी एड्रेस अलग-अलग दर्ज हैं, जिससे आधार में जानकारी अपडेट कराना टेढ़ी खीर बन गया है।
- आधार सुधार (अपडेट) के लिए कोई अधिकारी या कर्मचारी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं होता।

#### आधार-संबंधी मुख्य समस्याएं

- स्थायी केंद्र का अभाव – मझौली में एक भी नियमित आधार कार्ड केंद्र नहीं।
- जन्म प्रमाण पत्र में गलत विवरण – हिंदी व अंग्रेजी में पता भिन्न होने से अपडेट में परेशानी।
- कोई समाधान अधिकारी नहीं – सुधार के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं।

#### स्थानीय निवासियों की मांग

- स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है कि मझौली में तत्काल आधार सेवा केंद्र खोला जाए, ताकि ब्लॉक स्तर के लोगों को राहत मिल सके। साथ ही आधार में संशोधन संबंधी त्रुटियों को दूर करने के लिए जिला स्तर पर एक सहायता हेल्पडेस्क या कैंप का आयोजन किया जाए।

## धनवाही में शिक्षक पाठक का विदाई समारोह

# शिक्षक कभी अपने दायित्वों से मुक्त नहीं होता : अश्वनी कुमार

हरिभूमि सिहोरा।

शिक्षक कभी भी अपने समाज के प्रति दायित्वों से मुक्त नहीं होता है यह तो एक शासकीय प्रक्रिया है जिसके तहत उनको सेवानिवृत्त होना पड़ता है। शिक्षक को हमेशा अपने पसंद के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए परिवार एंव मानवीय मुल्यो के लिए कार्य करते रहना चाहिए उक्ताशय के विचार ख्यातिलब्ध साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक ने माध्यमिक शाला धनवाही में पदस्थ शिक्षक राकेश पाठक के सेवानिवृत्ति समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित समारोह का आयोजन समग्र शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता, प्रसिद्ध साहित्यकार राजा चौरसिया, शिक्षक सुशील त्रिपाठी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। शाला परिवार ने



सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक पाठक को सम्मान पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर राजेंद्र साहू, संगीता धुर्वे, बृजेंद्र बाजपेई, बी एल गोंटिया, बालकिशन पटेल, यज्ञ दत्त शुक्ला, रामकेश पटेल, धर्मपाल पटेल, राजकुमार पटेल, राजेश पटेल, अनुश्री नायक विन्देश द्विवेदी, गोपाल पाठक, कुमेश धुर्वे, अशोक तिवारी, बसंत धुर्वे, इंद्र कुमार झारिया, बबिता कोल, ज्योत्सना झारिया,सहित अनेक शिक्षक साथी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन प्रधानाध्यापक शिव कुमार झरिया एवं संचालन शिक्षक सूर्यकांत त्रिपाठी ने किया।

### 97 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर।** पनागर पुलिस ने नवीन ज्योति टॉकिज के सामने पनागर में शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 97 पाव देशी शराब जब्त की है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात मुखबिर की सूचना पर नवीन ज्योति टॉकिज के सामने पनागर में शराब बेचने की फिराक में खड़े पनागर निवासी 55 वर्षीय सतीश राय को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 97 पाव देशी शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 9 हजार 230 रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## चलती कार में पीया जहर, हालत गंभीर, कार पलटी

# कर्ज से परेशान व्यवसायी ने की आत्महत्या की कोशिश

हरिभूमि जबलपुर।

पाटन थाना के नुनसर चौकी अतंर्गत गुरू पिपरिया के पास चलती कार में एक पेट्रोल व्यवसायी द्वारा जहर का सेवन कर लिया गया। बताया जाता है कि जहर का असर होने पर कार अनियंत्रित हुई और पलट गई। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय नागरिक मौके पर पहुंचे तब यह खुलासा हुआ कि कार चालक ने जहर खाया है क्योंकि उसके पास से जहर की गंध आ रही थी। घटना की सूचना पाटन पुलिस को दी गई। कार के अंदर अजरोल निवासी शिवकुमार पटेल अर्ध बेहोशी में पड़े हुए थे। कर्ज से परेशान होकर



उन्होंने आत्महत्या का प्रयास किया। पाटन में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जबलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप संचालक ग्राम अजरौल निवासी शिव कुमार पटेल की कार गुरुपिपरिया के पास पलटने की सूचना स्थानीय नागरिकों ने दी। स्थानीय नागरिक और पुलिस तत्काल मौके पर मदद के लिए पहुंचे। कार के अंदर अजरौल निवासी शिव कुमार पटेल अर्ध बेहाशी की हालत में पड़े थे। शिवकुमार के मुंह से बदबू आ रही थी, संभवतः शिवकुमार ने जहरीली वस्तु का सेवन किया हुआ था।

कर्ज के कारण परेशान होने की बात कह रहे थे। अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को मामले की सूचना दी है। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि नुनसर चौकी क्षेत्र में पेट्रोल पंप चलाने वाले शिवकुमार पटेल को गंभीर हालत में अस्पताल में नेशनल भर्ती कराया गया है। संभवतः उन्होंने जहरीली वस्तु का सेवन किया था, वहीं उनकी कार भी खेत में मिली थी। पुलिस मामलें की जांच कर रही है।

## बदमाशों ने रंगदारी वसूलने की वारदात, 2 घायल

# अधारताल और गोहलपुर में चाकूबाजी

**जबलपुर।** अधारताल और गोहलपुर थाना क्षेत्र में रंगदारी नहीं मिलने पर बदमाशों ने दो युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईटीआई माढ़ोताल निवासी 21 वर्षीय रितिक अहिरवार गत शाम लगभग 7 बजे अपने माता पिता से मिलने महाराजपुर पुरानी बस्ती कुलियाना मोहल्ला जा रहा था, जैसे ही कोल बस्ती सरकारी स्कूल के पास पहुँचा तभी पड़ोसी राहुल ठाकुर एवं रानू उर्फ दिप्पू गोटिया उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर राहुल ठाकुर ने चाकू से जांघ पर हमला कर दिया। भागने का प्रयास किया तो रानू उर्फ दिप्पू



गोटिया ने चाबी के छल्ले में लगी नुकीली ब्लेड से हाथ व पसली में चोटें पहुँचा दी एवं दोनों जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 251(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं गोहलपुर में नर्मदा नगर भैंसासुर मंदिर के पास निवासी 32 वर्षीय सब्जी व्यापारी रोशन कनोजिया गत शाम लगभग 5.30 बजे संकट मोचन मंदिर के प्रथम तल पर डॉक्टर के पास फीजियोथैरिपी कराकर घर वापस आते समय सीढ़ियों पर हर्ष कनोजिया मिला और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने मना किया तो गालीगलौज कर चाकू से पीठ पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिसे ने रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में 6 लोग हुए घायल

**जबलपुर।** कटंगी थाना क्षेत्र कैमोरी से डुंगरिया के बीच पुलिया एवं पड़रिया के पास सड़क दुर्घटना की दो वारदाते सामने आई है। इस वारदात में 6 लोग घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिठवानी गाडरवारा जिला नरसिंहपुर निवासी 25 वर्षीय नितिन कुमार अपने पिता नेपाल और पड़ौस के अन्य लोगों के साथ गत दिवस कटंगी बाजार करने गया था। बाजार से वापस घर जाते समय नितिन ने अपनी मोटर सायकल में चाची भारती को पीछे बैठाया था और दूसरी मोटर सायकल बजाज सीटी 100 में उसके पिता नेपाल एवं चाचा सुंदर जाटव, मुकेश हरिजन बैठे थे। रात लगभग 9 बजे जैसे ही कैमोरी से डुंगरिया के बीच पुलिया पर पहुँचा तभी पीछे से आ रही स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस एक्स 9391 के चालक ने उसके पिता नेपाल की मोटर सायकल में टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता एवं मोटर सायकल में पीछे बैठे चाचा सुंदर एवं मुकेश कुमार गिर गये, गिरने से सभी को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आ गयीं हैं। वहीं स्कूटी चालक कटंगी तरफ भाग गये। नितिन ने तीनों घायलों को उपचार हेतु जबलपुर भिजवाया है।

इसी तरह कटंगी नयागांव निवासी 25 वर्षीय तिलक लोधी अपने साथी गाड़ाघाट दमोह निवासी पूरनलाल यादव, शेख हारुन, कन्हैया अहिरवार और प्रताप सिंह के साथ काम से छुट्टी होने के बाद अपनी बाईक से प्रताप सिंह को तथा दूसरी बाईक में पूरन यादव, शेख हारून एवं कन्हैया अहिरवार उसके आगे आगे जा रहे थे। रात लगभग 10 बजे जैसे ही पड़रिया के पास पहुँचे तभी मारूती कार क्रमांक एमपी 20 सीएच 7892 के चालक ने आगे मोटर सायकल में चल रहे पूरन यादव, शेख हारून एवं कन्हैया की मोटर सायकल में टक्कर मार दी, जिससे तीनों बाईक सहित गिर गये, सभी के हाथ पैर में चोटें आ गईं। उसने तीनों घायलों को उपचार के लिए जबलपुर भिजवाया। वहीं मारूती कार चालक गुबरा तरफ भाग गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### 865 ग्राम गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

**जबलपुर।** सिहोरा पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर 865 ग्राम गांजा जब्त किया है जिसकी कीमत 17 हजार रुपए बताई गई है। सिहोरा थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान यज्ञ शाला ग्राउंड इमलहापुरा में गांजा की तस्करी में लिप्त ग्राम बरगवां खितौला निवासी 40 वर्षीय राजेश पटेल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 865 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी राजेश पटैल के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

**श्रीमती सावित्री बाई सेन-** पूर्व विनीत टाकीज के पास मढ़ाताल निवासी श्री रामचरण सेन की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई सेन (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती बाई राजपूत-** नया मोहल्ला जयंती काम्पलेक्स के पास निवासी प्रेम लाल राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई राजपूत (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संतोष चौधरी-** दुर्गा नगर भटौली गौरीघाट निवासी श्री फागू लाल चौधरी के पुत्र श्री संतोष चौधरी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री करन बंशकार-** सिद्धबाबा बंशकार मोहल्ला निवासी श्री करन बंशकार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुजाता सिंह राजपूत-** आजाद व्यायाम शाला के पास आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री दीपक सिंह राजपूत की




धर्मपत्नी श्रीमती सुजाता सिंह राजपूत (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरूण कुमार झा-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री अरूण कुमार झा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जोगेंद्र-** मिलौनीगंज निवासी श्री जोगेंद्र (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री नेहा दुबे-** मदनमहल स्टेशन रोड बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री गणेश दुबे की पुत्री सुश्री नेहा दुबे (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला बाई जायसवाल-** कछियाना लार्डगंज निवासी श्रीमती सुशीला बाई जायसवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती फूलवती पटेल-** लालमाटी बिहारी मोहल्ला निवासी श्री अमृतलाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती फूलवती पटेल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

# पोषण ट्रैकर एप का निचले अमले को अवश्य दें प्रशिक्षण, अधिकारी करें मॉनिटरिंग: मंत्री भूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि प्रदेश में पोषण ट्रेकर एप के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों के शारीरिक माप (ऊंचाई, वजन एवं आयु के अनुपात में पोषण स्थिति) से संबंधित आंकड़ों का सतत विश्लेषण किया जा रहा है।

इन आकड़ों के आधार पर राज्य में पोषण स्तर में सुधार के लिए त्वरित एवं क्षेत्र विशेष की आवश्यकता अनुसार कार्ययोजना बनाई जा रही है। मंत्री भूरिया ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप न केवल बच्चों के शारीरिक माप बल्कि बच्चों के कुपोषण की स्थिति में बौनापन, कम वजन की पहचान में भी सहायक है।



### अफसर करें नवाचार...

मंत्री भूरिया ने यह बात एक दिवसीय कार्यशाला में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह झाबुआ जिले में 'मोटी आई' के कॉन्सेप्ट से कुपोषण में कमी हुई है। इसी तरह अधिकारियों को नवाचार करना चाहिए। हर बच्चे का रिकार्ड रखें, उनकी निगरानी करें और अधिक कमजोर बच्चों को चिकित्सीय सहयोग उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर संयुक्त संचालक स्वर्णिमा शुक्ला ने पीपीटी के माध्यम से पोषण ट्रैकर एप तथा कुपोषण की जिले वार स्थिति की जानकारी दी।

### सफलता एप के सही उपयोग पर निर्भर

मंत्री भूरिया ने कहा कि इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि निचले स्तर के अमले इस ऐप का उपयोग सही तरीके से कर रहे है अथवा नहीं। इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, सुपरवाइजर सभी को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि निरंतर मॉनिटरिंग करने से त्रुटि को पकड़ा जा सकेगा।

### पोषण ट्रैकर एप के आंकड़े और वास्तविक आंकड़ों मे फर्क

अपर मुख्य सचिव महिला बाल विकास रश्मि अरुण शमी ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप के आंकड़े और वास्तविक आंकड़ों में फर्क इसलिए दिखता है क्योंकि हम सही मॉनिटरिंग नहीं कर रहे है। हर स्तर पर डेटा की मॉनिटरिंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मप्र पहला राज्य है, जहॉ बालिकाओं के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू कि गई, महिलाओं को हर महीने लाड़ली बहना के तहत निश्चित राशि अंतरित की जा रही है, पर इस बात की मॉनिटरिंग भी होनी चाहिए कि महिलाएं इस राशि का उपयोग कर अपने बच्चों के पोषण पर ध्यान रख रही है अथवा नहीं। अपर मुख्य सचिव शमी ने कहा कि यह कार्यशाला डिजिटल इंडिया मिशन के अनुरूप एक डेटा-ड्रिवन अप्रोच के द्वारा प्रदेश के बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने और उन्हें सुपोषण की ओर ले जाने मे महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

### कुपोषण एक बड़ी समस्या: आयुक्त वली

आयुक्त महिला बाल विकास सूफिया फारूकी वली ने कहा कि कुपोषण एक बड़ी समस्या है, जिसके अनेक कारण है। जिस क्षेत्र मे कुपोषण के आंकड़े बढ़े हुए हैं, वहां पर संबंधित अधिकारी को हर स्तर पर इसकी जांच करना होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी को एनआरसी की पूरी जानकारी होना चाहिए कि उसमें कितने बेड खाली है, डॉक्टर्स से निरंतर बात कर एसएएम, एमएएम बच्चों की जानकारी लें। कुपोषण को दूर करने लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय अत्यन्त महत्वपूर्ण है। आयुक्त श्रीमती वली ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप में सही उपयोग से कुपोषण की पहचान करना, समय पर हस्तक्षेप करना और कुपोषण को कम करना संभव है।

## खबर संक्षेप

### नगरीय प्रशासन विभाग में प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन विभाग में प्रमोशन प्रक्रिया के तहत 25 जुलाई को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक होगी। इससे पहले 4 जुलाई को नगर निगम, नगरपालिका और नगर परिषद स्तर पर वरिष्ठता सूची तैयार की जाएगी। प्रदेश में 22 जुलाई को वरिष्ठता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसके आधार पर 25 जुलाई को अंतिम प्रमोशन बैठक आयोजित की जाएगी। आयुक्त संकेत भोंडवे ने संबंधित कार्यालयों को आदेश जारी कर प्रमोशन प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### रजिस्ट्रार बड़गैया की कराई लोकायुक्त में शिकायत

**भोपाल।** नगर निगम में जोनल अधिकारी रहते हसंबल योजना की राशि फर्जी तरीके से निकालने के मामले में फंसे राजस्व निरीक्षक सत्यप्रकाश बड़गैया की लोकायुक्त को शिकायत की गई है। इसके साथ बड़गैया को अवैध तरीके से नगर निगम में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार बनाने पर कार्रवाई की मांग की गई है। आरटीआई एक्टिविस्ट फोरम के चेयरमेन रवींद्र गुप्ता ने बताया कि वे संबल घोटाले में दोषी हैं। भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण के अनुग्रह एवं अंत्येष्टि सहायता राशि के भुगतान में घोटाला किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव खंडवा में श्री दादाजी दरबार भूमि-पूजन महोत्सव में हुए शामिल

# आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है श्री धूनी वाले दादा का मंदिर : सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री धूनी वाले दादाजी मंदिर जिलेवासियों सहित निमाड़ क्षेत्र के भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह केवल एक मंदिर नहीं लाखों भक्तों की आस्था एवं उनकी श्रद्धा का प्रतीक है। मंदिर निर्माण की कई बरसों पूर्व की कामना सोमवार को शिलान्यास के साथ पूर्ण हुई जो एक नए आध्यात्मिक युग का प्रारंभ हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को खंडवा में आयोजित श्री दादाजी दरबार भूमि-पूजन महोत्सव में पहुंचकर समाधि के दर्शन और पूजन-अर्चन किया। उन्होने भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि-पूजन स्थल पर पुष्प अर्पित किए। श्री धूनी वाले दादाजी मंदिर के भव्य निर्माण के लिए भूमि-पूजन वेद-ऋचाओं के उच्चारण के साथ संतों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में हुआ।




### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग एवं प्रभारी मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस, पंधाना विधायक छाया मोरे, महापौर अमृता यादव, विधायक

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का खंडवा में वाटरशेड सम्मेलन एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान पर संदेश के रूप में प्राप्त आशीर्वाद के लिए आभार माना है। प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक 3 माह के जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी का संदेश प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के कुशल मार्गदर्शन में 90 दिन संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का सफलता के साथ समापन हुआ है। हालांकि यह अभियान भिन्न स्वरूप में जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन बनते देखना एक सुखद अनुभूति है। मुख्यमंत्री ने मप्र के समस्त नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को कोटि-कोटि धन्यवाद देते हुए उनकी ओर से दिए गए विशेष संदेश पर आभार माना है।*

### मुख्यमंत्री ने किए समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री दादाजी दरबार में श्री बड़े और छोटे दादाजी महाराज की समाधियों के दर्शन कर पूजन अर्चन किया और धूनीमाई में आहूति अर्पित कर प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधि स्थल पर संतों की उपस्थिति में पुष्प अर्पित किए।

### भव्य मंदिर निर्माण किया जाएगा

श्री धूनी वाले दादाजी मंदिर का निर्माण 22 एकड़ भूमि पर 100 करोड़ की लागत से किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा जितना संभव हो उतना मंदिर का निर्माण कार्य किया जाए, उसके बाद शेष रहे कार्य का निर्माण शासन द्वारा किया जाएगा। मंदिर का निर्माण शिर्डी एवं अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर विभिन्न चरणों में किया जाएगा। मंदिर निर्माण में संगमरमर का उपयोग होगा। निर्माण कार्य का प्रारंभ गुरु पूर्णिमा के बाद किया जाएगा। भव्य मंदिर निर्माण में आधुनिक गौशाला, सेवाधारी निवास, पार्किंग व्यवस्था, भक्त निवास, भोजनशाला एवं नर्मदा परिक्रमावासी विश्रामस्थल का निर्माण किया जाएगा।

अभनपुर थाना क्षेत्र के केंद्री गांव का मामला



# यात्री बस और डंपर में जबरदस्त टक्कर, तीन की मौत, छह घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मंगलवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। बस जगदलपुर से रायपुर आ रही थी। इस दौरान हाइवा और बस के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में महिला समेत तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं कई घायल हुए हैं। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार, अभनपुर थाना क्षेत्र के केंद्री गांव में सुबह लगभग चार बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस सड़क हादसे के तीन बस यात्री शिकार हो गए। दरअसल, जगदलपुर से रायपुर आ रही बस की डंपर से जोरदार भिड़ंत हो गई। जोरदार भिड़ंत से बस के आगे हिस्से के परखच्चे उड़ गए।

### जांच में जुटी पुलिस

*इस हादसे में एक महिला और दो पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं छह यात्री घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत 108 के मदद से अस्पताल ले जाया गया। वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले में आगे की जांच में जुटी है।*

पड़ोसी से विवाद का मामला, धमकी- मारपीट का आरोप

# कांग्रेस विधायक बालेश्वर पहले गिरफ्तार, फिर मुचलके पर रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा



जैजैपुर से कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार किया, हालांकि मामला जमानती होने के कारण उन्हें मुचलके पर रिहा कर दिया गया है। विवाद उनके पड़ोसी से एसी यूनिट लगाने को लेकर हुआ था, जो देखते ही देखते हाथापाई और धमकी तक पहुंच गया।

दरअसल, 10 जून 2025 को चांपा निवासी चंद्रशेखर राठौर ने थाने में लिखित शिकायत दी थी कि विधायक साहू ने उनके मकान की दीवार पर जबरदस्ती अपना एसी का आउटर यूनिट लगा दिया था। कई बार कहने के बावजूद इसे नहीं हटाया गया। घटना के दिन जब शिकायतकर्ता के जीजा हेमंत राठौर ने मौके पर मौजूद मजदूरों से एसी हटाने को कहा, तो विधायक खुद मौके पर पहुंचे और परिवार से विवाद करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। जब हेमंत राठौर ने मोबाइल से पूरी घटना की रिकॉर्डिंग शुरू की, तो विधायक ने उनका मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट कर दी। इतना ही नहीं, विधायक ने उन्हें थप्पड़ मारे और जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत की जांच के बाद मामला सत्य पाया गया और चांपा थाना पुलिस ने धारा 329(4), 296, 351(2), 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी विधायक को गिरफ्तार किया गया। हालांकि मामला जमानती होने के कारण विधायक साहू को मुचलके पर रिहा कर दिया गया है और गिरफ्तारी की जानकारी विधानसभा अध्यक्ष को भी भेज दी गई है।

मंत्री परमार होंगे सर्वोच्च परामर्शदायी समिति के अध्यक्ष

### उच्च शिक्षा विभाग ने किया एपेक्स एडवाइजरी कमेटी का गठन

**भोपाल।** उच्च शिक्षा प्रणाली को राष्ट्रीय और वैश्विक मानकों पर पुनर्गठित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा अनुसार सर्वोच्च परामर्शदायी समिति के गठन के आदेश जारी किए गए हैं। समिति के अध्यक्ष उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार और सदस्य सचिव अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन नामित किए गए हैं। समिति में डॉ. के. राधाकृष्णन चेयरमेन, बोर्ड ऑफ गवर्नेंस, आईआईटी कानपुर, प्रो. अनिल सहबुद्धे चेयरमेन, नैक बेंगलुरु, प्रो. संतिश्री धूलिपुडी पंडित कुलपति, जवाहरलाल नेहरू विवि, प्रो. आर. बालासुब्रमण्यम सदस्य (एचआर), कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन, मिशन कर्मयोगी, भारत सरकार, प्रो. भरत भास्कर, निदेशक, आईआईएम अहमदाबाद, प्रो. दीपक श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, यूजीसी, डॉ. विक्रांत सिंह तोमर वैश्विक शिक्षाविद, प्रो. गोविंदन रंगराजन निदेशक, आईआईएससी, बेंगलुरु सदस्य नामित किए गए हैं। अपर मुख्य सचिव राजभवन के.सी. गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव विशेष आमंत्रित सदस्य नामित हैं।

# शाह की अध्यक्षता में हुई सहकारिता मंत्रियों की 'मंथन बैठक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की 'मंथन बैठक' हुई। बैठक में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने मप्र की सहकारिता से जुड़ी उपलब्धियों, नवाचारों और सहकारिता के क्षेत्र में भविष्य की



मंत्री सारंग ने साझा किए प्रदेश के नवाचार और दिए सुझाव

दिशा पर केंद्र सरकार को सुझाव दिए। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर एवं मुरलीधर मोहोल, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सारंग ने बताया कि मप्र में प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) को बहुद्देशीय इकाइयों के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार को उल्लेखनीय सफलता मिली है। इस पहल के अंतर्गत प्रदेश में प्रत्येक पैक्स को उनके संचालन के लिये वार्षिक तीन लाख 24 हजार रुपए की वित्तीय सहायता तथा जनजातीय क्षेत्रों में तीन लाख 48 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि नई पैक्स की स्थापना और उनके आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता आधारित सेवाओं का विस्तार और सशक्तीकरण संभव हो सके।

### बीज क्षेत्र में नवाचार 'चीता ब्रांड'

*मध्यप्रदेश में बीज संघ को सशक्त करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए मंत्री सारंग ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 'चीता ब्रांड' बीजों की शुरूआत की गई है, जिनमें उच्च गुणवत्ता वाले हाइब्रिड बीज लगभग आधी कीमत पर किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह पहल कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है।*

विभागीय योजनाओं भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा के बाद डिप्टी सीएम ने दिए निर्देश

# नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र करें पूर्ण: शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन कर कर्मचारी चयन मण्डल को त्वरित रूप से मांग पत्र प्रेषित किए जाएं।

फार्मासिस्ट ग्रेड-2, नेत्र सहायक तथा ओटी टेक्नीशियन के पदों की पूर्ति के लिए भी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने के भी निर्देश दिए गए। मेडिकल कॉलेजों



में आउटसोर्स से नियुक्ति संबंधी वर्तमान व्यवस्था में केवल अकुशल पदों की स्वीकृति है, जबकि विभागीय समिति द्वारा कुशल पदों की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। इस विषय में व्यावहारिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में विभागीय योजनाओं, भर्ती प्रक्रिया, अधोसंरचना विकास, मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता की वृहद समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एडीजी इंटेलीजेंस को सौंपा ज्ञापन

# पटवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर झूठी, इसे तत्काल निरस्त किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचकर एडीजी इंटेलिजेंस को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने ज्ञापन में जनविरोधी कार्रवाइयों और गिरती कानून व्यवस्था का उल्लेख किया। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर का झूठी करार देते हुए निरस्त करने की मांग की। वहीं, सागर में पुलिस द्वारा मृतक ओमकार अहिरवार के परिजनों को मानसिक रूप से प्रताड़ति किए जाने और



गलत तरीके से एफआईआर दर्ज करने की शिकायत की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जेपी धनोपिया सहित अन्य नेता शामिल रहे।

# सीएम ने की केन्द्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले से मुलाकात



*रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मंत्रालय महानदी भवन में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।*

पहचान और लोकेशन ट्रैक करने में होगी आसानी

# मध्यप्रदेश में अब बनाई जा रही हाथियों की आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में बांधवगढ़ नेशनल पार्क सहित कई स्थानों पर हाथियों का मूवमेंट है। टाइगर के पेटर्न पर अब वन विभाग इनकी भी विशिष्ट पहचान आईडी बना रहा है जो डिजिटल रूप से तैयार की जा रही है, ताकि इनका रिकार्ड रखा जा सके। वहीं, वन अमले द्वारा इनकी पहचान करने और लोकेशन ट्रेक करने में आसानी हो। पहचान के लिए प्रत्येक हाथी को एक विशेष कोड भी दिया जा रहा है। इससे बड़ा फायदा यह भी है कि आईडी के जरिए इनकी गणना करने में भी आसानी होगी। देखा जाए तो मध्यप्रदेश में बांधवगढ़ नेशनल पार्क, संजय गांधी टाइगर रिजर्व,



कान्हा नेशनल पार्क और पेंच नेशनल पार्क में 80 से अधिक हाथी विचरण कर रहे है। साथ ही निजी व्यक्तियों और संस्थाओं के पास करीब 20 हाथी हैं। इन हाथियों पर एक माइक्रो चिप भी लगाई जा रही है, जिससे इनकी लोकेशन और पहचान को आसानी से ट्रैक किया जा सके। अफसरों का कहना है कि आईडी बनाने का फायदा यह होगा कि इनका मूवमेंट यदि आबादी वाले स्थलों पर होता है तो समय पूर्व लोगों को अलर्ट किया जा सकेगा।

### 25 के आसपास हाथियों की आईडी बनी

वाइल्ड लाइफ विंग के पीसीसीएफ शुभरंजन सेन का कहना है हाथियों की आईडी बनाने का काम शुरू कर दिया है। 25 के आसपास हाथियों की आईडी बनाई जा चुकी है। विभाग के पास पहचान के लिए उनका रिकार्ड हो इस लिए यह आईडी बनाई जा रही है। इसमें वो हाथी शामिल नहीं है जो सीमावर्ती राज्यों से आ जाते है या स्वाभाविक रूप से जंगल में विचरण कर रहे है। जल्द ही आईडी बनाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

# महतारी वंदन योजना के तहत सत्रहवीं किश्त जारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से महतारी वंदन योजना के अंतर्गत एक तारीख को माह जुलाई 2025 की सत्रहवीं किश्त का भुगतान जारी कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.23 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 647.66 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है।




छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 17 माहों में 11081.68 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है।

## खबर संक्षेप





### जूम कार ने गुणवत्ता के लिए कार्स24 से किया करार

**नई दिल्ली।** जूम कार होल्डिंग्स ने मंगलवार को तकनीक आधारित निरीक्षण और निगरानी के जरिये 'सेल्फ-ड्राइव' कार खंड में वाहन की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार के लिए कार्स24 के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की कंपनी ने बयान में कहा कि इस सहयोग के तहत, कार्स24 नए वाहनों की आपूर्ति से पहले निरीक्षण (पीडीआई) करेगी। गाड़ी में पारदर्शिता, सुरक्षा और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने के लिए जीपीएस निगरानी उपकरण लगाए जाएंगे। पायलट कार्यक्रम के तहत शुरू में दिल्ली में वाहनों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### ग्लोब सिविल का शेयर 28% उछाल के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** सिविल निर्माण एवं बुनियादी ढांचा विकास कंपनी ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 71 रुपये से 28 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ।



बीएसई पर शेयर 91.10 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य के मुकाबले 28.30 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। एनएसई पर कंपनी के शेयर ने अपने निर्गम मूल्य से 26.76 प्रतिशत चढ़कर 90 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 543.44 करोड़ रुपये रहा।

### एलेनबेरी गैसेज का निर्गम 23 फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** एलेनबेरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 400 रुपये से 23 प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ।



बीएसई पर कंपनी का शेयर अपने निर्गम मूल्य से 23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 492 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 35.3 प्रतिशत चढ़कर 541.20 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 21.5 प्रतिशत चढ़कर 486 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 7,603.48 करोड़ रुपये रहा।

### रेमंड रियल्टी का शेयर सूचीबद्ध पहले दिन 4 प्रतिशत टूटा

**नई दिल्ली।** रेमंड रियल्टी लिमिटेड का शेयर मंगलवार को विभाजन प्रक्रिया के बाद शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुए। कंपनी के शेयर ने बीएसई में 1,005 रुपये पर कारोबार करना शुरू किया। दिन के दौरान,



यह शुरुआती कीमत से 4.99 प्रतिशत बढ़कर 1,055.20 रुपये - ऊपरी सर्किट सीमा - पर पहुंच गया। हालांकि, अंत में यह 4.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 962.50 रुपये पर बंद हुआ।

### सुंदरम फाइनेंस ने जमा पर ब्याज दरों में किया संशोधन

**चेन्नई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) सुंदरम फाइनेंस लिमिटेड ने जमा पर ब्याज दरों में संशोधन किया है। यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए 12 महीने की



जमा पर संशोधित ब्याज दर 7.2 प्रतिशत होगी। 24 और 36 महीने के लिए यह 7.5 प्रतिशत है। शहर स्थित कंपनी ने बयान कहा कि अन्य लोगों के लिए, 12 महीने की अवधि वाली जमा के लिए ब्याज दरों को संशोधित कर 6.70 प्रतिशत और 24 और 36 महीने के लिए सात प्रतिशत कर दिया गया है।

# बारुद व बम बनाकर उद्योग जगत में नुवाल ने मचाई हलचल, अंबानी व अदाणी रहे पीछे

## ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक नुवाल की संपत्ति में 78 फीसदी का हुआ इजाफा


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल की पहली छमाही में एक उद्योगपति ने कमाई के मामले में भारत के दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी को भी पीछे छोड़ दिया है। वैश्विक जगत में पिछले छह महीने के दौरान भले ही जबरदस्त उथल पुथल रही हो, लेकिन इनकी नेटवर्थ में 78 फीसदी का जबरदस्त इजाफा हुआ है। ये अरबपति हैं सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया के सह-संस्थापक और प्रसिडेंट सत्यनारायण नुवाल।

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक इनकी संपत्ति में सिर्फ इस साल की छमाही के दौरान ही 78 फीसदी के इजाफे के बाद कुल संपत्ति अब 7.90 बिलियन डॉलर हो गई है। सबसे खास बात ये है कि इनकी कंपनी डेटोनेटर, एक्सप्लोसिव और एम्यूनिशन बनती है और इसका हेडक्वार्टर नागपुर में स्थित है। सोलर इंडस्ट्रीज के शेयर में जहां 2024 में पैतालीस प्रतिशत तो वहीं दो साल पहले 2023 में चौवन प्रतिशत का इजाफा हुआ था। इस साल कंपनी के शेयर में करीब 81 प्रतिशत की तगड़ी उछाल देखी जा रही है। वर्तमान में कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंस में 17,200 रुपए के मूल्य पर ट्रेड कर रहा है। राजस्थान के भीलवाड़ा में एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे सत्यनारायण नुवाल ने सिर्फ दसवीं तक पढ़ाई की है। 10वीं से आगे वो पढ़ाई नहीं कर पाए।

### इस साल किसका कितना इजाफा

अगर तुलनात्मक रुप से देखें तो सत्यनारायण की कुल नेटवर्थ 7.9 अरब डॉलर हो गई है, जिसमें इस साल की पहली छमाही के दौरान 78.4 प्रतिशत का जबरदस्त इजाफा हुआ है। इसके बाद सुनील मित्तल के नेटवर्थ में 27.3 प्रतिशत का इजाफा होकर उनकी कुल संपत्ति अब 30.4 अरब डॉलर हो गई है। इसके बाद लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में पहली छमाही के दौरान 26.1 प्रतिशत का इजाफा होकर कुल संपत्ति 24.8 अरब डॉलर हो गई है।



### मुकेश अंबानी की संपत्ति में 21.9 फीसदी का इजाफा

राहुल भाटिया की संपत्ति में 24.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और ये 10.8 अरब डॉलर हो गई है। तो वहीं मुकेश अंबानी की संपत्ति में 21.9 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और अब उनकी संपत्ति 110.5 अरब डॉलर हो गई है। जबकि, गौतम अदाणी की संपत्ति में इस साल के पहले छह महीने के दौरान 8.5 प्रतिशत का संपत्ति में इजाफा हुआ है और उनका कुल नेटवर्थ अब 85.4 अरब डॉलर हो गया है।

## एक साल पहले इसी महीने 1,73,813 करोड़ रुपए था

# मई के मुकाबले जून में गिरा जीएसटी कलेक्शन सरकार को 1.84 लाख करोड़ रुपए की कमाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

- सकल जीएसटी संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़ा

जीएसटी संग्रह मई में 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस साल अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया था। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा।

**खास बातें**

- जीएसटी संग्रह मई में 2 .01 लाख करोड़ रुपए रहा
- अप्रैल में जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 2 .37 फीसदी के उच्च स्तर पर रहा




### जून में कुल रिफंड 28.4 फीसदी बढ़ा

सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व जून में 34,558 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी राजस्व करीब 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 13,491 करोड़ रुपये रहा। इस बीच, जून में कुल 'रिफंड' 28.4 प्रतिशत बढ़कर 25,491 करोड़ रुपये हो गया।

### जून के शुद्ध जीएसटी संग्रह में 8.48 फीसदी की कमी

शुद्ध जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 3.3 प्रतिशत बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रुपये रहा। बीडीओ इंडिया के अप्रत्यक्ष कर भागीदार कार्तिक मणि ने कहा कि मासिक आधार पर आंकड़ों को देखें तो इस साल जून के शुद्ध जीएसटी संग्रह में 8.48 प्रतिशत की कमी आई है। इस दौरान घरेलू बाजार और आयात से संग्रह में गिरावट हुई।

### सालाना आधार पर धीमी वृद्धि

मणि ने कहा कि जीएसटी लागू होने की 8वीं वर्षगांठ पर उम्मीद है कि सालाना आधार पर संग्रह में इतनी धीमी वृद्धि महज एक अपवाद है और आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रह सामान्य वृद्धि की राह पर लौट आएगा।

### महाराष्ट्र, बंगाल के संग्रह में वृद्धि

समीक्षाधीन महीने में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 4-8 प्रतिशत के बीच वृद्धि दर्ज की, जबकि उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात जैसे अन्य राज्यों ने 1-4 प्रतिशत के बीच गिरावट की सूचना दी है। हरियाणा, बिहार और झारखंड जैसे कुछ राज्यों ने 10 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर्ज की।

### भारत अच्छी स्थिति में है

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी के भागीदार विवेक जालान के अनुसार, लगातार दो महीनों में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक जीएसटी राजस्व और दोहरे अंक की वृद्धि के बाद, जून 2025 में 1.85 लाख करोड़ रुपये का संग्रह थोड़ा कम लगता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में इस साल अभी तक 11.8 प्रतिशत की वृद्धि से लगता है कि वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत अच्छी स्थिति में है।


# देश के विनिर्माण क्षेत्र ने लगाई छलांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गई। इससे उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी के साथ रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि का संकेत मिलता है। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक मई में 57.6 था।

- विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में 14 महीने के उच्च स्तर पर

क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार का संकेत देता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को बताता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''भारत का विनिर्माण पीएमआई जून में 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गया। मजबूत मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डरों और रोजगार सृजन में विस्तार को बढ़ावा दिया।''जून में नए ऑर्डर में भी तेजी देखी गई। विस्तार की दर करीब एक साल में सबसे मजबूत थी। समिति के सदस्यों के अनुसार वृद्धि को विपणन प्रयासों और निर्यात में पर्याप्त वृद्धि से समर्थन मिला। जून में नए निर्यात ऑर्डर में पर्याप्त वृद्धि हुई। भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग को बनाए रखने के लिए भारतीय विनिर्माण कंपनियों के पास तैयार माल का भंडार लगातार कम हो रहा है। कंपनियों ने कहा कि सर्वेक्षण के 20 से अधिक वर्षों के इतिहास में इस बार विदेशी ऑर्डर में सबसे तेज वृद्धि रही। सर्वेक्षण में कहा गया कि मजबूत बिक्री ने विनिर्माताओं के बीच भर्ती को बढ़ावा दिया, जिससे रोजगार रिकॉर्ड गति से बढ़ा।



### रोजगार रिकॉर्ड गति से बढ़ा

इस बात के संकेत हैं कि ज्यादातर भर्ती अल्पकालिक हैं पर कंपनियों के उत्पादन में वृद्धि से रोजगार तेजी से बढ़ा। कीमत के मोर्चे पर, लागत मुद्रास्फीति फरवरी के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई और अपेक्षाकृत नगण्य रही। जून में भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए सकारात्मक नजरिया रहा।

# सोने में 1, 200 रुपए की तेजी

## सात दिन से जारी गिरावट थमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने में पिछले सात कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया और पीली धातु का भाव 1,200 रुपये की तेजी के साथ 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

- 98,670 रुपए प्रति दस ग्राम पर सोना

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सोमवार को 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। सोने के भाव में लगातार सातवें सत्र की गिरावट के बाद तेजी दर्ज की गई और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये चढ़कर 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 97,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिकी राजकोषीय घाटे में वृद्धि की चिंताओं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्तावित कर-कटौती और व्यय विधेयक पर बाजार के ध्यान के कारण अमेरिकी डॉलर में गिरावट ने सोने को और अधिक आकर्षक बना दिया है।''

### चांदी में 2000 रुपए का उछाल

इसके अलावा, मंगलवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को चांदी की कीमत 1,02,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 44.01 डॉलर या 1.33 प्रतिशत बढ़कर 3,346.92 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# भारत का लौह अयस्क उत्पादन अप्रैल और मई में मामूली बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्तवर्ष की अप्रैल-मई अवधि में देश का लौह अयस्क उत्पादन मामूली रूप से 0.6 प्रतिशत बढ़कर 5.3 करोड़ टन (एमएमटी) हो गया। अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्तवर्ष की समान अवधि में लौह अयस्क का उत्पादन 5.27 करोड़ टन था। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चालू वित्तवर्ष की अप्रैल-मई अवधि में मैंगनीज अयस्क, बॉक्साइट, जिंक कंसंट्रेट और चूना पत्थर का उत्पादन बढ़ा है। अलौह धातु क्षेत्र में, अप्रैल-मई में प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन 1.3 प्रतिशत बढ़कर 7.07 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 6.98 लाख टन था। इसी अवधि के दौरान, रिफाइंड तांबे का उत्पादन 0.69 लाख टन से 43.5 प्रतिशत बढ़कर 0.99 लाख टन तक हो गया। भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, रिफाइंड कॉपर के शीर्ष दस उत्पादकों में से एक और तीसरा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक है।



# शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 91 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार सीमित दायरे में रहा और रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा एचडीएफसी बैंक में लिवाली से दोनों मानक सूचकांक बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 91 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 25 अंक की तेजी रही।

- रिलायंस, एचडीएफसी बैंक में रही खरीदारी

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 90.83 अंक बढ़कर 83,697.29 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 13 शेयर बढ़त में और 17 नुकसान में बंद हुए। कारोबार के दौरान एक समय यह 267.83 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 24.75 अंक यानी 0.10 प्रतिशत के लाभ के साथ 25,541.80 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में सर्वाधिक 2.51 प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी के 528 करोड़ रुपये का ऑर्डर हासिल करने के ऐलान के बाद शेयर में तेजी आई। इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.84 प्रतिशत चढ़ा। विश्लेषकों के सौर विनिर्माण केंद्र शुरू करने की संभावना जताये जाने के बाद कंपनी का शेयर चढ़ा। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, ट्रेंट, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और टेक महिंद्रा शामिल हैं।




### निफ्टी सीमित दायरे में रहा

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'सोमवार की गिरावट के बाद बाजार में सुस्ती रही और यह लगभग अपरिवर्तित बंद हुआ। शुरुआती तेजी के बाद निफ्टी सीमित दायरे में रहा और अंततः 25,541.80 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों-खासकर अमेरिका-में तेजी के साथ-साथ स्थिर घरेलू संकेतों से पता चलता है कि मौजूदा रुझान जारी रहने की संभावना है।'

# इरेडा की ऋण मंजूरी पहली तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) की ऋण मंजूरियां अप्रैल-जून तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़कर 11,740 करोड़ रुपये हो गई। यह पिछले साल समान अवधि 9,136 करोड़ रुपये रही थी। सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसी ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत अच्छी रही। अप्रैल-जून तिमाही में प्रमुख वित्तीय संकेतकों में वृद्धि दर्ज की, जो कि अस्थायी आंकड़ों पर आधारित है। ऋण वितरण वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही के 5,326 करोड़ रुपये से 31 प्रतिशत बढ़कर 6,981 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की बकाया ऋण पुस्तिका 30 जून 2025 तक 79,960 करोड़ रुपये रही जो 30 जून 2024 तक के 63,207 करोड़ रुपये से 27 प्रतिशत अधिक है। इरेडा के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप कुमार दास ने कहा, ''हमारी पहली तिमाही की वृद्धि भारत के अक्षय ऊर्जा परिवेश को सशक्त बनाने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है..।''




# वर्धमान अमरांटे और मैरियट इंटरनेशनल के बीच समझौता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओसवाल ग्रुप की रियल एस्टेट कंपनी वर्धमान अमरांटे ने वेस्टिन होटल्स एंड रिजॉर्ट्स ब्रांड के तहत पंजाब के लुधियाना में नया होटल बनाने के लिए मैरियट इंटरनेशनल के साथ समझौता किया है। परियोजना पर करीब 260 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

- दोनों मिलकर लुधियाना में बनाएगी होटल

दोनों कंपनियों ने मंगलवार को संयुक्त बयान में कहा कि यह समझौता दिल्ली में दोनों कंपनियों के अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। लुधियाना में यह वेस्टिन ब्रांड की पहली शुरुआत होगी। बयान के अनुसार, ''इस होटल में 200 कमरे होंगे और परियोजना पर करीब 260 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।' ओसवाल ग्रुप के चेयरमैन आदिश ओसवाल ने कहा, '' हम लुधियाना में वेस्टिन ब्रांड लाने को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह होटल शहर के होटल क्षेत्र को नई ऊंचाई देगा। हमारा लक्ष्य है कि इसे लुधियाना का गौरव बनाया जाए, जहां देश-विदेश से आने वाले सैलानियों को बेहतरीन सुविधा और सेवा का अनुभव मिलें।'' मैरियट इंटरनेशनल की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (दक्षिण एशिया) रंजू एलेक्स ने कहा, ''यह हमारे लिए भी एक अहम पड़ाव है। यह साझेदारी लुधियाना में होटल क्षेत्र के लिए नए अवसर खोलेगी...।''



### मैरियट के 144 देशों में होटल

वर्धमान अमरांटे का कहना है कि आने वाले वर्षों में वह लुधियाना और पंजाब के अन्य जिलों में रियल एस्टेट क्षेत्र में कई परियोजनाएं लेकर आएगी। वहीं मैरियट इंटरनेशनल पहले से ही दुनिया के 144 देशों में अपने होटल चला रही है।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा की बिक्री में 14 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई

# जून में मारुति, हुंडई, टाटा मोटर्स की बिक्री में गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर इंडिया की बिक्री जून, 2025 में दो अंक में घटी है। इस दौरान टाटा मोटर्स की बिक्री में भी गिरावट आई है। हालांकि, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सालाना आधार पर बिक्री में वृद्धि दर्ज की है। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को बयान में कहा कि डीलर को भेजे गये कुल घरेलू यात्री वाहन पिछले महीने 13 प्रतिशत घटकर 1,18,906 इकाई रहे, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 1,37,160 इकाई था। कंपनी की कुल बिक्री जून महीने में सालाना आधार पर छह प्रतिशत घटकर 1,67,993 इकाई रही।

- देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति ने 1,18,906 इकाई बेची

**छोटे आकार के कारों की मांग में भारी गिरावट:** कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा, 'यात्री वाहनों की बिक्री में नरमी का कारण काफी हद तक छोटे आकार की कारों की मांग में भारी गिरावट है। ऐतिहासिक रूप से, यात्री वाहनों की बिक्री जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि के 1.5 गुना की दर से बढ़ती थी।



### हुंडई की बिक्री 12 फीसदी घटी

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने बयान में कहा, घरेलू बाजार में उसकी थोक बिक्री जून में 12 प्रतिशत घटकर 44,024 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 50,103 इकाई थी। जून, 2024 के 14,700 इकाई के मुकाबले पिछले महीने निर्यात 16,900 इकाई रहा।

### टाटा के थोक बिक्री में गिरावट

देश की प्रमुख वाहन कंपनी टाटा मोटर्स की जून में कुल घरेलू थोक बिक्री 12 प्रतिशत घटकर 65,019 इकाई रह गई। जून, 2024 में कंपनी ने 74,147 वाहन बेचे थे। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित यात्री वाहनों की बिक्री जून में 15 प्रतिशत घटकर 37,083 इकाई रह गई।

### महिंद्रा के यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 18 फीसदी बढ़ी

महिंद्रा एंड महिंद्रा की जून में कुल बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 78,969 इकाई हो गई। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि यात्री वाहन खंड में पिछले महीने घरेलू बाजार में उसके यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 18 प्रतिशत बढ़कर 47,306 इकाई हो गई। एमएंडएम ने कहा कि घरेलू तिपहिया वाहनों की बिक्री 8,454 इकाई रही।

### टोयोटा की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़ी

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की जून में बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 28,869 इकाई हो गई। वाहन विनिर्माता कंपनी ने जून, 2024 में 27,474 वाहन बेचे थे। लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी की पहली छमाही की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत घटकर 2,128 इकाई रह गई। कंपनी ने पिछले वर्ष पहली जनवरी-जून की छमाही में 2,477 इकाइयां बेची थीं।

## अरब सागर में फिर देवदूत बनी भारतीय नौसेना

# विदेशी जहाज में लगी आग बुझाई 14 भारतीयों की जान भी बचाई

*29 जून की सुबह, मिशन-आधारित तैनाती पर मौजूद आईएनएस तबर को एमटी यी चेंग 6 से 'मेडे' (आपातकालीन) कॉल प्राप्त हुआ। जहाज ने अपने इंजन कक्ष में भीषण आग लगने की सूचना दी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने एक बार फिर अपनी तेज प्रतिक्रिया और समुद्री सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए समुद्री जहाज पर लगी आग पर काबू पाया है। नौसेना ने समुद्र में संकट की घड़ी में अपनी वीरता और तत्परता का परिचय देते हुए अरब सागर में एक विदेशी तेल जहाज में लगी भीषण आग पर काबू पा लिया। इस बड़े अग्निकांड के दौरान नौसेना ने जोखिम भरे अग्निशमन और बचाव अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। नौसेना ने इस ऑपरेशन में समुद्री जहाज पर मौजूद सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया।

**खास बातें**

- 19 नौसेना कर्मियों ने जहाज पर पहुंचकर दमकल ऑपरेशन को दी मजबूती
- ऑपरेशन में सभी लोग सुरक्षित, जहाज पर तापमान की निगरानी की जा रही



**नौसेना की फायरफाइटिंग टीम ने किया कमाल**

मामले में आईएनएस तबर से 6 सदस्यीय फायर फाइटिंग टीम ने तुरंत जहाज पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। प्रारंभिक प्रयासों में धुएं को इंजन रूम तक सीमित कर लिया गया। बाद में 13 अतिरिक्त नौसेना कर्मियों (5 अफसर और 8 नाविक) भेजे गए, जिससे दमकल ऑपरेशन को मजबूती मिली। भारतीय नौसेना ने बताया कि इस ऑपरेशन में किसी को कोई चोट नहीं आई और सभी 14 भारतीय क्रू मेंबर्स को मेडिकल टीम ने जांच कर सुरक्षित घोषित किया। आईएनएस तबर घटना स्थल के पास मौजूद है ताकि जरूरत पड़ने पर और मदद दी जा सके। नौसेना का कहना है कि लगातार प्रयासों के फलस्वरूप आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया है।

**नौसेना समुद्र की सच्ची प्रहरी**

*भारतीय नौसेना के इस साहसी और कुशल प्रयासों ने न केवल जहाज को बचाया, बल्कि सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की। यह घटना फिर एक बार यह सिद्ध करती है कि भारतीय नौसेना समुद्र की सच्ची प्रहरी है। भारतीय नौसेना न केवल परिचालन रूप से सजग है, बल्कि समुद्री सुरक्षा, आपातकालीन प्रतिक्रिया और मानवता के लिए हमेशा तैयार है। यह भारत की 'प्रथम उत्तरदाता' की भूमिका को और मजबूत करता है।*



**आईएनएस तबर ने दिखाई तत्परता**

*भारतीय नौसेना को जैसे ही एसओएस संदेश मिला, युद्धपोत आईएनएस तबर को तुरंत अधिकतम गति से रवाना किया गया। जहाज के पास पहुंचकर, नौसेना ने जहाज के कप्तान से संपर्क स्थापित किया और तत्काल अग्निशमन अभियान शुरू किया और 7 क्रू मेंबर्स को अपने जहाज पर सुरक्षित रूप से निकाल लिया। जबकि शेष क्रू सदस्य और जहाज के कप्तान ने वहीं रहकर आग बुझाने में मदद की। नौसेना के मुताबिक 29 जून की सुबह, मिशन-आधारित तैनाती पर मौजूद आईएनएस तबर को एमटी यी चेंग 6 से 'मेडे' (आपातकालीन) कॉल प्राप्त हुआ। जहाज ने अपने इंजन कक्ष में भीषण आग लगने की सूचना दी। यह जहाज पलाउ के झंडे के तहत चल रहा था। जो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा तट से लगभग 80 नॉटिकल मील पूर्व में समुद्र में था।*

---

**खबर संक्षेप**

### 156 साल पुरानी 'रॉयल ट्रेन' सेवा समाप्त होगी



**लंदन।** ब्रिटेन की 'रॉयल ट्रेन' अब जल्द ही अंतिम बार स्टेशन से रवाना होगी। बकिंघम पैलेस ने कहा कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने स्वीकार किया है कि महारानी विक्टोरिया के समय से चल रही इस ट्रेन को बंद करने का समय आ गया है क्योंकि इसके परिचालन की लागत बहुत अधिक है तथा अधिक उन्नत रेल प्रणालियों के लिए इसमें महत्वपूर्ण बदलाव की आवश्यकता होगी। यह रॉयल ट्रेन नौ बोगियों का एक सुइट है और इसे किसी भी व्यावसायिक इंजन से जोड़ा जा सकता है।

### स्पेन में 29 जून अब तक का सबसे गर्म दिन रहा



**मैड्रिड।** यूरोप के स्पेन में सबसे ज्यादा गर्मी है, जहां के ज्यादातर इलाकों में 29 जून को तापमान 46 डिग्री दर्ज किया गया, जो देश का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। इससे पहले स्पेन के सेविले में आखिरी बार जून, 1965 में 45.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। एल ग्रैनाडो शहर में शनिवार को 46 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। फ्रांस, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बोस्निया, हर्जेगोविना, हंगरी, सर्बिया, स्लोवेनिया में भी हीटवेव जारी है।

---

**द्विपक्षीय समझौते के तहत हुई कार्रवाई**

## भारत व पाक ने जेलों में बंद नागरिकों की सूची साझा की

- *भारत ने 26 भारतीयों से संपर्क की अनुमति मांगी*
- *80 लोगों की पाक नागरिकता पुष्टि की मांग*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान ने मंगलवार एक-दूसरे की जेलों में बंद नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया। नई दिल्ली और इस्लामाबाद में यह आदान-प्रदान राजनयिक माध्यमों से एक साथ किया गया। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह प्रक्रिया साल 2008 के द्विपक्षीय कांसुलर एक्सेस समझौते के तहत होती है। इस समझौते के अनुसार, हर साल एक जनवरी और एक जुलाई को ऐसी सूचियों का आदान-प्रदान किया जाता है। भारत ने पाकिस्तान को अपने पास मौजूद 382 नागरिक कैदियों और 81 मछुआरों के नामों की सूची दी, जो पाकिस्तानी हैं या जिन्हें पाकिस्तानी माना जाता है।

**2,661 मछुआरे और 71 नागरिक वापस लाए**

भारत सरकार ने कहा कि वह मानवीय मामलों को प्राथमिकता के साथ हल करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें एक-दूसरे के देश में बंद कैदी और मछुआरे भी शामिल हैं। इसी क्रम में, भारत ने पाकिस्तान से अपील की है कि वह 80 ऐसे लोगों की नागरिकता की पुष्टि जल्द करे, जिन्हें भारत ने पाकिस्तानी माना है और जिनकी वापसी इस पुष्टि के अभाव में रुकी हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा, सरकार के निरंतर प्रयासों का नतीजा है कि 2014 से अब तक पाकिस्तान से 2,661 भारतीय मछुआरों और 71 भारतीय नागरिक कैदियों को भारत वापस लाया गया है। इसमें 2023 से अब तक 500 मछुआरे और 13 नागरिक कैदी भी शामिल हैं।

**सजा पूरी कर चुके भारतीयों को छोड़ें**

भारत सरकार ने पाक से आग्रह किया है कि वह भारतीय नागरिक कैदियों, मछुआरों और उनके साथ पकड़ी गई नावों को जल्द रिहा करके भारत भेजे। भारत ने पाक से मांग की है कि वह 159 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की जल्द रिहाई करे, जिनकी सजा पूरी हो चुकी है। पाक की हिरासत में मौजूद 26 भारतीय माने जा रहे कैदियों और मछुआरों को अब तक काउंसुलर एक्सेस नहीं मिला है- भारत ने उनके लिए भी तुरंत संपर्क की अनुमति मांगी है।

---

## अमेरिका के मैनहट्टन से विदेश मंत्री जयशंकर की पाकिस्तान को दो टूक

*ये भी बोले- पहलगाम आतंकी हमला एक आर्थिक युद्ध था*

# परमाणु धमकी से हम डरने वाले नहीं अब न्यूक्लियर ब्लैकमेल का दौर खत्म

*जयशंकर ने साफ किया कि हमने तय किया कि अब आतंकवादियों को बिना सजा के छोड़ना संभव नहीं। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकियों को प्रॉक्सी मानकर पाकिस्तान सरकार को बख्शेगा नहीं, जो इन्हें समर्थन, फंडिंग और प्रोत्साहन देती है*

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क


विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के मैनहट्टन में 9/11 स्मारक के पास वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में कहा कि पाकिस्तान से आने वाले आतंकवाद का भारत करारा जवाब देगा। भारत अब न्यूक्लियर हथियारों की धमकी से डरने वाला नहीं हैं।

अब यह डर दिखाने का वक्त चला गया है कि दोनों देश परमाणु ताकतें हैं इसलिए भारत को संयम बरतना चाहिए। अगर पाकिस्तान हमला करेगा तो हम भी जवाब देंगे और सीधा उनपर जो हमला करते हैं। न आतंकियों को छूट मिलेगी, न उनके आका सुरक्षित रहेंगे। जयशंकर ने साफ किया कि हमने तय किया कि अब आतंकवादियों को बिना सजा के छोड़ना संभव नहीं। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकियों को प्रॉक्सी मानकर पाकिस्तान सरकार को बख्शेगा नहीं, जो इन्हें समर्थन, फंडिंग और प्रोत्साहन देती है।

- पाकिस्तान हमला करेगा तो हम जवाब देंगे

"अमेरिका के साथ भारत एक जटिल व्यापार वार्ता के बीच में"

"भारत इजराइल, ईरान और आईएईए को मदद के लिए तैयार"



**पहलगाम हमले का बदला लिया**

जयशंकर ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए इंडियन एयरफोर्स ने 6-7 मई की आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की। सिर्फ 25 मिनट चले ऑपरेशन में 7 शहरों में 9 आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। जयशंकर ने कहा कि भारत के खिलाफ हमलों को अंजाम देने वाले पाकिस्तान के आतंकवादी गुप्त रूप से काम नहीं करते हैं और इन आतंकी संगठनों के पाकिस्तान के घनी आबादी वाले शहरों में कॉरपोरेट मुख्यालय सरीखे ठिकाने हैं। हर कोई जानता है कि संगठन 'ए' और संगठन 'बी' का मुख्यालय क्या है और ये वे इमारतें, मुख्यालय हैं जिन्हें भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में नष्ट कर दिया।

**पर्यटन उद्योग कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़**

जयशंकर ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला एक सोचा समझा आर्थिक युद्ध था। इसका मकसद कश्मीर में पर्यटन उद्योग को बर्बाद करना था। यह हमला पर्यटन पर हमला था, जो कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। आतंकी चाहते थे कि लोग डरें, पर्यटक न आएं और घाटी का आर्थिक ढांचा टूट जाए। जयशंकर ने कहा कि हमलावरों ने धार्मिक पहचान के आधार पर लोगों को अलग किया और फिर हत्या की, ताकि सांप्रदायिक तनाव फैल सके।

**हमारे हमले से डरा पाकिस्तान**

जयशंकर ने बताया कि 9 मई की रात पाकिस्तान ने भारत पर बड़ा हमला करने की धमकी दी थी। मैं उस कक्ष में मौजूद था जब उपराष्ट्रपति (जेडी) वेंस ने 9 मई की रात को पीएम नरेंद्र मोदी से बात की थी और कहा था कि अगर हमने कुछ बातें नहीं मानीं तो पाकिस्तान भारत पर बहुत बड़ा हमला करेगा। पीएम पाकिस्तानियों की धमकियों से प्रभावित नहीं हुए। इसके विपरीत उन्होंने संकेत दिया कि हमारी ओर से इसका जवाब दिया जाएगा। यह उससे एक रात पहले की बात है जब पाकिस्तानियों ने हम पर बड़े पैमाने पर हमले किए और हमने उसका बहुत तेजी से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगली सुबह विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मुझे फोन किया और कहा कि पाकिस्तानी बातचीत के लिए तैयार हैं।

**हमारा चीन और अमेरिका से अच्छा तालमेल**

*जयशंकर ने कहा कि भारत पड़ोसी चीन के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। हमारा अमेरिका के साथ बहुत अच्छा तालमेल है। अमेरिका के साथ हम एक बहुत ही जटिल व्यापार वार्ता के बीच में हैं, उम्मीद है कि हम इसे एक सफल निष्कर्ष पर ले जाएं। मुझे लगता है कि हमें अगले कुछ दिनों तक इस पर नजर रखनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत इजराइल, ईरान, अमेरिका या आईएईए (अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) के लिए किसी भी प्रकार की मदद के लिए तैयार है।*

---

## भारतीय नौसेना को सौंपा युद्धपोत 'उदयगिरि'



**मुंबई।** आत्मनिर्भरभारत को आगे बढ़ाते हुए, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि., मुंबई द्वारा प्रोजेक्ट पी17ए नीलगिरि क्लास स्टील्थ फ्रिगेट्स के तहत निर्मित दूसरा युद्धपोत उदयगिरि, 01 जुलाई 25 को मुंबई में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। उदयगिरि 100वां जहाज है, जिसे युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन और वितरित किया गया है। युद्धपोत 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ बनाया गया है और अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस है। उदयगिरि भारतीय नौसेना की युद्ध तत्परता और भारतीय महासागर क्षेत्र में हमारे समुद्री हितों की रक्षा करने की क्षमता को बढ़ावा देगा।

---

**एयर इंडिया का एक और बड़ा हादसा टला**

## 19 जून की घटना, वियना जा रही फ्लाइट 900 फीट नीचे आ गई थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली से वियना जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-187 (बोइंग 777) उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद हवा में 900 फीट नीचे गिर गई। यह घटना 14 जून 2025 को सुबह 2:56 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना होने के तुरंत बाद हुई। विमान में स्टॉल और ग्राउंड प्रॉक्सिमिटी चेतावनियां सक्रिय हो गईं, जिसमें 'डू नॉट सिंक' अलर्ट बार-बार बजा। पायलटों ने त्वरित कार्रवाई कर विमान को स्थिर किया और नौ घंटे की उड़ान के बाद यह वियना में सुरक्षित उतरा। हालांकि, इस घटना ने एयर इंडिया की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल उठाए हैं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि पायलटों ने घटना की जानकारी तुरंत दी, जिसके बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सूचित किया गया। विमान के फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जांच शुरू हो गई है, और परिणाम आने तक दोनों पायलटों को उड़ान ड्यूटी से हटा दिया गया है।

---

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का तंज**

*ट्रंप ने सब्सिडी मामले में डीओजीई को जांच के निर्देश दिए*

## सब्सिडी बंद की तो दुकान बंद कर 'मस्क' को अफ्रीका लौटना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अगर मस्क को मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाए, तो उनको अपनी दुकान (कंपनी) बंद करके दक्षिण अफ्रीका लौटना पड़ेगा। ट्रंप के कहा कि सब्सिडी बंद होने से न तो टेस्ला इलेक्ट्रिक कार का प्रोडक्शन कर पाएगी, न ही स्पेसएक्स के रॉकेट, सैटेलाइट लॉन्च होंगे। ट्रंप ने दावा किया कि मस्क को सरकारी सब्सिडी के तौर पर इतना पैसा मिला है, जितना शायद किसी और को नहीं मिला। उन्होंने सुझाव दिया कि डीओजीई इस मामले की विस्तृत जांच करे। इससे देश का पैसा बचेगा। ट्रंप ने कहा कि मस्क को राष्ट्रपति पद के लिए मेरा समर्थन करने से बहुत पहले ही पता था कि मैं ईवी मैंडेट के खिलाफ हूं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां अच्छी हैं, लेकिन हर इंसान को इन्हें खरीदने के लिए मजबूर करना गलत है। बता दें, मस्क को 20 साल में 31 लाख करोड़ रुपए की सरकारी मदद मिली है।

**मस्क ने ट्रंप के बिल को पागलपन बताया**

दरअसल, इलॉन मस्क ने शनिवार को ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल की एक बार फिर से आलोचना की थी। मस्क ने शनिवार को एक्स पर लिखा था कि ट्रंप का यह बिल अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को बहुत बड़ा रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा। यह पूरी तरह पागलपन से भरा और विनाशकारी है। यह कानून पुराने उद्योगों को रियायत देता है।

---

**कंबोडिया के पूर्व पीएम के साथ फोन कॉल ऑडियो लीक का मामला**

*नैतिकता के उल्लंघन के आरोप पर याचिका पर हुई सुनवाई*

## थाईलैंड की पीएम शिनावात्रा को कोर्ट ने किया सस्पेंड, अब बनाई गईं संस्कृति मंत्री

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड की संवैधानिक कोर्ट ने पूर्व कंबोडियाई पीएम हुन सेन के साथ लीक हुई फोन कॉल के मामले की जांच पेंडिंग रहने तक पीएम पैटोंगटार्न शिनावात्रा को पद से सस्पेंड कर दिया है। जजों ने मंगलवार को सर्वसम्मति से उन पर नैतिकता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई की और पीएम शिनावात्रा को ड्यूटी से सस्पेंड करने के पक्ष में 7-2 से मतदान किया। शिनावात्रा को कंबोडिया के साथ हालिया सीमा विवाद से निपटने के लिए बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 28 मई को एक सैन्य टकराव शामिल था। इस संघर्ष में एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया था। सीमा विवाद पर कूटनीति में लगे रहने के दौरान लीक हुए फोन कॉल ने शिनावात्रा के खिलाफ शिकायतों और सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनों की झड़ी लगा दी।



**कैबिनेट में हुआ फेरबदल**

*इस फेरबदल में पूर्व डिप्टी पीएम अनुतिन चारविरकुल को पद से हटाया गया, जो भूमजैथई पार्टी के नेता थे, जिन्होंने फोन कॉल लीक के बाद सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। अनुतिन की जगह फुमथम वेचायाचाई की नियुक्ति की गई है, जो पहले रक्षा मंत्री थे और अब उन्हें गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। रक्षा मंत्री का पद खाली छोड़ दिया गया और उप मंत्री को कार्यवाहक मंत्री बनाया गया है। शिनावात्रा ने खुद संस्कृति मंत्री का पद संभाला है।*

**दुश्मन देश के नेता को 'अंकल' बुलाया**

*सीमा विवाद को सुलझाने के लिए शिनावात्रा ने कंबोडिया के ताकतवर नेता हुन सेन के साथ फोन पर बातचीत की थी, जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग लीक हो गई। इस फोन कॉल के दौरान दोनों नेताओं ने सीमा विवाद पर चर्चा की और बातचीत में शिनावात्रा ने हुन सेन को 'अंकल' कहकर संबोधित किया। साथ ही कहा कि अगर उन्हें कुछ चाहिए तो वह उसका ख्याल रखेंगी। इसके अलावा शिनावात्रा ने थाई सैन्य कमांडर को अपना 'प्रतिद्वंद्वी' बताया, जिसके कारण पीएम की काफी आलोचना हुई और उन पर दुश्मन देश के आगे घुटने टेकने का आरोप लगा।*

**कंबोडिया के सामने झुकने का आरोप**

*कमजोर करने का आरोप लगाया है। साथ ही आरोप लगाया है कि उन्होंने मंत्रियों के बीच 'स्पष्ट ईमानदारी' और 'नैतिक मानकों' की जरूरत वाले संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ जाकर काम किया है। इसी लीक फोन कॉल के बाद पूरे देश में पीएम शिनावात्रा के खिलाफ आक्रोश फैल गया और उनको संवैधानिक जांच का सामना करना पड़ रहा है।*

---

**भारत में हुए सुधारों पर स्पेन में बोलीं सीतारमण**

## निजी निवेश बढ़ा पर अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



स्पेन, पुर्तगाल और ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर गईं वित्त मंत्री मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पेन के सेविले में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंच के शिखर सम्मेलन के दौरान सतत विकास के लिए निजी पूंजी जुटाने की जोरदार वकालत की। उन्होंने 'एफएफडी4 परिणाम से कार्यान्वयन तकः सतत विकास के लिए निजी पूंजी की क्षमता को अनलॉक करना' शीर्षक पर अपनी राय रखी। सीतारमण ने कहा कि हाल के वर्षों में निजी निवेश ने उत्साहजनक वृद्धि दिखाई है, लेकिन अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। निजी पूंजी निवेश अब भी आवश्यकता से काफी कम है, कम और मध्यम आय वाले देशों को अनुपातहीन रूप से छोटा हिस्सा मिल रहा है। निवेश बाधाओं को दूर करने और विकास प्राथमिकताओं के साथ वित्तीय प्रवाह को बेहतर करने के प्रयासों की तत्काल आवश्यकता है।

# गुरु पूर्णिमा पर बगलामुखी मठ में होगा श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव

## 3 जुलाई से 10 जुलाई तक चलेगा आयोजन, ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंदजी होंगे कथा व्यास

हरिभूमि, जबलपुर।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिद्ध बगलामुखी मठ, सिविक सेंटर जबलपुर में 3 जुलाई से 10 जुलाई तक सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आध्यात्मिक कथा महोत्सव में ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद जी महाराज अपने श्रीमुख से कथा का अमृतपान कराएंगे।



### गुरुतत्व को समर्पित होगी कथा

स्वामी चैतन्यानंद जी ने बताया कि यह आयोजन गुरु-शिष्य परंपरा और सर्वजन कल्याण को समर्पित रहेगा। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता की अपेक्षा है।

### बैठक में हुई तैयारियों की समीक्षा

कथा आयोजन को लेकर मठ में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय की गई। बैठक में ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, संजय गुरु, भावना निगम, सतानंद मिश्रा, मनीष पांडे, मोनू परिहार, आशीष चौकसे, गौरव चौबे, अभिषेक उपाध्याय, तुलसी अवस्थी और मनोज सेन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### आयोजन समिति की अपील

आयोजन समिति ने संस्कारधानी के श्रद्धालुजनों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। कथा में संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति भी विशेष आकर्षण होगी।

# जेठानी ने देवरानी पर किया लट्ठ से हमला

**जबलपुर।** मझगवां थाना अतंर्गत ग्राम लमतरा में देवर से विवाद कर रहे ससुर को विवाद करने से मना किया तो जेठानी ने अपनी देवरानी पर लट्ठ से हमला कर घायल कर दिया। मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लमतरा निवासी 39 वर्षीय सुनीता बाई कोल गत रात 8.15 बजे अपने घर पर थी, तभी उसके ससुर वीरन कोल एवं देवर संजय कोल आपस मे विवाद कर रहे थे, उसने ससुर को विवाद करने से मना किया तभी जेठ अजय कोल तथा जेठानी पूजा कोल दोनों आकर उसके साथ विवाद करते हुये गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो जेठ के कहने पर जेठानी पूजा ने उस पर लट्ठ से हमला कर माथे पर चोट पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी जेठ जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351 (2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# शरद यादव की जन्म जयंती मनाई गई

**जबलपुर।** ललित गार्डन जबलपुर में शरद यादव की प्रस्तावित प्रतिमा स्थल पर शरद यादव विचार मंच द्वारा 78वां जन्मदिन मनाया गया। जबलपुर को कई बड़ी बड़ी सौगातें देने वाले शरद यादव जिनके कारण आज जबलपुर महानगरों की श्रेणी खड़ा दिखाई दे रहा है, शरद यादव समाजवादी एवं सामाजिक न्याय की धारा की बड़ी आवाज रहे चाहे देश में एफडीआई का विरोध हो, महिला आरक्षण की 100 प्रतिशत पक्षीघर, मजदूर, किसानों, छात्रों, युवाओं के हक अधिकारों के सड़क से ल लेकर संसद तक गंभीरता से आवाज उठाने वाले शरद यादव राजनैतिक जीवन जबलपुर विश्वविद्यालय से शुरु हुआ था। जन्म जयंती के कार्यक्रम में बैजनाथ कुशवाहा, रामरतन यादव, किशोरी लाल भलावी, घनश्याम यादव, शिव यादव, विवेक अवस्थी, इंद्र कुमार पटेल, राधेश्याम अग्रवाल, नोके लाल प्रज्ञा, राहुल रजक, अशोक यादव, आकाश यादव, डॉ दयाल चन्द यादव, डॉ बाल गोविंद यादव, देवकरण पटेल, प्रदीप पटेल, नर्मदा पटेल, महिपाल, नरेश बारी, सहित बड़ी संख्या में शरद यादव के चाहने वाले कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# ए.पी.एन. विद्यालय में हुआ वृक्षारोपण

जबलपुर।

पौधे हमारे जीवन में प्राण वायु का काम करते हैं जिससे हम स्वछंद गगन में सांस ले सकते हैं। पौधों से जहां हमे आक्सीजन प्राप्त होती है वहीं यह हमारे द्वारा छोडी गई कार्बन डायआक्साइड को भी ग्रहण कर हमें स्वस्थ रखते हैं किंतु आधुनिकता की दौड में मानव पर्यावरण के साथ छेडखानी कर रहा है जिसके दुष्परिणाम हम सभी को भोगना पडते हैं। उक्त आशय के उद्गार ए.पी.एन. विद्यालय के वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने पौधारोपण करते हुये व्यक्त किये।




इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अजय वर्मा, उप प्राचार्या मनु श्रीवास्तव, सिद्दिका उस्मानी, शिंपी सिंह, सहित बडी संख्या में शिक्षकगण एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

# युवती ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** बरेला चौकी गौर अतंर्गत आनंद ढाबा चौकी गौर में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बरेला चौकी गौर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आनंद ढाबा के पास चौकी गौर निवासी 22 वर्षीय भतीजी निशा पटेल ने साड़ी को छत के कुंदे में बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मामला जांच में लिया है।

# जर्जर विद्युत पोल गिरा, बड़ा हादसा टला

## शांतिनगर में रातभर विद्युत आपूर्ति रही ठप्प

जबलपुर।

गोहलपुर थाना अतंर्गत शांति नगर गली नंबर 4 में सोमवार की देर रात एक तेज रफ्तार वाहन विद्युत पोल से टकरा गया। इस हादसे से पूरे इलाके की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। पूरी रात क्षेत्र अंधेरे में डूबे रहा। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय कोई राहगीर मौजूद नहीं था वर्ना जानलेवा हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता था।



घटना के संबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक शांतिनगर गली नंबर 4 में जर्जर अवस्था में लगा विद्युत पोल प्रशासनिक अनदेखी का शिकार रहा। लोगों ने कई मर्तबा विद्युत विभाग से इसकी शिकायत की, लेकिन किसी के कानों में जूं नहीं रेंगी। जर्जर खंभे को वाहन की टक्कर लगी, और खंभा टूटकर नीचे आ गया। सोमवार की देर रात खंभा गिरते ही पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। रात भर लोगों ने उमस भरी गर्मी और मच्छरों के बीच गुजारी। स्थानीय निवासी अरविन्द विश्वकर्मा का कहना है, "हमने कई बार इस खंभे की जर्जर हालत लेकर शिकायतें की थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

बहरहाल सुबह बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त खंभे को हटाया और सुधार कार्य शुरू किया। मंगलवार को दोपहर बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी।



# रेल संरक्षा आयुक्त ने किया निर्माणाधीन आरओबी का निरीक्षण

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मण्डल के अंतर्गत आने वाले नरसिंहपुर स्टेशन के निकट निर्माणधीन आरओबी का मंगलवार को रेल संरक्षा आयुक्त, मध्य वृत्त, मुम्बई मनोज अरोरा द्वारा संरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया गया। इस आरओबी के बनने से स्टेशन के पास बने लेवल क्रॉसिंग गेट न.278 को बंद करके शहर का यातायात रेल ओवर ब्रिज के माध्यम से स्टेशन के दोनों छोरों पर आना-जाना कर सकेगा । निरीक्षण के दौरान रेल सुरक्षा आयुक्त ने इस आरओबी को रेलवे मानकों के अनुसार बनाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान सीआरएस के साथ पमरे मुख्यालय से मुख्य ब्रिज इंजीनियर एल.पी.सिंह, उप मुख्य इंजीनियर ब्रिज लाइन अनिल अग्रवाल एवं मंडल अभियंता (दक्षिण) आलोक कुमार वर्मा, सहायक मंडल इंजीनियर मनोज कुमार एवं अन्य संरक्षा संबंधी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकारी नौकरी पाने की खुशी चेहरों पर झलकी

## एम.पी. ट्रांसको में चयनित अभ्यर्थियों ने कराए दस्तावेजों के भौतिक परीक्षण



**जबलपुर।** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के भौतिक परीक्षण की प्रक्रिया आज से मुख्यालय शक्ति भवन जबलपुर में प्रारंभ हो गई। शासकीय सेवा में नियुक्ति का सपना साकार होने की संतुष्टि और उल्लास चयनित अभ्यर्थियों के चेहरों पर साफ झलक रहा था। पहले दिन कुल 22 अभ्यर्थियों ने आत्मविश्वास और प्रसन्नता के साथ दस्तावेज परीक्षण में भाग लिया। दस्तावेज सत्यापन के लिए अभ्यर्थी नियत समय पर आवश्यक प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित हुए और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए परीक्षण संपन्न कराया। दस्तावेज परीक्षण की यह प्रक्रिया आगामी 3 जुलाई तक प्रतिदिन जारी रहेगी, जिसके अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी।एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि दस्तावेज परीक्षण के पहले दिन कनिष्ठ अभियंता (पारेषण-प्रशिक्षु) एवं सिविल लाइन परिचारक (प्रशिक्षु) पदों के लिए चयनित 22 अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेजों का परीक्षण कराया। उन्होंने आगे बताया कि दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात शीघ्र ही नियुक्ति आदेश जारी कर दिए जाएंगे, ताकि चयनित अभ्यर्थी समय पर विभाग की सेवा में योगदान दे सकें।

# या अली का नारा बुलन्द करते निकलीं टिपारियां

## कचहरी दरगाह में दी हाजिरी

जबलपुर।

पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्ल) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (रजि.) की शहादत के पर्व मुहर्रम की पाँच तारीख रात में नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित इमाम बाड़ों से फूलों से सजी टिपारियाँ निकली। टिपारियों के जूलूस में मोरछल लहराते बाबा साहिबान चल रहे थे। जायरीन जोर शोर से या अली के नारे गुँजा रहे थे। जुलूस पथ पर लोबान की भीनी खुश्बु महक रही थी। ढोल, शहनाई और बैंड बाजों की धुनों पर टिपारियों ने नगर के प्रमुख मार्गों पर गश्त दी। हाई कोर्ट के बाद टिपारियों की हाजिरी का सिलसिला शुरू हुआ। सज्जादानशीन बाबर खाँ बंदानवाजी, खादिम ए आला चंगेज खान अशरफी ने बाबा साहिबान का परंपरानुसार इस्तकबाल किया। जायरीन को लंगर हाजिरी का सिलसिला अर्धरात्रि तक जारी रहा।

### उपनगरीय क्षेत्र

गढ़ा में रात्रि नौ बजे टिपारियों के जुलूस निकलें। मुस्लिम के साथ बड़ी संख्या में हिन्दू धर्मावलंबी भी जुलूस में शामिल हुयें। हाजी सैय्यद मकबूल अली कादरी के इमाम बाड़े की टिपारी का विशाल जुलूस परंपरागत शानो शौकत के साथ निकला।



# ईश्वरदास रोहिणी की जन्म जयंती मनाई गई

**जबलपुर।** 30 जून को स्वर्गीय ईश्वरी दास रोहिणी की 79 वे जन्म दिवस पर अंपायर चौक स्थित दादा की प्रतिमा पर कैंट विधानसभा के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा प्रतिमा स्थल पर माला अर्पण एवं पौधारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक अशोक रोहाणी, मंटो पहलवान, महापौर जगत बहादुर सिंह अनु, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू बी, पार्षद कृष्ण दास चौधरी, सुंदर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष आनंद राव, पवन रजक, नंदलाल चौधरी, संतोष रजक, प्रमोद बेन, लोचन महाजन, आशीष चौधरी, दीपक पवार, पुष्पा तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. JC-375979X RANK EX-SUB NAME- JYOTI PROKASH MANDAL OF UNIT 618, (I) AD BDE SIGNAL COY C/O 99 APO - PIN 916618 R/O H NO. 644, MANDLA ROAD, NEAR JANTA SCHOOL, BILHARI, JABALPUR (MP) 482007 AADHAR CARD NO. 8927 5427 7148 I, have changed name of my SON from DHRUB MONDAL (name as per my Army service records) to DHRUB MANDAL (name as per my SON, AADHAR CARD, BIRTH CERTIFICATE AND EDUCATIONAL DOCUMENTS vide affidavit dated 30/06/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT. (Name and place of Court).

CORRECT NAME
DHRUB MANDAL
INCORRECT NAME
DHRUB MONDAL

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 01/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सोनाली बघेल पति श्री राजपाल सिंह बघेल ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक फ्लैट नं. टी-17 सत्यमेव जयते परिसर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000428474 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा तृतीय तल 960 RCC वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री रोहित श्रीवास्तव पिता विजय कुमार श्रीमति सरिता बघेल पति श्री इन्द्र नारायण बघेल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 01/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मंजरी शर्मा पिता स्व. श्री जमना प्रसाद शर्मा ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक म.नं. 8ए पवित्र अपार्टमेंट सिविल लाइन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000400347 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा द्वितीय तल 750 वर्गफुट शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज स्व. जमना प्रसाद शर्मा पिता स्व. महादेव प्रसाद शर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 01/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति अलका महावर पति श्री अजय कुमार महावर ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 4 माडल टाउन बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000359222 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1930 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राकेश मेहता पिता श्री एस. एस. मेहता का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 01/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सुनीता टोप्पो पति श्री फिल्ड्रयूज कुजुर ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक मिलेनियम बिल्डर्स के भूखण्ड क्र. 23 का भाग सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000360268 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 756 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री नीरज कनौजिया पिता श्री सोहन लाल कनौजिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर मेंप्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 01/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति भारती श्रीवास्तव पति श्री विनायक श्रीवास्तव ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 17 का भाग चैतन्य सिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000375485 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 741.5 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 700 वर्गफुट, प्रथम तल 700 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सुदीप मिश्रा पिता श्री सालिगराम मिश्रा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 01/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति वर्षा मूलचंदानी पति श्री अर्जुनदास मूलचंदानी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. ए -15 स्वयं भूमि के पिन क्रमांक 9000015811 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल / भूखण्ड 1744 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीममि नील कमल पति श्री नीरज कुमार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

श्रद्धांजलि



वरिष्ठ अधिवक्ता
**स्व. श्रीमती इन्दिरा नायर जी**
विधिक सलाहकार (आई.सी.डब्ल्यू.सी.एस. लिमिटेड, जबलपुर)
के निधन पर
भावपूर्ण श्रद्धांजलि एवं शत् शत् नमन
श्रद्धावनत्
इंडियन कॉफी हॉउस चेयरमैन (अध्यक्ष)
डॉ. ओ.के. राजगोपालन
एवं समस्त कॉफी हॉउस परिवार
SHRIRANG